राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-125
लखनऊ, शुक्रवार 22 दिसम्बर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त कर रहा है नया भारत : सीएम योगी 03

हॉकी इंडिया ने कृष्ण पाठक, सुशीला चानू को दी बधाई 12


# अकबरनगर में बवाल पुलिस व लोगों में झड़प, लाठीचार्ज

**अतिक्रमण**

▶ 1100 घरों को खाली कराने पहुंची थी पुलिस, लोगों का हंगामा

समृद्धि न्यूज।







**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज गुरुवार को कुकरैल नदी की जमीन पर अवैध रुप से बनाए गए अकबर नगर 1 और अकबर नगर 2 को ध्वस्त करने एलडीए की टीम भारी पुलिस बल लेकर पहुंची। लोगो ने विरोध किया।

पुलिस और स्थानीय लोगों में झड़प हो गई। लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया जिसके चलते बंधा रोड, फैजाबाद रोड, महानगर रोड पर लंबा जाम लग गया। कॉलोनी वासियों ने हाईकोर्ट में कार्रवाई रोकने को लेकर अपील की। इसी के बाद गुरुवार को हाईकोर्ट ने सुनवाई के चलते कुछ देर के लिए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही रोकी गई।

इलाके में एलडीए की टीम ने तोड़फोड़ की कार्रवाई रोककर सुनवाई होने तक मकान व दुकान खाली कराना शुरु किया। अकबरनगर कुकरैल नदी की जमीन पर बना है। कुछ हिस्सा ग्रीन बेल्ट पर है। उत्तर प्रदेश सरकार ने साबरमती की तर्ज पर लखनऊ में कुकरैल रिवर फ्रंट बनाने का निर्णय लिया है। इसके बाद अकबरनगर पर बुलडोजर चलाने का फैसला लिया गया। लोगों ने इस फैसले का विरोध किया। गुरुवार को लोगो ने फिर एलडीए का विरोध किया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मानें तो मकान अवैध तरीके से कब्जा करके बनाया गया है। दरअसल, कुकरैल रिवरफ्रंट की जद में अकबर नगर की 102 दुकानें और 1200 मकान आ रहे हैं। इसको लेकर एलडीए ने ध्वस्तीकरण कार्रवाई के आदेश दिए थे।

ऐसे में स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। लेकिन उन्हें वहां से भी राहत नहीं मिली। इसके बाद गुरुवार सुबह एलडीए भारी पुलिस बल के साथ अकबर नगर में ध्वस्तीकरण कार्रवाई के पहुंचा। इस दौरान एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी, डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत कौशिक समेत एलडीए के कई विभागीय अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद है। वहीं बुलडोजर कार्रवाई करने से पहले ही स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने किसी तरह मामले को शांत कराया। इसके बाद लोग अपने घरों को खाली करना शुरू किया। फिलहाल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर 22 जनवरी तक रोक लगा दी है।

### ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर 22 जनवरी तक रोक

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अकबरनगर में कुकरैल नाले के किनारे अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान का ध्वस्तीकरण की कार्रवाई मामले में हाई कोर्ट ने बड़ा एक्शन लिया है, इस मामले में हाई कोर्ट ने 22 जनवरी तक रोक लगा दी है। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एलडीए की कार्रवाई पर 4 सप्ताह तक के लिए रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि अकबर नगर के निवासियों को जब तक दूसरी जगह बसा नहीं दिया जाता, तक तक किसी को न हटाया जाए। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश कई याचिकाओं पर लंबी सुनवाई के बाद दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी।

### भाजपा नेता ने महिला डीसीपी की कॉलर पकड़ी

लखनऊ के अकबर नगर में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। पुलिस को लाठीचार्ज तक करनी पड़ी। यहां लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम पुलिस को लेकर अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध कर दिया। 500 पुलिसकर्मियों के सामने बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों की भीड़ आ गई। पुलिस ने हटाने की कोशिश की तो लोग बिगड़ गए। विरोध प्रदर्शन धक्का-मुक्की में बदल गया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष मंगल झा की भी पुलिस से धक्का-मुक्की होने लगी। उन्होंने महिला डीसीपी अपर्णा रजत कौशिक का कॉलर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज कर दिया। इससे अयोध्या रोड पर लंबा जाम लग गया।

# अर्जुन अवार्ड के लिए मोहम्मद शमी का नाम चयनित

**तोहफा**

▶ विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करने का मिला इनाम

समृद्धि न्यूज।



**अमरोहा।** केंद्र सरकार ने अर्जुन अवार्ड के लिए पात्रों की सूची घोषित की है जिसमें गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम भी शामिल है। विश्व कप में उम्दा प्रदर्शन करने पर बीसीसीआई ने उनका नाम केंद्र सरकार को अर्जुन अवार्ड के लिए भेजा था। दोपहर बाद जब इसकी जानकारी गांव के लोगों को हुई तो वह गदगद हो गए।

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करने का इनाम मिल गया है। उन्हें अब अर्जुन अवार्ड मिलेगा। बुधवार को इसकी जानकारी मिलने पर केवल स्वजन ही नहीं, बल्कि गांव में भी खुशी मनाई गई। मिठाई बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। गांव के लोग बोले कि शमी ने गांव का नाम रौशन कर दिया है। वहीं, अमरोहा नगर में भी फैंस ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। बुधवार को केंद्र सरकार ने अर्जुन अवार्ड के लिए पात्रों की सूची घोषित की है, जिसमें गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम भी शामिल है। गांव के फिरोज आलम, सईद अहमद, अरहान अली, मोहम्मद सुहैल, यादराम सिंह व सरदार अहमद ने शमी के पैतृक आवास पर जाकर उनके तहेरे भाई आशकार व परिवार के अन्य लोगों को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। गांव के युवाओं में भी जोश देखने को मिला। हालांकि, मोहम्मद शमी व उनके स्वजन गांव में स्थित फार्म हाउस पर नहीं हैं, लेकिन इस जानकारी के बाद खुशी साझा करने फैन्स फार्म हाउस पर पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप में निवेश बढ़कर 124.7 मिलियन डॉलर हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि डीपीआईआईटी स्टार्ट-अप इंडिया पोर्टल के अनुसार अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 2014 में सिर्फ एक से बढ़कर 2023 में 189 हो गई है। उन्होंने कहा कि 2023 में भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप में निवेश बढ़कर 124.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह बात कही।

### डिजी-यात्रा की सुविधा 13 हवाई अड्डों पर उपलब्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच के दौरान यात्रियों का समय बचाने के लिए सरकार सुरक्षा उपकरण, सुरक्षा जनशक्ति बढ़ाने और उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने को नागरिक उड्डयन मंत्रालय प्रयासरत है। हवाई अड्डों पर यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए डिजी-यात्रा की सुविधा दी गई है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने गुरुवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने कहा कि इस तरह से चेहरे की पहचान कर बायोमेट्रिक-आधारित डिजी-यात्रा 13 हवाई अड्डों पर भी लागू की गई है। इसे अन्य हवाई अड्डों को चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा।

### झारखंड के हजारीबाग में दम घुटने से बिहार के चार लोगों की मौत

**हजारीबाग (झारखंड), एजेंसी।** राज्य के हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलीगंज में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं।
बताया जाता है कि बुधवार रात एक ही परिवार के कई लोग ठंड से बचने के लिए कमरे में कोयला जलाकर सोए हुए थे। कमरे का दरवाजा बंद था, जिस वजह चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, प्रिंस कुमार और अरमान अली हैं।

### बदमाशों ने महिला कांस्टेबल को मारी गोली

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र में मनचले द्वारा एक महिला कांस्टेबल को गोली मारने का मामला सामने आया है। इस घटना में महिला कांस्टेबल के हाथ में गोली लगी है, जिन्हें पीएमसीएच में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपी गंगा पथ की है।

# सीआईएसएफ करेगी संसद की सुरक्षा

**निर्णय**

▶ संसद में सुरक्षा चूक के बाद बड़ा बदलाव

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** संसद में सुरक्षा चूक होने के बाद अब संसद की व्यापक सुरक्षा को केंद्रीय बल सीआईएसएफ संभालेगा। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने हाल ही में सुरक्षा घेरे के उल्लंघन के मद्देनजर संसद भवन परिसर की व्यापक सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने का फैसला किया है।

सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है जो वर्तमान में परमाणु और एयरोस्पेस डोमेन, नागरिक हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो में प्रतिष्ठानों के अलावा दिल्ली में कई केंद्रीय सरकारी मंत्रालय भवनों की सुरक्षा करता है।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को संसद भवन परिसर के सर्वेक्षण का निर्देश दिया ताकि व्यापक पैटर्न पर सीआईएसएफ सुरक्षा और फायर विंग की नियमित तैनात की जा सके।

केंद्र सरकार के मंत्रालयों की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ की सरकारी भवन सुरक्षा (जीबीएस) इकाई से लिए गए विशेषज्ञ, और वर्तमान संसद सुरक्षा टीम के अधिकारियों के साथ बल के अग्निशमन और प्रतिक्रिया अधिकारी इस सप्ताह के अंत में सर्वेक्षण शुरू करेंगे। सूत्रों ने बताया कि नए और पुराने दोनों संसद परिसर और उनकी संबद्ध इमारतों को सीआईएसएफ के व्यापक सुरक्षा घेरे में लाया जाएगा, जिसमें संसद सुरक्षा सेवा (पीएसएस), दिल्ली पुलिस और संसद ड्यूटी समूह (पीडीजी) के मौजूदा तत्व भी होंगे।

### संसद सेंध मामले में उरई से युवक गिरफ्तार

संसद की दर्शक दीर्घा से सदन में कूदने और स्मोक बम फोड़ने के बहुचर्चित मामले में दिल्ली पुलिस ने बुधवार की आधी रात को उरई से एक वामपंथी विचारक को हिरासत में लिया है। दिल्ली पुलिस ने उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर के रहने वाले अतुल कुलश्रेष्ठ से पूछताछ के लिए फिर से हिरासत लिया है। पुलिस का दावा है कि पुलिस को सोशल मीडिया पर कुछ चैट मिले है, जिसके बाद पुलिस ने अतुल को हिरासत में लिया है। हालांकि, अतुल की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। लेकिन छात्र जीवन से ही शहीदे आजम भगत सिंह की विचारधारा से उनका लगाव जुनूनी स्तर पर रहा है।

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक स्थगित

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में गुरुवार को दो विधेयक पारित किए गए । इन्हें मिलाकर इस सत्र में आपराधिक न्याय व्यवस्था से जुड़े तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा के इस सत्र की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 4 दिसंबर को प्रारंभ हुए 17वीं लोकसभा के 14वें सत्र में 14 बैठकें हुई और 61.50 घंटे काम हुआ। सत्र की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। कुल 12 विधेयक पेश किए गए और 18 विधेयक पारित किए गए। प्रमुख विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023; भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023; भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023; दूरसंचार विधेयक, 2023; वस्तु एवं सेवाकर (संशोधन), 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 है। लोकसभा के इस सत्र में 55 तारांकित प्रश्न पूछे गए। 377 के तहत 265 मामले उठाए गए और शून्यकाल में 182 विषय उठाए गए। स्थाई समित के 35 प्रतिवेदन रखे गए। 33 वक्तव्य दिए गए। इस दौरान 18 दिसंबर को श्रीलंका का संसदीय प्रतिनिधिमंडल दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहा।

**निर्णय**

▶ आपराधिक न्याय व्यवस्था से जुड़े तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयक पारित

# रोड पर एक्सीडेंट कर भाग जाने वालों को होगी 10 साल की सजा

एजेंसी।




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाने वालों की बड़ी खबर है। मोदी सरकार ने रोड एक्सीडेंट कर भाग जाने वाले लोगों के लिए एक सख्त कानून बनाया है जिससे अब आप रोड एक्सीडेंट करके भाग नहीं सकते और अगर कोई ऐसा करता है तो 10 साल की सजा होगी। कानून के मुताबिक, रोड पर एक्सीडेंट करके भागने पर 10 साल की सजा होगी। रोड एक्सीडेंट जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर सरकार ने नया कानून बनाया है जिसके तहत अगर कोई शख्स रोड पर एक्सीडेंट कर भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी।

वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। इसकी जानकारी गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में दी है।

**सख्ती**

▶ घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाने है पर सजा होगी कम

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन को राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने अभिनेत्री की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 29 जनवरी, 2024 को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में इस मामले में ईडी द्वारा दायर दूसरे पूरक आरोप पत्र और यहां एक निचली अदालत के समक्ष लंबित संबंधित कार्यवाही को रद्द करने का भी अनुरोध किया गया है।

# मोदी पर राहुल गांधी का बयान ठीक नहीं

## अदालत ने चुनाव आयोग को कार्रवाई करने का दिया निर्देश

एजेंसी।

**निर्देश**

▶ पीएम को जेबकतरा बोलने पर बढ़ीं राहुल गांधी की मुश्किलें हाई कोर्ट ने दिया 8 दिन का समय



**नई दिल्ली।** हाई कोर्ट ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई कथित जेबकतरे वाली टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जारी किये गये नोटिस पर आठ सप्ताह के भीतर निर्णय ले। कांग्रेस नेता ने पिछले महीने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए 'जेबकतरे और अन्य टिप्पणियां की थी।

अदालत उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें गांधी के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ राजनीतिक नेताओं द्वारा इस तरह के कदाचार को रोकने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हालांकि कथित बयान उचित नहीं हैं और निर्वाचन आयोग (ईसी) मामले की जांच कर रहा है और यहां तक कि गांधी को नोटिस भी जारी किया गया है। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने आदेश दिया कि यह मानते हुए कि जवाब दाखिल करने की समय सीमा समाप्त हो गई है और कोई जवाब नहीं मिला है, अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह इस मामले पर यथासंभव शीघ्रता से आठ सप्ताह के भीतर निर्णय ले।

### कांग्रेस नेताओं को भेजा गया प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी को आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट ने कांग्रेस नेताओं को व्यक्तिगत तौर पर निमंत्रण भेजा है। पूर्व प्रधानमंत्रियों मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा को भी आमंत्रित किया गया है। निमंत्रण भेजने की प्रक्रिया जारी है और आने वाले दिनों में और भी विपक्षी नेताओं को निमंत्रण मिलेगा। 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन समारोह में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर चौधरी को आमंत्रित किया गया है।

**जम्मू-कश्मीर में सेना की गाड़ियों पर आतंकी हमला**

# आतंकियों के हमले में तीन जवान शहीद, तीन घायल

जम्मू एजेंसी।



जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में 3 जवानों की मौत हो गई है। दोनों वाहन जवानों को बुफलियाज के पास के इलाके से ले जा रहे थे, जहां बुधवार रात से आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। कल रात से सामान्य क्षेत्र डीकेजी (डेरा की गली), थानामंडी, राजौरी में एक ऑपरेशन चलाया जा रहा था। दोपहर करीब 3.45 बजे राजौरी-थानामंडी-सूरनकोट रोड पर सावनी इलाके में वाहनों पर हमला किया गया।

आतंकवादियों ने एक ट्रक और एक जिप्सी सहित पुलिस वाहनों पर गोलीबारी की। वाहन जवानों को बुफलियाज के पास के इलाके से ले जा रहे थे, जहां बुधवार रात से आतंकवादियों के खिलाफ घेराबंदी और तलाशी अभियान चल रहा है। अतिरिक्त बलों को घटनास्थल पर भेजा गया है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर, कल रात एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। गुरुवार शाम संपर्क स्थापित किया गया और मुठभेड़ जारी है। आगे की जानकारी का पता लगाया जा रहा है।

यह घटना बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक सशस्त्र पुलिस इकाई के परिसर के अंदर हुए विस्फोट के बाद आई है। अधिकारियों ने कहा था कि सुरनकोट इलाके में 19 और 20 दिसंबर की दरमियानी रात को हुए विस्फोट के कारण परिसर के पास खड़े कुछ वाहनों की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

### भाजपा ने किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष किया नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने छत्तीसगढ़ का नया प्रदेश अध्यक्ष पहली बार के विधायक किरण सिंह देव को नियुक्त किया है। वे अरुण साव की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। किरण सिंह देव जगदलपुर से पहली बार विधायक चुने गए हैं। भाजपा की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विधायक किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। किरण सिंह देव जगदलपुर नगर निगम के महापौर रह चुके हैं। भाजपा युवा मोर्चा अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले किरण सिंह देव बस्तर जिला के अध्यक्ष रह चुके हैं।

**मनोनयन** | बृजभूषण शरण सिंह के हाथों में अप्रत्यक्ष रूप आया से महासंघ का नियंत्रण

# संजय सिंह बने डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष

एजेंसी।



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नए अध्यक्ष संजय सिंह बने। कई बार लंबित हुए चुनावों में उनके पैनल ने अधिकांश पद पर आसान जीत दर्ज की जिससे निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के हाथों में अप्रत्यक्ष रूप से महासंघ का नियंत्रण आ गया।

उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय को 40 जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी अनिता श्योराण को सात मत मिले। संजय सिंह 2008 में वाराणसी कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष बने थे। 2009 में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ बना तो बृजभूषण शरण सिंह प्रदेश अध्यक्ष और संजय सिंह उपाध्यक्ष बने थे। चुनाव जीतने के बाद संजय सिंह ने कहा कि अब राष्ट्रीय शिविर (कुश्ती के लिए) आयोजित किए जाएंगे. जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं वे राजनीति कर सकते हैं, जो कुश्ती करना चाहते हैं वे कुश्ती करेंगे। बृजभूषण सिंह के दामाद विशाल सिंह ने कहा कि हमारे पूरे पैनल ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा, हमारे सभी पैनल की जीत हुई है। सभी अच्छे बहुमत से जीते हैं। गिनती चल रही है तो अधिकारिक नंबर जल्द ही आ जाएंगे। पिछले कुछ दिनों में कुश्ती को नुकसान हुआ। हमारे खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन कर सकते थे, लेकिन जो भी पिछले कुछ दिनों में हुआ उसका नुकसान हुआ है।

### साक्षी मलिक ने कुश्ती से लिया संन्यास

रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने प्रेस को एक भावनात्मक संबोधन में बृज भूषण शरण सिंह के वफादार संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष चुने जाने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह कुश्ती छोड़ने जा रही हैं। साक्षी मलिक ने राजधानी में प्रेस से बात करते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह के परिवार और करीबी सहयोगियों को अनुमति न देने के खेल मंत्रालय ने पहलवानों से किए वादे पूरे नहीं किए।

# मोदी की गारंटी तीसरी बार बनाएगी पीएमः मौर्य

## यदि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न होते तो आयोध्या में राममंदिर का निर्माण न होता



**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सरकार ने हर वर्ग का विकास करने का काम किया है।और किया जा रहा है। गरीबों की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से मोदी की गारंटी योजना ही मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री जनता पुनः बनाएगी।

यह बात प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिद्धौर ब्लाक की ग्राम पंचायत बंम्भौरा लोदी में गुरुवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहा। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, की सरकार में बिना किसी भेद भाव के सबका साथ सबका विकास के तहत विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के लोगों का विकास करने का काम किया जा रहा है। पिछले तीन सालों से जनता को निशुल्क राशन दिया जा रहा है। तथा आगामी पांच सालो तक निशुल्क राशन देने की मोदी की गारंटी दी जा रही है। समूह के माध्यम से महिलाओं को लखपति बनाया जायेगा। श्री मौर्य ने आगे कहा कि यदि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न होते तो आयोध्या में राममंदिर का निर्माण न होता। इसके अलावा श्री मौर्य ने सरकार की अन्य जनकल्याण कारी योजना आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास,शौचालय, उज्जवला योजना, शौभाग्य योजना, किसान सम्मान निधि, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, देने का काम मोदी सरकार ने किया। तथा, 52 करोड़ लोगों के बैंक में जनधन खाते खुलवाए गए, तथा तीस लाख करोड़ रुपये खाते में भेजा गया। चाहे सम्मान निधी, पेंशन, आवास, शौचालय, आदि का पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजे जाने का काम किया गया। दलालों की दाल न गले। और सीधे योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिले। यह मोदी की गारंटी है। श्री मौर्य ने कहा कि 75 वर्षो मे सभी गांवों में बिजली नही पहुंची थी। लेकिन शौभाग्य योजना के तहत हर गाँव के घरों में बिजली पहुंचाई, सपा बसपा सरकार में लोगों को आठ घंटे बिजली मिलती थी। और जले विद्युत ट्रांसफार्मर महीने नही बदले जाते थे। लेकिन मोदी सरकार में जला ट्रांसफार्मर, 24घंटे में निशुल्क बदला जाता है। और बिजली जाने का नाम नही लेती। उन्होंने कहा कि किसानों को ट्यूबवेल का जो बिल पड़ता था। अब नही पड़ेगा यह मोदी की गारंटी है। श्री मौर्य ने कहा कि गरीबो के लिए विश्वकर्मा योजना बनाई गयी। जिसके तहत ट्रेनिंग व पैसा देकर बे रोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। तथा प्राथमिक व पूर्व मा ध्यमिक विद्यालयों का कायाकल्प कल्प कर निशुल्क भोजन, पुस्तक, और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल रही है। श्री मौर्य ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही। जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटाई गयी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी। जो अब कभी भी नही हटाई जा सकेगी। पिछली सरकारों में लगातार आतंकी हमले हुआ करते थे। लेकिन मोदी की सरकार में पुल्वांमा में हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राईक कर मोदी सरकार ने आतंकियों की कमर तोड दी। उन्होंने ने कहा कि चंद्र यान श्री चंद्र माँ पर पहुंचाने का काम किया।

# पिछड़ा वर्ग के छात्रवृत्ति के आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण आदि के लिए निर्गत समय सारिणी के अनुसार छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 जनवरी, 2024 तक निर्धारित है। वर्तमान में स्कॉलरशिप पोर्टल छात्रों के ऑनलाइन आवेदन हेतु खुला है। सभी पात्र छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। दिनांक 16 जनवरी, 2024 तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरे गये आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में जमा किया जाना है। शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटा भरने की अन्तिम तिथि 01 जनवरी, 2024 एवं संस्थाओं द्वारा भरे गये मास्टर डाटा को विश्वविद्यालय/एफ़िलिएटिंग एजेंसी/ जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि के सत्यापन की अंतिम तिथि 10 जनवरी, 2024 तक निर्धारित की गयी है। उक्त योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश/समय सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित हैं। छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ओबीसी के समस्त पात्र छात्र/ छात्राओं को छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि उपलब्ध बजट की सीमा तक आधार पेमेन्ट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र के आधार सीडेड बचत बैंक खाते में सीधे अन्तरित की जायेगी।

# नेपाल के पहलवान लकी थापा ने मारी बाजी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत सुबेहा के पलिया वार्ड में आगामी एक पखवाड़े तक चलने वाले पशु मेले एवं नुमाइश मे तीन दिवसीय दंगल प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी पहलवानों ने दांव पेंच आजमाए। तीसरे दिन दंगल प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला पहलवानों के बीच हुए एक दर्जन से ज्यादा मुकाबले में जहां कुछ मुकाबला बराबरी पर छुटे वही आए नामी गिरामी पहलवानों के बीच कड़ा मुकाबला देखा गया।

आज तीसरे दिन दंगल में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी सभासद सूरज दीक्षित मो इशहाक द्वारा संयुक्त रूप से पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया गया।



पहला मुकाबला मेरठ के मोहित और हरियाणा के सोनू पहलवान के बीच हुआ जो बराबरी पर छूटा। नेपाल राज्य के पहलवान लकी थापा और हरियाणा राज्य से सोनू पहलवान के बीच हुआ जिसमें काफी संघर्ष के बाद नेपाल के लक्की थापा ने आखिरकार जीत हासिल कर ली। वहीं महिला पहलवानों में लखनऊ से आई नम्रता और गाजीपुर की प्रीति के बीच हुए मुकाबले में नम्रता ने वही गोरखपुर से आई पायल और लखनऊ से आई ईशा के बीच हुए मुकाबले में लखनऊ की ईशा ने जीत दर्ज की। अगला मुकाबला कानपुर से आए रवि और हरियाणा से आए सत्येंद्र पहलवान के बीच हुआ जिसमें रवि ने जीत दर्ज की। दिल्ली से आए मोंटी पहलवान और सहारनपुर से आए वक्कार चौधरी के बीच हुए मुकाबले में वक्कार ने जीत हासिल की।

# कान्हा गौशाला का चेयरमैन ने किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी।** नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष रामशरण पाठक ने वृषपतिवार को कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण कर जिम्मेदार कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने ठण्ड के मौसम में मवेशियों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की हीला हवाला बर्दास्त न करने की चेतावनी दी। गौशाला मे मौजूद कर्मचारियों को साफ सफाई व्यवस्था बेहतर बनाये रखने के साथ साथ चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। चेयरमैन पाठक ने पशुओं को जाड़े से बचाने के लिए पूरे परिसर को चारों तरफ तिरपाल से कवर करने तथा अलाव जलाने के निर्देश दिए।नगर पंचायत अध्यक्ष ने भूसा के साथ हरे चारे का इंतजाम रखने इसके अलावा पशु चिकित्सक को बुलाकर निरंतर जांच कराने को कहा।

# ठेकेदार बाल मजदूरों से करा रहे काम, जल जीवन मिशन के तहत गांव में बिछ रही पाइपलाइन

▸ मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज के गौरवा उस्मानपुर गांव का

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

हर घर नल हर घर जल एवं जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में बिछाई जा रही पाइप लाइन में ठेकेदारों के द्वारा छोटे-छोटे नाबालिग बच्चों से काम लिया जा रहा है वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को बाल मजदूर दिखाई नहीं दे रहे।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में विकास खंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत गौरवा उस्मानपुर में पिछले कई माह से पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। पंचायत के त्रिलोकपुर गांव में मैं ही पिछले दो माह से रुक रुक कर पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई की जा रही हैं। बुधवार से पुणे शुरू हुई खुदाई कार्य में एक दर्जन से अधिक नाबालिग बच्चों से बाल मजदूरी करवाई जा रही थी । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे संवाददाता ने जब अपने मोबाइल फोन में मजदूरी कर रहे नाबालिग बच्चों का फोटो खींचना शुरू किया तो मौके पर मौजूद ठेकेदार के मुंशी द्वारा सभी बच्चों को भगा दिया गया। खुदाई के इस कार्य में बाल मजदूरों के अलावा एक भी वयस्क मजदूर काम करता हुआ नहीं दिखाई पड़ा । बाल मजदूरी में इन मजदूरों में ग्राम पंचायत के प्रधान के निजी वाहन चालक गुड्डू के नाबालिक पुत्र राज के अलावा इसी गांव के निवासी आरिफ पुत्र मोहम्मद हसन शिवा रावत नीरज कश्यप इसी गांव के निवासी दीपक के नाबालिक बच्चों के अलावा एक दर्जन से अधिक नाबालिक बच्चे मजदूरी कर रहे हैं। दोपहर लगभग 1 बजकर 30 मिनट पर जब यह संवाददाता त्रिलोकपुर गांव में आरोपी की तहकीकात करने पहुंचा तो अर्जुन शुक्ला के मकान से संत शरण कश्यप के घर तक एक दर्जन से अधिक मजदूर काम कर रहे थे अपने को ठेकेदार का असिस्टेंट बताने वाला विप्र मिश्रा पत्रकारों के आने की भनक लगते ही बाल मजदूरों को आनन फानन में मौके से हटा दिया। जब इस संबंध में जल निगम के अधिशासी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि बाल मजदूरों से काम कराया जा रहा है तो यह बहुत ही गलत कार्य है।

# डिप्टी सीएम का रोजगार सेवकों ने किया स्वागत



**मसौली बाराबंकी।**

विकास खण्ड सिद्धौर की ग्राम पंचायत बघौरा लोधी मे गुरुवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा मे शामिल होने के लिए जा रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सफदरगंज चौराहे पर ग्राम रोजगार सेवकों ने स्वागत किया। बताते चले कि केंद्र एव प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए गांव गांव पहुंचायी जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को सिद्धौर ब्लाक की ग्राम पंचायत बघौरा लोधी मे आयोजित कार्यक्रम मे सम्मलित होने के लिए जा रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, ब्लाक अध्यक्ष विनोद कुमार राव की अगुवाई मे भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम रोजगार सेवकों को आश्वासित किया कि रोजगार सेवकों की समस्याओ को प्राथमिकता से निस्तारण किया जायेगा।

इस मौक़े पर जिला महामंत्री दिलीप यादव, सुबराज सिंह, रमाकांत वर्मा, सुधा, घनश्याम, राजेश, मिथलेश, कमीशनर, लालजी, विशाल सहित अन्य ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### धड़ल्ले से चल रहा जनपद में अवैध बालू का खनन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जनपद में आजकल सफेद अवैध बालू खनन जोरो पर चल रहा है। धड़ल्ले से निकाली जा रही ओवर लोड भर भर कर ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली। थाना शारदानगर में चल रहे सफेद बालू खनन थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में चल रहा सफेद बालू खनन इन दोनो जगहों पर मानक विहीन चल रहा बालू खनन एक व्यक्ति ने नाम का खुलासा न करने की शर्त पर बताया कि सफेद बालू खनन का पट्टा कही और का है और बालू कही और से निकली जा रही गुलाबी रंग की चमक इतनी ज्यादा है कि सही जगह का आंकलन सम्बन्धित थाने से लेकर जिले लेवल के अधिकारियो को नजर ही नहीं आ रही। जान लेवा ओवर लोड डंफर से लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों से हो चुके है कही हादसे लेकिन फिर भी नही जाग रहा जिला प्रशासन।

### प्रशासन ने हटाई होर्डिंग्स

**सिद्धौर बाराबंकी।** जिला अधिकारी के आदेश पर नगर पंचायत सिद्धौर में लगी होल्डिंग नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अभियान चला कर पूरे नगर से हटाई गई। नगर पंचायत सिद्धौर के दीन पनाह तिराहा से मील चौराहे तक नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी वरिष्ठ लिपिक शिरीष मिश्रा द्वारा पूरे नगर में लगी होल्डिंग हटाई गई। इस मौके पर सफाई नायक रामसागर समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत किया जागरूक

**जैदपुर,बाराबंकी।** दवा व्यापारियों ने नारकोटिक्स औषाधियों के प्रति जागरूकता को लेकर गुरुवार को जैदपुर में बैठक करने के साथ साथ एक युध्द नशे के विरूध आम जनमानस व युवाओं को जागरूक करने के उदेश्य से रैली भी निकाली गयी। जो औषधि निरीक्षक सीमा सिंह व पदाधिकारियों की मौजूदगी में निकाली गयी। जानकारी के अनुसार गुरूवार को केमिस्ट ड्रागिस्ट के नगर अध्यक्ष दिवेश कुमार जायसवाल व पदाधिकारियों के नेतृत्व में रैली नगर पंचायत परीसर से थाना चौरहा व अंय मार्ग से होते हुये बाजार में समाप्त किया गया। इस मौके पर निरीक्षक सीमा सिंह ने शेड्यूल एच वन एनआरएक्स औषधि भंडारण व वितरण की भी जानकारी दी। आगे उन्होनें मेडिकल स्टोर पर पत्र चस्पा करने के भी निर्देश दिये। जिसमें लिखा हो नारकोटिक्स औषधि का अनधिकृत व्यक्तियों का विक्रय दंडनीय अपराध है।

### योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया जागरूक

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी।** सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत बदोसराय, हजरतपुर, करोरा, सहरी में पंहुची। जहां पर यात्रा का ग्रामीणों ने मुख्य अतिथियों के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। बदोसराय में पूर्व विधान परिषद सदस्य हरगोविंद सिंह ने लाभार्थियों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, आवास,एंव विधवा, दिब्यांग, बृद्घावस्था पेंशन के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके बाद उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई,कराकर नवजात शिशुओं को अन्न प्रासन्न कराया।

# नगर पंचायत बरवर में मानक विहीन कार्य होने का आरोप



**जेई बीके पाल से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि इस निर्माण कार्य में उनकी ज्यादा भूमिका नहीं है फिलहाल पिलर नक्शे में नहीं है।**

**सीएचसी पसगवां प्रभारी अश्वनी वर्मा से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि बिल्डिंग निर्माण में पिलर का प्रयोग और मानक के अनुसार कार्य होना चाहिए?**

**पसगवां-खीरी समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवर में बन रहे 6 बेडो के हाल में मानक विहीन कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया है कि बिल्डिंग के निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग की जा रही है जिसमे पीला ईट और मसाला भी मानक के अनुसार नहीं लगाया जा रहा है। मौजूद ग्रामीणों ने बताया है कि कोई भी सरकारी बिल्डिंग का निर्माण होता है तो मानक के अनुसार कार्य होता है लेकिन यहां पर ठेकेदार द्वारा लापरवाही की जा रही है न तो मानक के अनुसार ईट प्रयोग की गई है और न ही पिलर देकर बिल्डिंग को बनाया जा रहा है। जिससे यह बिल्डिंग दो चार सालों में ही जर्जर हो जाएगी।

# घर में घुसा बाघ, पांच मिनट रुकने के बाद खेतों की ओर गया

**बांकेगंज-खीरी समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बांकेगंज इलाके में इन दिनों बाघ के आतंक से ग्रामीण व किसान भयभीत हैं। गोला पश्चिमी बीट के जंगल से लगभग 600 मीटर की दूरी पर रात में मित्राबिंदा फॉर्म के एक घर में बीती रात बाघ घुस गया। गनीमत यह रही कि बाघ ने किसी पर हमला नहीं बोला तथा पांच मिनट बाद खुद ही चला गया। इससे परिवार काफी भयभीत है। वहीं, आसपास के किसानों व ग्रामीणों में भी बाघ के आने की आहट से हड़कंप मचा हुआ है। मित्राबिंदा फार्म सहित ब्लॉक बांकेगंज के कई ऐसे गांव हैं जो जंगल से सटे हैं। उनमें बाघ की



आवाजें आती रहती है। तथा खेतों में चहलकदमी भी रहती है। मित्राविंदा फॉर्म में रहने वाले वीरेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि बाघ पिछले कई दिनों से हमारे फार्म के इधर-उधर कई बार देखा गया था। बुधवार देर रात को लगभग 9:30 बजे अचानक बाघ हमारे घर के अंदर आ गया आंगन में बाघ खड़ा था।

बाघ को देखकर हम लोग काफी डर गए। फिर लगभग पांच मिनट तक बाघ वहीं खड़ा रहा और फिर बगैर किसी को नुकसान पहुंचाए वापस खेतों की तरफ चला गया। इतना ही नहीं हम लोगों में हर समय यह आहट रहती है कि कहीं बाघ ना आ जाए। और घर के बच्चे बहुत डरे हुए हैं। बता दें इन दिनों ब्लॉक बांकेगंज छेत्र में बाघ की चहलकदमी से लोग भयभीत हैं। मित्राबिंदा फार्म के कई खेतों में बाघ की चहलकदमी होती रहती है। इस वजह से मित्राबिंदा फार्म में खेती करने वाले किसान रात-रात भर जागकर काटते रहते हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 398 मरीजों को मिला फायदा

## समाज, परिवार, रिश्तेदारों में मानसिक रोगियों को पहचानने और उनके उपचार में मदद के बारे में बताया गया

**लखीमपुर-खीरी समृद्धि न्यूज।**

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलिया में विशाल मानसिक स्वास्थ्य जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 398 मरीजों का पंजीकरण किया गया।

शिविर का आयोजन चिकित्सा अधीक्षक पलिया डॉ भरत के सहयोग से संपन्न हुआ गया। मनोचिकित्सक जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ अखिलेश शुक्ला ने बताया कि शिविर मे 398 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिसमे 76 मानसिक मरीजों की पहचान करते हुए इलाज किया गया। शिविर का आयोजन



सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर किया जा रहा है, जिससे गांव-गांव तक सरकार की मंशा के अनुरूप मानसिक रोगियों तक पहुंच कर उनका सही इलाज किया जा सके। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ द्वारा 04 मानसिक रूप से विकलांग मरीजों का प्रमाण पत्र जारी किया गया। साईक्रेटिक नर्स विवेक मित्तल द्वारा सभी मरीजों को दवाइयां प्रदान की गई। साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को मानसिक रोग के लक्षण, कारण, निवारण एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा समाज, परिवार, रिश्तेदारों में मानसिक रोगियों को पहचानने और उनके उपचार में मदद के बारे में बताया गया। विशेषकर डिप्रेशन, एंग्जायटी, स्किजोफेनिया, ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर, एवं सुसाइड के लक्षण विस्तार से बताते हुए उनके उपचार की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। आईईसी सामग्री को वितरित कर मानसिक रोग से सम्बंधित समस्या के समाधान हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित टेली मानस सम्पर्क सूत्र 14416 पर सम्पर्क कर मिलने वाले सहायता के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया।

शिविर मे डॉक्टर अजीत द्वारा एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा ओपीड़ी कार्य किया गया साथ ही ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जाँच भी की गई। अंकित दीक्षित द्वारा शिविर आयोजन मे विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# गंदगी की शिकायत पर निरीक्षण कर साफ-सफाई के दिए निर्देश

**गोला गोकर्णनाथ खीरी समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छता जन जागृति कार्यक्रम के उपरांत समाज सेविका अंशिका सक्सेना के द्वारा वार्ड में गंदगी के बारे में बताने के बाद वार्ड 5 मुन्नूगंज में पहुंचे पालिका अध्यक्ष ने वार्ड का निरीक्षण किया व वार्ड को और अच्छी तरह से स्वच्छ बनाए रखने का आश्वासन दिया। वार्डवासियों से पालिका अध्यक्ष रूबरू होकर समस्याओं के बारे मे चर्चा की व एस आई को तत्काल साफ सफाई के दिशा निर्देश दिए। चैयरमेन विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि स्वच्छता वातावरण की संपूर्ण सफलता के लिए व्यापक जन भागीदारी



आवश्यक है। इसके लिए स्वच्छता भारत मिशन को घर-घर पहुंचना ही हमारा लक्ष्य है।

अध्यक्ष के निर्देशानुसार शुक्रवार को पहुंचे सफाई कर्मियों ने जमीनी स्तर से सफाई करनी शुरू की। पालिका अध्यक्ष के वार्ड में निरीक्षण के उपरांत वार्डवासियों के चेहरे पर मुस्कान आई।

# पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**लखीमपुर-खीरी समृद्धि न्यूज।**

पीरामल फाइनेंस ग्रुप एवं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जनपद लखीमपुर खीरी में साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा जिसमे जिले के प्रत्येक सर्किल के अन्तर्गत आने वाले थानों एवं स्कूल चौराहे एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर जागरूकता और साइबर फ्रॉड से बचने हेतु विभिन्न उपायों के बारे में जनता को बताया गया।

अभियान का शुभारंभ दिनांक 19 दिसंबर को लखीमपुर खीरी जनपद में नवनिर्मित साइबर थाने से किया गया था। इसी क्रम में थाना गोला क्षेत्र में सदर चौराहा, सरस्वती शिक्षा




निकेतन इन्टर कालेज, बजाज सुगर मिल गोला तथा अलीगंज में नुक्कड़ नाटक के जरिए स्थानीय जनता को एटीएम से होने वाले फ्राड, क्यूआर कोड से होने फ्राड, यूपीआई से होने होने वाले फ्राड, बैक के अन्य संस्थाने के नाम से आने वाले फर्जी काल से होने वाले फ्राड, वीडियो कालिंग व चैटिग के द्वारा होने वाले फ्राड व अन्य साइबर फ्राड के सम्बन्ध मे व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

सफलता | सीबीएसई बोर्ड की इंटर परीक्षा 2023

# केंद्रीय बोर्ड की परीक्षा में हैदरगढ़ के यशवंत ने रचा इतिहास

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सीनियर योग्यता अथवा सीबीएसई बोर्ड की इंटर परीक्षा 2023 में हैदरगढ़ के लाल यशवंत प्रताप सिंह ने 1.5त्न शीर्ष विद्यार्थी में स्थान पाकर इतिहास रच दिया। इस दौरान उपरोक्त सफलता हासिल करने पर यशवंत का हैदरगढ़ में भव्य स्वागत किया गया। यशवंत प्रताप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। हैदरगढ़ की बेटी हिमांशी तिवारी ने अभी शिक्षा उड़ान के बलबूते जापान की यात्रा करके जहां



क्षेत्र व बाराबंकी जनपद का मान बढ़ाया था। वही हैदरगढ़ के लाल यशवंत प्रताप सिंह ने भी शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर दिया। हैदरगढ़ के ग्राम गोतौना के निवासी हरि बहादुर सिंह बब्बू के पुत्र यशवंत प्रताप सिंह ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सीनियर स्कूल की परीक्षा 2023 में 1.5 प्रतिशत शीर्ष विद्यार्थियों के बीच स्थान पाकर इतिहास रच दिया। केंद्रीय विद्यालय बीएचईएल जगदीशपुर के छात्र यशवंत ने इंटर की सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में जो उपलब्धि हासिल की है। उसे जान व सुनकर क्षेत्र के तमाम लोग खुशी से झूम उठे। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय बीएचईएल जगदीशपुर के प्रिंसिपल अंबरीश कुमार गुप्ता ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पांडे के द्वारा जारी प्रमाण पत्र से यशवंत को सम्मानित किया। जबकि उत्साह वर्धन स्वरूप 10000 रुपए की इनाम राशि भी प्रतिभावान छात्र यशवंत को प्रदान की गई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में शीर्ष 1.5 प्रतिशत विद्यार्थियों के बीच अव्वल स्थान लाने वाले यशवंत प्रताप सिंह का आज हैदरगढ़ नगर में भव्य स्वागत किया गया। प्रतिभावान छात्र को सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने माल्यापर्ण कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। जबकि अन्य तमाम नागरिकों ने भी यशवंत को बधाई दी। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजू भैया ने कहा कि यह हैदरगढ़ के लिए गौरव की बात है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 2023 की इंटर की परीक्षा में यशवंत प्रताप सिंह ने अव्वल स्थान लाकर हैदरगढ़ क्षेत्र का मान बढ़ाया है। जो कि अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यशवंत प्रताप सिंह की इस सफलता से अन्य तमाम छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

# वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त कर रहा है नया भारत : सीएम योगी

## आज के भारत के पास राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी के साथ ही वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ / संतकबीर नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों में पूरे देश ने एक नए भारत का दर्शन किया है। नया भारत वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त कर रहा है। आज के भारत के पास राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी होने के साथ ही वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर है। साथ ही पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ गरीब कल्याण की योजनाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने के साथ एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी को जोड़ने का एक अभियान है।

सीएम योगी गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 15 नवंबर से पूरे देश में एक साथ प्रारम्भ हुई थी। वहीं उत्तर प्रदेश में इस यात्रा की शुरुआत लखीमपुर खीरी और सोनभद्र जनपद से हुई थी। उन्होंने कहा कि यात्रा के अंतर्गत 536 मोदी गारंटी वीडियो वैन चल रही हैं, जो उत्तर प्रदेश में अब तक 1072 कार्यक्रम कर चुकी हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारत की आजादी के अग्रदूत और जनजातीय समुदाय से संबंध रखने वाले बिरसा मुंडा जी की जयंती से शुरू हुई यह यात्रा 26 जनवरी 2024 तक पूरे देश के अंदर चलेगी।



सीएम योगी ने कहा कि यह यात्रा पूरे देश के अंदर सभी ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में निकल रही है। यात्रा के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं के लाभार्थी अपनी सफलता की कहानी स्वयं बता रहे हैं। साथ ही विभिन्न योजनाओं में पात्रता श्रेणी में आने वाले लोगों का यात्रा के अंतर्गत ही फार्म भी भरा जा रहा है और समयबद्ध तरीके से उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में 55 लाख से अधिक गरीबों को आवास दिया गया है। तीन करोड़ से अधिक गरीबों को शौचालय मिला है। एक करोड़ 75 लाख से अधिक माताओं और बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री में रसोई गैस सिलेंडर दिया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि दीपावली के अवसर पर जिन लोगों का गैस कनेक्शन उनके आधार से लिंक था उनको राज्य सरकार ने अपनी तरफ से एक-एक सिलेंडर फ्री में दिया है। साथ ही होली में भी हमारी सरकार ऐसे लोगों को एक-एक सिलेंडर फ्री में देगी। उन्होंने कहा कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत देश के अंदर 80 करोड़ लोगों को तो उत्तर प्रदेश में 15 करोड लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत डबल इंजन की सरकार उन सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएगी, जो किन्हीं वजहों से अभी तक वंचित रह गए थे।

कार्यक्रम में सीएम योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने छः माह से ऊपर आयु वर्ग के कुछ बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। साथ ही सीएम योगी ने कार्यक्रम में शामिल सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान लाभार्थियों ने सीएम से अपने अनुभव साझा किए। इसके अलावा सीएम योगी ने मनरेगा के अंतर्गत 21 अन्नपूर्णा भवनों का भूमि पूजन किया और संत कबीर नगर सेफ सिटी परियोजना का शुभारम्भ किया।

# राज्यपाल ने कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिये आवश्क निर्देश

समृद्धि न्यूज।



## सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद चित्रकूट के कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र सरकार द्वारा पोषित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। राज्यपाल ने समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन, समग्र शिक्षा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण/ शहरी, मनरेगा योजना, अमृत सरोवर निर्माण, खेल मैदान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्य वित्त आयोग, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना, स्वच्छ शौचालय, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि सभी कल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक कैसे पहुंचे, इस पर सभी संबंधित अधिकारियों को सोचना चाहिए तभी गरीबों को लाभ मिलेगा। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि जिन कार्यों के लिए शासन से धनराशि मिलती है। उसका समय से सदुपयोग करें। प्रत्येक कार्य का लक्ष्य तय करें और योजना बनाकर कार्य करें।

## पीएम मोदी 30 दिसंबर को आयेंगे अयोध्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पीएम नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या आ रहे हैं। अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह के मुताबिक पीएम 30 दिसंबर को अयोध्या एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए एक नई ट्रेन का शुभारंभ भी 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर करेंगे। अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी बन रही है। हजारों करोड़ों की योजनाएं अयोध्या में तेजी से आकर ले रही है। अयोध्या रेलवे स्टेशन को देश का सर्वश्रेष्ठ स्टेशन बनानेबपर काम हो रहा है। अभी पहले फेज का काम चल रहा है प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या रेलवे स्टेशन के दूसरे फेज का काम शुरू होगा।

## खबरें एक नजर में

### छात्रों ने बिखेरी अनूठी छटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर नगर कैम्पस द्वारा 'एनुअल पैरेन्ट्स एण्ड ग्रेण्डपैरेन्ट्स डे समारोह' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राइमरी सेक्शन के नन्हें-मुन्हें छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी अद्भुद छटा बिखेरी कि अभिभावक अपने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा देख गद्गद हो गये। समारोह का शुभारम्भ सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी एवं छात्रों के ग्रैण्ड-पैरेन्ट्स द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

### पिकप-ट्रक की भिड़ंत में चालक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के गोविंदनगर इलाके में प्रेम लाल यादव( 44 वर्ष )निवासी बिलौरी जनपद अयोध्या अपने परिवार संग किराये पर रहते थे,वो पिकप डाला चलाकर अपने परिवार के लिये दो जून की रोटी का इन्तजाम करते थे। पत्नी रामदुलारी ने बताया पति प्रेम लाल बुद्धवार को दो बेटो शिवम व दीपक व बेटी आराधना को साथ लेकर पिकप डाला से माल लोड कर लखनऊ के लिये निकले थे। देर रात मोहनलालगंज-बनी मार्ग पर भसड़ा मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार पिकप डाला से चालक प्रेम लाल अपना नियंत्रित खो बैठे ओर पिकप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी।दुर्घटना के बाद पिकप डाले का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,जिसमें चालक प्रेमलाल व उसके तीनो बच्चे फंस गये।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकप डाले के क्षतिग्रस्त हिस्से में फंसे घायल चालक समेत उसके तीनो बच्चो को बाहर निकलवाकर इलाज के लिये सीएचसी भेजा।जहां मौजूद डाक्टर ने चालक प्रेमलाल को मृत घोषित कर दिया ओर गम्भीर रूप से घायल बेटे शिवम व बेटी आराधना को इलाज के लिये एपेक्स ट्रामा सेंटर भेजा।
डाक्टर ने मृतक के घायल बेटे दीपक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया मृतक चालक के परिजनो को सूचना देने के साथ ही शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया था। मृतक चालक के परिजनो के तहरीर देने पर मुकदमाघ् दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। दुर्घटनाग्रस्त दोनो वाहनो को कब्जे में ले लिया गया हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से तहसीलकर्मी घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां के कुशमौरा गांव निवासी माधव प्रसाद ने बताया वो मोहनलालगंज तहसील में सग्रंह सेवक के पद पर तैनात है,गुरूवार की सुबह अपनी बाइक से घर से ड्यूटी पर जा रहे थे तभी गांव के बाहर आगे जा रहे ईट लदे ट्रैक्टर-ट्राली जिसमें तेज आवाज से साउंड बज रहा था उसके चालक ने बाइक में टक्कर दी,जब उसने चालक से विरोध जताया तो उसने पिटाई करते हुये ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पास के एक ईट भट्ठे मे जा घुसा।जिसके बाद डायल-112 पर पुलिस समेत परिजनो को घटना की सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल तहसीलकर्मी माधव प्रसाद को इलाज के लिये लेकर गये,जहां इलाज जारी है।तहसीलकर्मी के सिर में चोट आने के साथ ही उगंलिया फ्रैक्चर हो गयी हैं।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

### फ्लोरबॉल टीम ने बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिहार के सारण जिले के सोनपुर हरिहर क्षेत्र में 13 से 16 दिसंबर तक आयोजित 17वी राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चौंपियनसिप में उत्तर प्रदेश की टीम में सीनियर पुरुष व जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रहे, और जूनियर बालिका वर्ग में रजत पदक विजेता रही , पुरुष वर्ग से बेस्ट प्लेयर ऑफटूर्नामेंट का किताब अभिजीत सिंह को मिला, बेस्ट डिफेन्डर का किताब हेमांक डोडेजा ने अपने नाम किया और वहीं बेस्ट गोलकीपर का किताब भी उत्तर प्रदेश फ्लोरबॉल टीम के कप्तान रोचक गुप्ता ने अपने नाम किया। जूनियर बालक वर्ग में बेस्ट डिफेन्डर का किताब रितिक रस्तोगी को मिला, वहीं बेस्ट गोलकीपर का किताब उत्तर प्रदेश जूनियर टीम के कप्तान शिवम मौर्य के नाम हुआ। जूनियर बालिका वर्ग में बेस्ट ऑल राउंडर का किताब प्रदेश टीम की कप्तान संध्या के नाम हुआ। जीत के बाद उत्तर प्रदेश फ्लोरबॉल टीम अपने प्रदेश लौटनेपर प्रदेश के अध्यक्ष माननीय आशीष अवस्थी जी व उनके पुत्र ओम अवस्थी , ने सभी खिलाड़ियों का माल अर्पण कर भव्य स्वागत किया।

# राजनीति में कब किसको किसकी जरूरत पड़ जाए, कहा नहीं जा सकता : मायावती

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) से दूरी बनाने वाले दलों के बारे में अनावश्यक टीका-टिप्पणी नहीं करने की सलाह देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भविष्य में कब, किसको, किसकी जरूरत पड़ जाए, यह कहा नहीं जा सकता। मायावती ने यहां एक बयान में किसी का नाम लिये बगैर कहा, विपक्ष के गठबंधन में बसपा सहित अन्य जो भी पार्टियां शामिल नहीं हैं उनके बारे में किसी का भी फिजूल की टीकाकृटिप्पणी करना उचित नहीं है। मेरी उन्हें सलाह है कि



वह इससे बचें, क्योंकि भविष्य में, देश में, जनहित में कब किसको, किस की जरूरत पड़ जाए, कुछ भी कहा नहीं जा सकता। बसपा प्रमुख ने कहा, श्टीकाकृटिप्पणी करने वाले ऐसे लोगों और पार्टियों को बाद में काफी शर्मिंदगी उठानी पड़े यह ठीक नहीं है। इस मामले में समाजवादी पार्टी खासतौर पर इस बात का जीता जागता उदाहरण है।

# खुले आसमान के नीचे कोई भी सोता हुआ न मिले : मुख्य सचिव

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई, जिसमें कृषि, राजस्व तथा बाल विकास एवं पुष्टहार विभाग आदि विभागों की समीक्षा की गई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि प्रदेश सरकार के कार्मिकों का माह दिसम्बर, 2023 का देय वेतन का भुगतान मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही किया जाये। इसके अलावा 01 जनवरी, 2024 से सर्विस बुक को ई-सर्विस बुक में परिवर्तित करते हुए समस्त प्रकार के सेवा सम्बन्धी कार्यों का निस्तारण पोर्टल के माध्यम से कराया जाये और



वर्ष 2023-24 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से अंकित की जाये। इसलिये सभी सेवारत कार्मिकों का विवरण वरीयता पर मानव संपदा पोर्टल पर अपडेट करा दिया जाये। समस्त कार्मिकों का पोर्टल पर उपलब्ध विवरण त्रुटिरहित होना चाहिये। उन्होंने सभी जनपदों में शीत लहर से बचाव के लिये आम जनमानस हेतु पर्याप्त मात्रा में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव, रैन बसेरा व कम्बल वितरण आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जायें। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाये कि ठंड में खुले आसमान के नीचे कोई भी व्यक्ति सोता हुआ न मिले। सार्वजनिक स्थानों पर जो भी व्यक्ति खुले में सोते हुये मिले, उसे रैन बसेरा में भेजा जाये। रैन बसेरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। सभी रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में बिस्तर एवं कम्बल की व्यवस्था होनी चाहिये। जनपदों में स्वयंसेवी संस्थाओं व सीएसआर फण्ड आदि से निर्मित किये गये प्राइवेट रैन बसेरों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर वहां आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जायें।

# रोजगार मेले में 1747 लोगों को मिली जॉब

## 30 को लगेगा शिशिक्षु व रोजगार मेला

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ मे किया गया। मेले का उद्घाटन संयुक्त निदेशक प्रशि,शिक्षु लखनऊ मण्डल सुनील श्रीवास्तव में किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। जिला



सेवायोजन अधिकारी हिमांशु व प्रज्ञा त्रिपाठी ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की। मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन, लखनऊ रमेश रंजन के द्वारा रोजगार मेले का निरीक्षण किया गया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एमए खाँ ने बताया कि रोजगार मेले राजकीय आईटीआई अलीगंज, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के द्वारा आमंत्रित की गयी। 61 कम्पनियों में 1747 अभ्यर्थियों को 7700 से 35000 रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैन्टीन की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये। रोजगार से वंचित रह गये अभ्यर्थी 30 दिसम्बर को होने वाले शिशिक्षु व रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।इस अवसर पर संस्थान के कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह एवं कामराज वर्मा उपस्थित रहे।

## यूपी पुलिस ने शुरू किया पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप्र पुलिस ने जनता की समस्याओं के समय से निस्तारण के लिए पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल की शुरू किया है। डीजीपी विजय कुमार के बताया कि इस पोर्टल के जरिए एक तरफ जहां गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ेगी। वहीं दूसरी तरफपुलिस के अधिकारी लोगों की शिकायत संबंधी मामलों का सुपरविजन भी कर सकेंगे। इस पोर्टल से शिकायतकर्ता की पूरी जानकारी सिर्फ एक क्लिक से मिल जाएगी। डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं को समयबद्ध, त्वरित निस्तारण और मॉनिटरिंग के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल शुरू किया गया है। इसके तहत मैन्युअली प्राप्त प्रार्थना पत्रों को डिजिटाइज्ड कर, प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



## श्री राम एकेडमी स्कूल का वार्षिक खेल दिवस समारोह सम्पन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** फैजुल्लागंज स्थित श्री राम एकेडमी स्कूल का वार्षिक खेल दिवस गुरुवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा खेल-कूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रवण कुमार मिश्रा व विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शुभा मिश्रा की उपस्थिति के साथ साथ कार्य क्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश पांडेय, विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के चेयरमैन वीरेश कुमार की मौजूदगी ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। इस अवसर पर बच्चो ने विभिन्न खेलो जैसे दौड़ गोला फेक, भाला फेक लम्बी कूद कबड्डी फुटबाल क्रिकेट और खो - खो आदि खेलो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बाद में नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा प्रस्तुत किये गये विभिन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे पिरॅमिड भागड़ा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की अभिभावकों ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

# गीता जयन्ती पर वरिष्ठों ने की गीताश्लोकान्त्याक्षरी

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** संस्कृतभारती अवध प्रान्त लखनऊ दक्षिण तथा भारत विकास परिषद् के संयुक्त तत्त्वावधान में आस्था कृष्णधाम आशियाना में आयोजित द्विदिवसीय गीताजयन्ती के पहले दिन 21 दिसम्बर 2023 को उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथिश्रीमान् विक्रान्त खण्डेलवाल क्षेत्र संठन मन्त्री उत्तर मध्य क्षेत्र भारत विकास परिष ने गीता के कर्मयोग तथा भक्तियोग पर प्रकाश डालते हुये कहा कि




श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय जीवनशैली तथा जीवनदर्शन का आधार है। शीतल प्रसाद वर्मा ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुये कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में क्षेत्र के वरिष्ठ गीता अध्येताओं श्री अवध विहारी तिवारीए श्री ब्रजेश कुमार गुप्त, श्री शीतल प्रसाद वर्मा, श्री सतीश कुमार मिश्र आदि ने गीता के कण्ठस्थ अध्यायों का पाठ किया। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गीता श्लोकान्त्याक्षरी भी प्रस्तुत की गई जिसे श्रोताओं ने विशेष रूप से सराहा।

# मिलेनियल्स कर रहे हैं हीरे की खरीदी में निवेश

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** बीते कुछ समय में यह देखने में आया है कि मिलेनियल्स लक्ज़री फैशन एक्सेसरीज या परिधान खरीदने में अपनी आय को खर्च करने की प्रवृत्ति से तेजी से पीछे हट रहे हैं और जिम्मेदार निवेश के एक नए युग की नींव रख रहे हैं। इन सामानों के बजाए, वे उन एसेट्स में अधिक रुचि रखते हैं, जो स्थायी मूल्य के साथ उनकी अभिव्यक्ति को भी निखारते हैं। इसमें सबसे ऊपर नाम आता है हीरे और इसके विशेष ब्रैंड डी बीयर्स फॉरएवरमार्क का। अत्यधिक महँगे फैशन प्रोडक्ट्स में निवेश करने के बजाए, विक्रेता मिलेनियल्स में तेजी से बढ़ते ऐसे ट्रेंड को देख रहे हैं, जो हीरों में निवेश को प्रखरता देने लगे हैं, क्योंकि हीरे समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं।

मिलेनियल्स तेजी से इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि हीरे जैसे विशिष्ट लक्ज़री आइटम्स, स्टाइल के प्रतीक और बदले में उत्तम मूल्य के रूप में खुद को श्रेष्ठ साबित करने का हुनर रखते हैं। हीरों के सदाबहार होने का एक उल्लेखनीय उदाहरण डी बीयर्स फॉरएवरमार्क के अवंती कलेक्शन में देखने को मिलता है। यह कलेक्शन हीरे की शिल्प कौशल की सुंदरता को दर्शाता है।

जब भी लक्ज़री आइटम्स को खरीदने की बात आती है, तो लोग चाहते हैं कि उन्हें उनके पैसों का उचित मूल्य मिले। ऐसे में, हीरे की खरीदारी करते समय कट, क्लैरिटी, कैरेट और अन्य मापदंडों को ध्यान में रखा जाता है।ह्य

## सैनिक स्विमिंग प्रबंधन की लापरवाही से हुई थी छात्र की मौत

# तीन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** लखनऊ में सैनिक स्कूल में 8 सितंबर 2023 को संदिग्ध हालात में हुई 11वीं के छात्र ओम बुधौलिया की मौत मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दर्ज गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि पूरे घटना में स्कूल प्रबंधन के जिम्मेदारों की लापरवाही से छात्र की मौत हुई। इसके चलते स्कूल के वार्डन, स्विमिंग कोच और लाइफगार्ड के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। मूलरुप से उरई निवासी सीआरपीएफ में एएसआई मनोज कुमार का बेटा ओम बुधौलिया सैनिक स्कूल से पढ़ाई कर रहा था। आठ सितंबर की शाम ओम का शव स्कूल परिसर में बने स्वीमिंग पूल में उतराता मिला था। 16 सितंबर को मनोज ने सरोजनीनगर थाने में स्कूल के प्रिंसिपल, वार्डन, लाइफगार्ड, शिक्षक व कर्मचारियों पर गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज कराया था। वहीं, मंडलायुक्त ने मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरि ने बताया, केस की विवेचना में गैर इरातदत हत्या या हत्या को लेकर कोई सुबूत नहीं मिले। छात्र की मौत लापरवाही की वजह से हुई। जिसमें वार्डन राजीव वर्मा, कोच सत्या चौहान और लाइफ गार्ड हिमांशु शर्मा के खिलाफचार्जशीट लगाई गई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि छात्र को लाइफजैकेट नहीं दिया गया था। छात्र स्वीमिंग सीख रहा था। इसके बावजूद कोच, लाइफ गार्ड आदि ने उस पर ध्यान नहीं दिया। वहीं, छात्रों की संख्या के हिसाब से ट्रेनर कम थे। ओम के जूते, चश्मा, कपड़े आदि चेंजिंग रूम में ही रखे रहे थे। किसी ने नहीं देखा और सब हॉस्टल लौट गए। जिसके चलते ओम का शव कई घंटे पूल में ही पड़ा रहा।

## जलकल जीएम के खिलाफ पार्षद धरने पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में नगर निगम कार्यकारिणी के बैठक में जीएम जलकल के खिलाफपार्षद समेत मेयर ने नाराजगी दिखाई। मेयर की आदेश का अवहेलना करने के आरोप में पार्षद जीएम के खिलाफधरने पर बैठ गए। बीजेपी पार्षद रंजीत ने उनके ऊपर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। यहां तक की कार्यकारिणी सदस्यों के सवालों से जलकल विभाग के महाप्रबंधक मनोज आर्या करीब पांच घंटे तक घिरे रहे। लगातार हंगामा देख जीएम बैठक ही छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा कि उनको टारगेट किया जा रहा है और वह बैठक छोड़कर चले गए। ऐसे में। जीएम के इस रैवये को लेकर सभी सदस्य धरने पर बैठ गए। कार्यकारिणी में निंदा प्रस्ताव लाया गया और आगामी चुनाव को देखते हुए महाप्रबंधक को हटाए जाने के लिए कार्यकारिणी की मंशा से शासन को अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

तकनीक

## राममंदिर पर 7.5 स्केल की तीव्रता के भूकंप का भी नहीं होगा असर

# रोजाना एक लाख भक्त कर सकेंगे दर्शन

समृद्धि न्यूज।

**लखनऊ।** भगवान श्रीराम आ रहे हैं। उनके स्वागत को अयोध्या बेताब है। हर कोई 22 जनवरी के इंतजार में है। अयोध्या का आंगन सज रहा है। देश-विदेश के वास्तुविद, शीर्षस्थ कंपनियों के इंजीनियर और दूसरी विधाओं के विशेषज्ञ राममंदिर को आकार दे रहे हैं।सामान्य मंदिरों से इतर गहरी नींव, मजबूत आधार के साथ यह केवल पत्थरों से बना होगा। महज कुछ साल तक चलने वाली सीमेंट जैसे दूसरे पदार्थों का रंचमात्र प्रयोग नहीं हो रहा। रामलला का घर भूकंपरोधी होगा। एक हजार साल से ज्यादा समय तक अक्षुण्ण रहेगा। उत्तर और मध्य भारत में प्रचलित मंदिरों की नागर शैली में सरयू के किनारे बन रहा राममंदिर भौतिक विशिष्टताओं की खान है। राममंदिर पूर्व मुखी है। मंदिर में तीन तल हैं। ऊंचाई 161 फीट है। प्रत्येक तल की ऊंचाई 20 फीट होगी। पूरब और पश्चिम दिशा में मंदिर 350 फीट लंबा होगा। उत्तर-दक्षिण दिशा में 235 फीट चौड़ा होगा। मंदिर में पांच गुंबद यानि मंडप होंगे, जिसमें से अब तक तीन मंडप तैयार हो चुके हैं।

चौथे मंडप का काम चल रहा है।राममंदिर निर्माण में 3500 कारीगर व मजदूर लगाए गए हैं। ये मजदूर राजस्थान, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, हैदराबाद आदि राज्यों के हैं। राममंदिर निर्माण का काम रात में भी होता है। इसके लिए दो शिफ्ट में आठ-आठ घंटे मजदूरों की ड्यूटी लगाई



## एक माह बाद विराजमान होंगे रामलला

जाती है। हैदराबाद के कारीगर रामसेवकपुरम में राममंदिर के दरवाजों का निर्माण कर रहे हैं।राममंदिर की खिड़कियां, चौखट, दरवाजे महाराष्ट्र के चंद्रपुर की सागौन की लकड़ी से बन रहे हैं। राममंदिर में कुल 42 दरवाजे लगाए जा रहे हैं। ये सभी दरवाजे सागौन की लकड़ी से बन रहे हैं। मंदिर निर्माण मुख्य रूप से राजस्थान के मिर्जापुर और बंसीपहाड़पुर के गुलाबी बलुआ पत्थर और नक्काशीदार संगमरमर से हुआ। गुलाबी पत्थरों की चमक सैकड़ों साल तक रहती है। मंदिर की नींव में 17,000 ग्रेनाइट पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। प्रत्येक का वजन दो टन है। ग्रेनाइट पत्थर ठोस होता है। पानी के रिसाव को सोख लेता है। इसलिए नींव की मजबूती के लिए इसका इस्तेमाल किया गया है। राममंदिर की नींव 50 फीट गहरी रखी है। इसे बनाने में सात महीने लगे थे। नींव में 47 परतें बिछाई गई हैं। ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर को कम से कम एक हजार साल तक किसी प्रकार के मरम्मत की आवश्यकता नहीं होगी। दावा है कि 7.5 तीव्रता के भूकंप का असर राममंदिर पर नहीं होगा। बाढ़ से बचाने के लिए मंदिर के चारों दिशाओं में 50 फीट गहरी सुरक्षा दीवार बन रही है।रामलला की अचल मूर्ति 51 इंच की होगी। कमल के आसन पर रामलला विराजेंगे। हाथ में धनुष-बाण होगा। आसन सहित प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग सात फीट होगी। राममंदिर का एक अन्य आकर्षण यह है कि हर रामनवमी को सूर्य की किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी। सूर्य के प्रकाश को रामलला के माथे पर प्रतिबंधित करने के लिए एक उपकरण भी गर्भगृह में लगाया जा चुका है। इस पर इसरो के वैज्ञानिक काम कर रहे हैं।

# जनता का मोदी सरकार पर है पूरा विश्वास : अनिल राजभर

- विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत इमरती विसेन पहुंचे प्रभारी मंत्री
- स्टाल के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी





**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

गोण्डा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास खंड झंझरी के ग्राम पंचायत इमरती विसेन में मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश अनिल राजभर की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी का वितरण किया गया। इसके अलावा पीएम किसान सम्मनान, उज्वला योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपी गई।मंत्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सरकार बनते ही नारा दिया कि सबका साथ - सबका विकास। इसके बाद उन्होंने इसमें सबका विश्वास और सबका प्रयास जोड़ा। इसी का नतीजा है कि जनता पिछली सरकारों पर विश्वास नहीं करते थी परंतु अब लोगों को इस सरकार पर पूरा विश्वास है यह सरकार सभी लोगों का समान रूप से विकास कर रही है। लोगों का विश्वास निरंतर बना हुआ है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रमुख जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं की पात्र व्यक्तियों को संतृप्ति सुनिश्चित करने में मदद करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। केंद्र और प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं से गांव के लोगों को भी शहरी सुविधाएं मिल रही है।

किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि निराश्रित, दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों को समय से पेंशन मिलने के साथ सभी को स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए हर घर जल योजना के तहत सभी परिवारों में पानी पहुंचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ने का कार्य हो रहा।

इसके बाद उन्होंने उन्होंने कृषि, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, पंचायती राज समाज कल्याण विभाग आदि की तरफ से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी ली और लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर श्रमदान किया और बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलायी। लोगों ने कहा कि वह 2047 तक भारत को विकसित बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। कई लाभार्थियों ने कअपनी कहानी अपनी जुबानी बताई।

इस दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



गुरुवार को जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाए जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी कैदियों को ठंड से बचाव हेतु सभी व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीजेएम, जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कुन्दरखी चीनी मिल ने किया पिछले पेराई सत्र का सम्पूर्ण भुगतान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, कुन्दरखी चीनी मिल ने पिछले पेराई सत्र 2022-23 के गन्ना पेराई 64.88 लाख क्विंटल के देय गन्ना मूल्य 225 करोड़ रूपये का शत-प्रतिषत भुगतान कर दिया है। जिससे चीनी मिल की पिछले सत्र की बकायेदारी अब शून्य हो गई है।

यह जानकारी देते हुए इकाई प्रमुख पी0एन0 सिंह ने बताया कि वर्तमान/चालू पेराई सत्र 2023-24 के गन्ना मूल्य का भी भुगतान शीघ्र ही प्रारम्भ होगा। इकाई प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि बजाज चीनी मिल सदैव कृषकों की हितैषी रही है, यहाँ किसानहित सर्वोपरि है।

उन्होंने कृषकों से अपील किया है कि चालू पेराई सत्र में बजाज चीनी मिल को ही अपना समस्त गन्ना आपूर्ति करें। साथ ही गन्ना किसानों से अपेक्षा किया है कि चीनी मिल को साफ-सुथरा व ताजा गन्ना आपूर्ति करें, इसमें किसान व मिल दोनों का हित निहित है। वहीं वसन्तकालीन गन्ना बुआई के लिए किसान भाई अपना स्वयं का बीज रोककर रखें तथा अधिक से अधिक क्षेत्रफल में अगेति प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में धाने पुर मार्ग स्थित महादेवा सिसवरिया के बीच एक बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मोता जोत मलारी निवासी 28 वर्षीय प्रशांत शर्मा उर्फ बच्चा राम पुत्र राम लगन बाइक से गोण्डा जा रहा था। बुधवार की देर शाम को किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई।

# मीडिया प्रभारी बने अध्यापक अरुण

**गोंडा/ इटियाथोक, समृद्धि न्यूज़**



प्राथमिक शिक्षक संघ इटियाथोक के तत्वाधान में बी0 आर0 सी0 पर शिक्षक समस्याओं व शैक्षिक उन्नयन के संदर्भ में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे ब्लाक अध्यक्ष डॉ0 अखिलेश शुक्ला ने कहा कि अध्यापकों का किसी भी स्तर पर शोषण नहीं स्वीकार किया जायेगा यदि अधिकारी बेलगाम होगें तो उनके विरुद्ध संघर्ष किया जायेगा और अध्यापकों के हर काम को पूरी सुचिता व पारदर्शिता के साथ किया जायेगा मंत्री चन्द्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि अध्यापकों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा कोषाध्यक्ष देव प्रभाकर पाण्डेय ने अध्यापकों के समय से विद्यालय आने व सरकार के कार्य को पूरे लगन से करने के लिए कहा। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अरुण मिश्रा को ध्वनिमत से ब्लाक का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

श्री मिश्र ने पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए अपने दायित्व का जिम्मेदारी व शुचिता पूर्वक निर्वहन की बात कही। बैठक का समापन अनुराग मिश्रा के उद्बोधन के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर भारी संख्या मे शिक्षक मौजूद रहे।

# यशमय वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार की शाम यशमय वर्ल्ड स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा तथा सम्मानित अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एम. अरुणमोझी ने दीप प्रज्वलित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर थीम पर आधारित था। जिसका उद्देश्य

हमारी संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना, बच्चों को उससे अवगत करवाना और उसे संरक्षित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑर्केस्ट्रा की मधुर धुन से की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों जिसमे कोलाट्टम, टिप्पनी, संबलपुरी, नेपाली तथा जोगवा की रंगारंग प्रस्तुति से जहाँ सभी को आनन्दित किया, वही पश्चिम बंगाल का रायबेंशे नृत्य भी हुआ। बच्चों द्वारा वाल्मिकी और महारथी कर्ण की नाटय रंगमंच प्रस्तुति भी सराहनीय थी। 90 के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला मिले सुर मेरा तुम्हारा तथा एक चिड़िया अनेक चिड़ियाँ गीतों द्वारा बच्चों ने एकता और अखंडता का सन्देश देने के साथ ही दर्शकों की उस समय की यादों को भी ताज़ा कर दिया।

नन्हे-मुन्नों ने भी किसी से पीछे न रहते हुए अपने नृत्य तथा फैशन शो से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। अटल जी की कविता मौत से ठन गई तथा दिनकर जी की रश्मिरथी की प्रस्तुति भी शानदार थी। प्रधानाध्यापिका द्वारा स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनकी प्रस्तुति की सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत मे मयस्कर देव सिंह ने सभी मेहमानों, अभिभावकों, अध्यापकों, प्रतिभागियों तथा सहायक कर्मियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में निर्देशिका नम्रता सिंह,एस सी पी एम कालेज की निर्देशिका अलका पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, सीजेएम शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, प्रभारी जेलर देवकान्त वर्मा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना, चिकित्सक प्रवीण पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** वजीर गंज थाना क्षेत्र में दया नंद इंटर कालेज विद्यालय के पास बुधवार की देर शाम में एक साइकिल सवार युवक को बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया जिस से उस की मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वजीर गंज थाना क्षेत्र के हाथी दुबे पुरवा गांव के निवासी 35 वर्षिय राहुल पुत्र सुख लाल साइकिल से देर शाम को बाजार घर का सामान खरीदने गया था। खरीद कर वापस लौट रहा था। फैजाबाद की तरफ से आ रही बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दिया। कुछ देर तक वही पर पड़ा था। कुछ लोगो ने देखा और उस को वजीर गंज अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने उस को मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के दो बच्चे बताये गए है।

### विद्युत उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** विद्युत विभाग में एकमुश्त समाधान योजना चलाई जा रही है जिसमे बिजली उपभोक्ता अपने बकाया बिल का भुगतान छूट के साथ प्राप्त कर सकते है। अधीक्षण अभियन्ता संदीप अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में लागू एकमुश्त समाधान योजना का तृतीय चरण 31 दिसम्बर तक समाप्त हो जायेगा। इस योजना के तहत वर्तमान में 1 किलोवाट के घरेलू उपभोक्ता को ब्याज में 80 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ता को ब्याज में 60 प्रतिशत तथा निजी नलकूप श्रेणी में 80 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जा रही है। इस प्रकार की एकमुश्त समाधान योजना में पहली बार निजी संस्थान तथा लघु एवं मध्यम उद्योग को ब्याज में 30 प्रतिशत छूट दी जा रही है। विद्युत चोरी के प्रकरणों में पहली बार किसी समाधान योजना में राजस्व निर्धारण में छूट दी जा रही है जो कि राजस्व निर्धारण का 50 प्रतिशत तक है। विद्युत चोरी के प्रकरणों में इससे पहले किसी प्रकार की कोई छूट का प्राविधान नहीं किया गया। इस योजना के समाप्त हो जाने के बाद बकाया की वसूली के लिए पुराने तरीके से कनेक्शन काटने और अन्य कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इंक्विटी के अंतर्गत नुक्कड नाटक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित निपुण भारत मिशन बेसिक शिक्षा विभाग इटावा स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इंक्विटी के अन्तर्गत जन जागरूकता के लिये नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।भरथना ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत जवाहर रोड़ स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में खण्ड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में निपुण भारत मिशन स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इंक्विटी के अंतर्गत नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।जिसमें अवतंश आर्ट के दल नेता श्रीपाल गौड के साथ पूरी टीम के द्वारा बहुत उत्तम एवं गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन करते हुये जानकारी दी गई।

# मनरेगा से बने सड़क को वन विभाग ने कराया बंद, आक्रोश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- नाराज महिलाओं का प्रदर्शन
- सड़क बंद होने से गांव से आवागमन भी हुआ ठप
- वन विभाग पर ठेकेदार की सुविधा के लिए ग्रामीणों को परेशान करने का आरोप



### मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी

प्रदर्शन की जानकारी होने पर वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं। वह सभी से बात कर रहे हैं। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी के नंबर पर फोन लगाया गया तो उनका नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताता रहा है।

### कार्य पर लगा दिया सरकारी टैंकर

जंगल के किनारे तार फेंसिंग का कार्य ठेकेदार द्वारा ठेके पर किया जा रहा है। इसके बाद भी कतर्नियाघाट के रेंजर ने सरकारी टैंकर को कार्य के लिए दे दिया है। इसको लेकर भी लोग सवाल उठा रहे हैं।

जिले के कतर्नियाघाट रेंज के नई बस्ती गांव में दो सप्ताह पूर्व मनरेगा से सड़क का निर्माण कराया गया था उसी सड़क से गांव का आगमन बृहस्पतिवार सुबह वन विभाग ने बंद कर दिया है।

गांव के लोगों का आवागमन बंद होने से नाराज महिलाओं ने सड़क पर खड़े होकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में इस समय तार फेंसिंग का कार्य चल रहा है। लेकिन तार फेंसिंग कार्य में वन विभाग ठेकेदार को हर सुविधा पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को ही मुसीबत में डाल रहा है। वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज के नई बस्ती टेडिया गांव में दो सप्ताह पूर्व मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत निधि से सड़क का निर्माण हुआ था।

यह सड़क निर्माण डामरी सिंह के घर से सोहन लाल के मकान तक मुख्य मार्ग से बना था। लेकिन वन विभाग ने ठेकेदार की सुविधा के लिए ग्रामीणों का रास्ता ही बंद कर दिया। ऐसे में बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीण नाराज हो गए। गांव की महिलाएं सड़क पर आगे सभी ने वन विभाग के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

गांव निवासी मनरौली देवी ने कहा कि अगर सड़क जंगल विभाग की जमीन पर बन रहा था तो इसका पहले ही विरोध करना चाहिए था। अब सड़क निर्माण होने के बाद ग्रामीणों का आवागमन रोक दिया गया है यह हम सभी को परेशान करने का तरीका है। धूरपति देवी ने कहा कि वन विभाग सिर्फ ठेकेदार को सुविधा उपलब्ध कराने में ग्रामीणों को परेशान कर रहा है। मजबूरी में सभी ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

# अवैध संचालन पर पांच बसों पर कार्रवाई

- बहराइच-कटाहीघाट-बैरीघाट सम्बद्ध मार्ग पर अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध हुई कार्रवाई



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह ने बताया कि जनपद में 15 से 31 दिसम्बर 2023 तक संचालित द्वितीय सडक सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) देवीपाटन मण्डल गोण्डा के निर्देश पर बहराइच-कटाहीघाट-बैरीघाट सम्बद्ध मार्ग पर अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध की गई प्रवर्तन की कार्यवाही के दौरान 03 बसो को बन्द किया गया एवं 02 बसो का चालान किया गया है। प्रवर्तन की कार्यवाही में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राजीव कुमार, यात्री/मालकर अधिकारी अवधराज गुप्ता तथा प्रवर्तन दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# 15 किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- बाइक और गांजा को सीज कर अभियुक्त को भेजा जेल

जिले के नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर गुरुवार को गायघाट पुल पर जांच के दौरान बाइक सवार को पकड़ा। बाइक पर 15 किलो गांजा लदा हुआ था। पुलिस ने गांजा को बाइक समेत सीज कर दिया है। जबकि अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम बृहस्पतिवार को उप निरीक्षक अश्विनी कुमार पांडेय, अश्वनी कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल रविशंकर पाण्डेय, सिपाही रणजीत यादव, गौरव कुमार गौड़ की टीम नानपारा लखीमपुर मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। गुरुवार को मार्ग पर स्थित गायघाट पुल पर जांच के दौरान एक बाइक सवार को रोका। जांच के दौरान बाइक के पीछे बोरी में 15 किलो गांजा बरामद हुआ। इस पर बाइक सवार को थाने लाया गया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि बाइक सवार की पहचान प्रमोद पाठक पुत्र गोपीनाथ पाठक निवासी माधवपुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच हाल पता बाबागंज रामनगर रोड थाना रूपईडीहा के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बाइक और गांजा को सीज कर दिया गया है।

# परमानेंट नहीं होता है कोई पद, सभी मिलजुल कर करें काम : टिकैत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज**

- संसद में आवाज उठाने वाले सस्पेंड और सड़क पर आवाज उठाने वालों को भेजा जा रहा जेल : राकेश टिकैत



श्रावस्ती दौरे पर जा रहे किसान नेता राकेश टिकैत का बहराइच में स्वागत हुआ। डीएम ऑफिस के बाहर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने किसान नेता राकेश टिकैत का भव्य स्वागत किया।

मीडिया से बात करते हुए संसद की सुरक्षा के चूक के मामले में उन्होंने कहा कि आखिर आरोपियों के पास किसने बनवाए। कोई तो है जो उन्हें अंदर लेकर गया। हमारी एजेंसिया इतनी कमजोर नहीं हैं। हो सकता है यह जान बुझ भी किया गया, हो सकता है और यह सरकार की जिम्मेदारी है और सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए। संसद से सांसदों को सस्पेंड किए जाने के मामले में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि देश में लोकतंत्र नहीं रहा, जो आवाज उठाएगा वो सस्पेंड होगा। आम आदमी आवाज उठाएगा तो जेल जाएगा।

सरकार आम लोगों की नहीं बल्कि व्यापारियों की सरकार है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और वहां का हर्षा जंगल अदानी ग्रुप को दिया जा रहा है। जंगल काटे जा रहे हैं और उन्होंने कहा कि जो लोग आदिवासी हैं जल, जंगल और जमीन की बात करते हैं उन्हें नक्सलवाद बताकर जेल में डाला जा रहा है कल भी वहां लाठी चार्ज हुआ और लोगों को जेल में डाला गया।

### किसानों के हित में काम नहीं करतीं सरकारें



संगठन की समीक्षा बैठक के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकट श्रावस्ती जा रहे थे। श्रावस्ती जाने से पूर्व बहराइच के जरवल में उनका स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि सरकारें कोई हो, किसानों के हित में काम नहीं करती हैं। राकेश टिकैत ने किसानों की समस्या पर कहा कि किसी की भी सरकार हो, किसान हित में कोई काम नहीं करता है। सभी सिर्फ हवा हवाई बातें करते हैं। इस अवसर पर पुत्ती लाल यादव, अजय वर्मा, रामराज सिंह, प्रकाश चंद वर्मा, मोहम्मद सगीर, रामकिशोर वर्मा, शैलेंद्र प्रताप सिंह, समर सिंह, राधेश्याम यादव, श्रीमान वर्मा, प्रमोद कसौधन, आवेश अहमद, पार्वती गौतम, उषा देवी, आरती देवी, बिट्टू देवी, सुषमा, गोल्डी, नर्वदे प्रसाद गौतम समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति द्वार जनता को समर्पित

- यह स्मृति द्वार शहर के सौंदरीकरण के साथ-साथ डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता है : अनुपमा जायसवाल




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व मंत्री व सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के द्वारा झिंगहाघाट के निकट मिशन अस्पताल के सामने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर स्मृति द्वार का निर्माण करवाकर मिसाइल मैन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम एक महान वैज्ञानिक होने के साथ ही सच्चे देशभक्त भी थे। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम एयरोनॉटिक्स की दुनिया के बादशाह होने के साथ ही हिंदू मुस्लिम एकता के परिचायक भी थे।

आज सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के द्वारा उनके नाम पर बहराइच में स्मृति द्वार का निर्माण करवाकर बहराइच की जनता को जो तोहफा दिया गया है वह सदैव यादगार रहेगा। यह स्मृति द्वार हमेशा के लिए एपीजे अब्दुल कलाम के नाम को जीवित रखने के साथ ही आने वाली पीढ़ी के लिए उदाहरण होगा कि एक ऐसा वैज्ञानिक जिसने पूरी दुनिया में अपने नाम को मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध किया तो उनके अंदर भी कुछ कर गुजरने का जज्बा कायम होगा। वास्तव में सदर विधायक के द्वारा इस द्वार का निर्माण करवाकर पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है।

### नाबालिग से रेप की कोशिश के दोषी को तीन साल की साल कैद

**बहराइच समृद्धि न्यूज** विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने बुधवार को नाबालिग बिटिया के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास में अभियुक्त को तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त पर 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को पांच महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासकीय अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि मुकदमे में बुधवार को विशेष न्यायाधीश पास्को वरुण माहित निगम ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद गवाहों और पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी को दोष सिद्ध करते हुए विभिन्न धाराओं में अलग-अलग सजा सुनाते हुए 3 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

# सम्मानित किए गए कंचन कान्वेंट स्कूल के हेड ब्वॉय कैप्टन व प्रीफेक्ट

- विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव को भी किया गया सम्मानित




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कैसरगंज मे स्थित कंचन कान्वेंट स्कूल में एक समारोह आयोजित कर विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल हेड,कैप्टन व प्रीफेक्ट को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यालय के प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव व डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने प्रदान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप ने बताया कि बेहतर प्रदर्शन करने के साथ साथ विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं शैक्षिक गुणवत्ता में अपना योगदान देने वाले विद्यालय के हेड बॉय रितेश, हेड गर्ल वैष्णवी सोनी, सिद्धांत सिंह, प्रीफेक्ट सत्यम यादव व ऋषभ कौशल, श्री ओम, आकांक्षा श्रीवास्तव ,प्रियंका जायसवाल, रिद्धिमा शर्मा, अक्षरा, आयुष गुप्ता, अरविंद पाल हिमांशु वर्मा, पार्थ शर्मा, सचिन, शिवांश, करण, प्रथम, मोहम्मद माज, को मेडल प्रदान किया गया है। इन सभी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ-साथ विद्यालय की व्यवस्थाओं में भी अपना सहयोग दिया है।

उन्हीने कहा कि विद्यालय प्रबंध तंत्र इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है तथा इनके बेहतर भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है। इस मौके पर रंजीत सिंह, मोहम्मद माजिद, अबरार, मोहम्मद नसीब, प्रदीप श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, कृष्ण कुमार मौर्य, राम जी मिश्रा, पवन सिंह, उमाशंकर यादव,विजय मिश्रा, शमी सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# ठिठुरता गणतंत्र, आहत महामहिम

कड़ाके की सर्दी पड़नी शुरु हो गई है। गण कांप रहे हैं, तंत्र पर पाला पड़ गया है। परसाई जी आज होते तो शायद ठिठुरते गणतंत्र में आहत महामहिम की व्यथा-कथा पर भी लिखते कि कैसे ऊंची कुर्सियों पर बैठे लोगों के हक मारे जा रहे हैं। अब समझ आ रहा है कि माननीय मोदीजी क्यों देश में भव्य राम मंदिर बनवा रहे हैं। बेचारे राम कब से अपने घर के बाहर हैं। सोचने वाली बात है कोई घर से बाहर रहेगा तो कैसे राज कायम करेगा। इसलिए मंदिर में श्री राम का विराजना और संसद में प्रधानमंत्री की आसंदी पर नरेन्द्र मोदी का विराजना जरूरी है। जब ऐसा होगा, तभी राम राज कायम होगा। अभी तो घोर कलजुग चल रहा है। सनातन धर्म को चुनौती दी जा रही है। क्या पिघले हुए सीसे अधर्मियों के कान में डालने की जगह नालियों में बहा दिए गए हैं। इसलिए इन्हीं नालियों से गैस बनाने का गुर मोदीजी सिखा रहे थे। कितने ज्ञानी और दूरदर्शी हैं वे, हर बात वक्त से पहले समझ जाते हैं। उन्होंने 2001 में ही देख लिया था कि आने वाले सालों में देश का क्या हाल होने वाला है। चाय बेचते-बेचते संन्यास लेने और गुफा में चश्मा लगाकर तपस्या करने का यही तो लाभ है कि आप इहलोक-परलोक सबके संकेत समझ जाते हैं। उन्हें अहसास था कि सदियों से चले आ रहे लोकतंत्र को आजादी के बाद मिले लोकतंत्र से चुनौती मिल सकती है। नेहरू एंड कंपनी ने आजादी और अधिकारों के नाम पर निचले तबके के लोगों को भी सिर चढ़ा लिया था। तभी तो एक बूढ़ी महिला ने नेहरू के गिरेबान को पकड़ कर सवाल कर लिया था कि आजादी मिली, तुम प्रधानमंत्री बन गए तो हमें क्या मिला। बदले में नेहरू ने जवाब दिया था कि आपको ये मिला है कि आप देश के प्रधानमंत्री का गिरेबान पकड़ कर खड़ी हैं। बताइए भला, ये भी कोई बात हुई कि प्रधानमंत्री का गिरेबान पकड़ लिया जाए और वो बुरा भी न माने। बुलबुलसवार वीरों ने ऐसी आजादी की कल्पना कतई नहीं की थी। इसलिए आजादी की लड़ाई की जगह माफी मांगने पर जोर दिया गया। लेकिन इन कांग्रेसियों को कौन समझाए। आजादी के लिए लड़ते रहे, मरते रहे और जब आजादी मिली तो ऐसा लोकतंत्र और संविधान ले आए कि नीच-ऊंच सब सपाट करने की बात होने लगी। इसलिए अभी सरकार जितने तरह से हो सके, देश को ये समझा रही है कि असली आजादी 15 अगस्त के बाद मिली है, उसके पहले तो देश नेहरू का गुलाम रहा। मोदीजी जो बात-बात में नेहरू की गलतियां निकालते रहते हैं, उसमें कुछ गलत नहीं है। अगर वो भी नेहरू के नक्शेकदमों पर चल रहे होते तो फिर अखंड भारत और हिंदू राष्ट्र की बात कैसे होती। बिचारे ठिठुरते गणों ने कितने सपनों से मोदीजी को एक नहीं दो-दो बार सत्ता पर बिठाया है, ताकि देश में हिंदुओं का शासन कायम हो सके। मोदीजी को जुमलेबाज कहने वाले देशद्रोही ही नहीं गणद्रोही भी हैं। उन्हें मोदीजी को जुमलेबाज कहने की जगह देखना चाहिए कि हिंदुत्व के उत्थान के लिए कैसे वे दिन-रात एक करके काम कर रहे हैं।

वह अपनी संसद में कभी ऐसी हरकत न करते। जिन्होंने संसद में हरकत की है उनके खिलाफतो उचित कार्रवाई की जानी चाहिए क्योंकि हम नहीं चाहते कि ऐसी घटना संसद भवन में, या कहीं और, दोहराई जाए। लेकिन इसके साथ यह भी जरूरी है कि उस जन प्रतिनिधि जिसके गैरजिम्मेदार आचरण के कारण संसद की सुरक्षा और प्रतिष्ठा खतरे में पड़ी है, के प्रति भी उदारता न दिखाई जाए। इन अभियुक्तों को संसद का प्रवेश पास भाजपा के मसूर से सांसद प्रताप सिम्हा ने दिलवाया था। उनपर भी कार्रवाई होनी चाहिए। संसद के नियमों के बारे एम.एन. कौल और एस.एल. शकधर की किताब में लिखा है, एक सांसद को दर्शक पास के लिए आवेदन उन्हीं के लिए देना चाहिए जिन्हें वह निजी तौर पर जानता है। सांसद को यह प्रमाणित करना है कि दर्शक मेरा सम्बंधीध् निजी दोस्तध् जिसे मैं निजी तौर पर जानता हूं, और मैं उसकी जिम्मेवारी लेता हूं इसलिए जो हुआ उसकी जिम्मेवारी से प्रताप सिम्हा बच नहीं सकते पर अभी तक उनके खिलाफकोई जांच हुई हो, इसकी कोई खबर नहीं। अगर कोई बड़ी साजिश है तो सांसद से भी पूछताछ होनी चाहिए। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को अपना संसदीय लॉगइन साझा करने के अपराध में संसद से निष्कासित किया गया।

# संसद पर हमला, अब और तब

चंद्रमोहन



**निश्चित तौर पर प्रताप सिम्हा का अपराध महुआ मोइत्रा से बहुत अधिक गम्भीर है। उनके कारण संसद की सुरक्षा भारी खतरें में पड़ गई थी। 22 साल पहले 13 दिसम्बर, 2001 को संसद पर हमला हुआ था। कई लोग कह रहे हैं कि वर्तमान घटना उससे भी अधिक गम्भीर है। कैबिनेट सचिवालय में पूर्व विशेष सचिव वी. बालाचन्द्रम लिखते हैं, फ्इस बार जब लोकसभा की कार्यवाही चल रही थी अपराधी संसद के दिल तक पहुंचने में सफल रहे हैं। यह इसे 2001 की घटना से अधिक गम्भीर बना देती है, क्योंकि तब आतंकवादी इमारत के अंदर तक पहुंचने में सफल नहीं हुए थेफ्। उनका कहना है कि अगर गैस के कनस्तर की जगह उनके पास ग्रेनेड होता तो क्या हालत होती? पर मेरी राय उनसे अलग है, क्योंकि ग्रेनेड या कोई हथियार नहीं थे इसलिए यह घटना उतनी गम्भीर नहीं है। 2001 में तो बाकायदा पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी हमला हुआ था। उस दिन आतंकवादी सफेद एम्बेसेडर कार में आए थे। कार में ड्राइवर और पांच आतंकी थे।**

यह एक इमारत जरूर है पर उससे भी महत्वपूर्ण यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है, उसका प्रतीक है। इसकी पवित्रता पर आंच नहीं आनी चाहिए, क्योंकि संसद है तो लोकतंत्र है, लेकिन इसी भवन में 13 दिसम्बर को दो नौजवान दर्शक गैलरी से लोकसभा के सदन के बीच कूद पड़े और पकडे जाने से पहले अंदर धुएं के कनस्तर से पीला धुआं फैलाने में सफल रहे। दो और साथी बाहर पकड़े गए। यह धुआं हानिकारक नहीं था पर अगर उनके पास इसकी जगह बारूद होता तो क्या होता? उस दिन संसद ने 22 वर्ष पहले हुए हमले में संसद की रक्षा करते मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की थी और इसी दिन ही खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद पर हमला करने की धमकी दी थी पर हमारी सुरक्षा व्यवस्था लापरवाह पाई गई। अपराधियों को वहां ही पकड़ लिया गया पर सवाल तो है कि हमारे यहां 'सब चलता है' की संस्कृति क्यों है कि 1200 करोड़ रुपए की लागत से बने नए संसद भवन की सुरक्षा का कुछ नौजवान मजाक बना गए? जब नया भव्य भवन बनाया गया तो यह बताया गया कि बिल्कुल सुरक्षित होगा, लेकिन कुछ ही महीने में पता चल गया कि भवन बदला, लापरवाह मानसिकता नहीं बदली। इस बार घुसपैठियों के आतंकवादियों के साथ सम्बंध नहीं हैं, न ही वह पेशेवर अपराधी ही हैं, पर अगर होते तो? अब आठ सुरक्षा कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया, लेकिन यह भी छुपा है कि संसद में सुरक्षा कर्मियों की 40 प्रतिशत जगह खाली है। यह कैसे हो गया? नई इमारत में दर्शक गैलरी से सांसदों के ऊपर तक पहुंच जाते हैं जिससे वहां से छलांग लगाना आसान है जबकि पुराने भवन में वह पीछे थी। मुझे याद है कि पहली बार जब मैं संसद की कार्यवाही देखने गया तो सामने लगे जंगले पर मैंने पैर रख दिया। एक सुरक्षाकर्मी तत्काल पहुंचा कि ऐसा करना मना है। ऐसी चौकसी कहां गई? अब तो यह लोग जूतों में छिपाकर स्मोक कैन ले गए और कोई मशीन या कोई गार्ड उन्हें पकड़ नहीं सका। अब शायद दर्शक गैलरी के सामने शीशा लगाया जाएगा ताकि कोई और फिर कूद न सके। डिजाइन में त्रुटि का यह ही इलाज है। संसद और सांसदों को सुरक्षित रखने के लिए सारे उचित कदम उठाए जाने चाहिए पर इसका यह मतलब नहीं होना चाहिए कि जनता, जो वास्तव में इसकी मालिक है, का इस बहाने प्रवेश सीमित कर दिया जाए। जनता को मौका मिलना चाहिए कि वह देख सकें कि उसके सदन की कार्यवाही कैसे चल रही है? दुनिया की कई संसद में तो जनता के लिए विशेष प्रबंध किए जाते हैं। कनाडा की संसद गर्मियों में अपने द्वार लोगों के लिए खोल देती है ताकि लोग वहां बाग में योगा कर सकें। जर्मनी की संसद की इमारत बुंडेस्टैग का गुंबद शीशे का बना हुआ है ताकि लोग ऊपर से देख सकें कि उनके प्रतिनिधि क्या कर रहे हैं? सारा प्रभाव खुलेपन का है। हां, कई संसद में दर्शक गैलरी से पैमफ्लेट फेंकने की घटनाएं हो चुकी हैं। शीशा लग जाने के बाद यह सम्भावना तो समाप्त हो जाएगी पर यह जरूरी ध्यान रखना चाहिए कि संसद का खुलापन सीमित नहीं होना चाहिए। संसद न केवल लोगों की है पर लोगों के लिए भी है। इन लोगों ने यह तमाशा क्यों किया? क्या वह केवल हताशा में सरकार का ध्यान बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर ले जाना चाहते थे या कोई और खतरनाक मकसद था, यह तो जांच ही बताएगी पर यह दिलचस्प है कि यह सब युवा देश के अलग-अलग हिस्सों से हैं। कोई उत्तर प्रदेश से तो कोई बिहार से तो कोई कर्नाटक से तो कोई महाराष्ट्र से है। संसद भवन के बाहर पकड़ी गई लड़की नीलम सिंह हरियाणा से है। वह बहुत पढ़ी-लिखी है और सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारी कर रही थी जबकि उत्तर प्रदेश का सागर शर्मा 12वीं तक ही पढ़ा है। बिहार का ललित झा टीचर है। महाराष्ट्र का अमोल धनराज शिंदे सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था जबकि कर्नाटक का मनोरंजन देवाराजे गौड़ा इंजीनियरिंग कर चुका है। इतनी विविध और असमान पृष्ठभूमि वाले यह नौजवान इकट्ठे कैसे हो गए? इन सबके बारे बताया जाता है कि वह फेसबुक पर 'भगत सिंह फैन क्लब' से जुड़े हुए हैं। यह दिलचस्प है कि भगत सिंह को फांसी लगे 92 साल के बाद भी वह देश के युवाओं के एक वर्ग के आदर्श हैं। पंजाब में तो हर सरकारी दफ्तर में उनकी तस्वीर लगी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान पीली पगड़ी डालते हैं जबकि कोई प्रमाण नहीं कि भगत सिंह ने कभी पीली पगड़ी डाली थी। नीलम सिंह ने फेसबुक पर लिखा है, ' नए भारत के निर्माण के लिए चलो भगत सिंह के रास्ते'। पृष्ठभूमि में भगत सिंह की तस्वीर लगा सागर शर्मा ने फेसबुक पर लिखा है, 'जिन नौजवानों ने कल देश की बागडोर हाथ में लेनी है उन्हें आज ही अकल से अंधा बनाने की कोशिश हो रही है', लेकिन क्या यह लोग भगत सिंह और उनकी वैचारिक गहराई को समझते भी हैं? ठीक है उस महान शहीद ने असेम्बली में बम फेंकते समय कहा था कि 'बहरे कानों को सुनाने के लिए ऊंचे विस्फोट की जरूरत है', पर जिन कानों की वह बात कर रहे थे वह फिरंगी कान थे। वह साम्राज्यवादी कान थे।

विचार

# ज्ञानवापी हिन्दू आस्था का प्रश्न

**मस्जिद को लेकर पहला विवाद 1809 में हुआ था जो साम्प्रदायिक दंगों में तब्दील हो गया था। अदालत में एक मुकदमा 1936 में भी दायर हुआ था जिसका निर्णय 1937 में आया। फैसले में पहले निचले कोर्ट और फिर हाईकोर्ट ने मस्जिद को वक्फप्रोपर्टी माना। 12 सितम्बर, 2022 को वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में देवी-देवताओं की पूजा की मांग को लेकर दायर की गई पांच महिलाओं की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया, साथ ही मुस्लिम पक्ष की याचिकाएं खारिज कर दीं। जब 1991 में ज्ञानवापी मामले में पहला मुकदमा दायर हुआ तो उसके कुछ महीने बाद सितम्बर 1991 में तत्कालीन पी.वी. नघ्रसिम्हा राव सरकार ने उपासना स्थल कानून बना दिया।**

ज्ञानवापी मस्जिद मामले में चल रही कानूनी लड़ाई में इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफसे हिन्दू पक्ष को काफी संतोष मिला है। हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षणघ्के खिलाफ याचिका समेत मुस्लिम पक्ष की सभी याचिकाओं कोघ्ठुकरा दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला देते हुए 1991 के वाराणसी कोर्ट में दायर मुकदमे को सुनवाई योग्य मानते हुए वाराणसी की अदालत को 6 माह के भीतर फैसला देने का निर्देश दिया है। वर्ष 1991 में एक केस फाइल किया गया था। इस याचिका में ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी गई थी। यह केस सोमनाथ व्यास, रामनारायण शर्मा और हरिहर पांडे की ओर से दाखिल किए गए थे। इस केस में दावा किया गया था कि मस्जिद जहां बनी है वो काशी विश्वनाथ की जमीन है। इसलिए मुस्लिम धर्मस्थल को हटाकर उसका कब्जा हिन्दुओं को सौंपा जाए। मस्जिद को लेकर पहला विवाद 1809 में हुआ था जो साम्प्रदायिक दंगों में तब्दील हो गया था। अदालत में एक मुकदमा 1936 में भी दायर हुआ था जिसका निर्णय 1937 में आया। फैसले में पहले निचले कोर्ट और फिर हाईकोर्ट ने मस्जिद को वक्फ प्रोपर्टी माना।

12 सितम्बर, 2022 को वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में देवी-देवताओं की पूजा की मांग को लेकर दायर की गई पांच महिलाओं की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया, साथ ही मुस्लिम पक्ष की याचिकाएं खारिज कर दीं। जब 1991 में ज्ञानवापी मामले में पहला मुकदमा दायर हुआ तो उसके कुछ महीने बाद सितम्बर 1991 में तत्कालीन पी.वी. नघ्रसिम्हा राव सरकार ने उपासना स्थल कानून बना दिया। यह कानून कहता है कि 15 अगस्त, 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे तीन साल की जेल और जुर्माना हो सकता है। अयोध्या का मामला उस वक्त कोर्ट में था इसलिए उसे इस कानून से अलग रखा गया था लेकिन ज्ञानवापी मामले में इसी कानून का हवाला देकर मस्जिद कमेटी ने याचिका को हाईकोर्ट में चुनौती दी। 1993 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्टे लगाकर यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि किसी भी मामले में स्टे ऑर्डर की वैधता केवल छह महीने के लिए ही होगी। उसके बाद ऑर्डर प्रभावी नहीं रहेगा। इसी आदेश के बाद 2019 में वाराणसी कोर्ट में फिर से इस मामले में सुनवाई शुरू हुई। 2021 में वाराणसी की सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट से ज्ञानवापी मस्जिद के पुरातात्विक सर्वेक्षण की मंजूरी दे दी। आदेश में एक कमीशन नियुक्त किया गया और इस कमीशन को 6 और 7 मई को दोनों पक्षों की मौजूदगी में श्रृंगार गौरी की वीडियोग्राफी के आदेश दिए गए। 10 मई तक अदालत ने इसे लेकर पूरी जानकारी मांगी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब 32 वर्ष बाद मुकदमे की सुनवाई का आदेश दिया है और कहा है कि 1991 का उपासना स्थल कानून इस घ्सिविल वाद में बाधित नहीं है। अब जबकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट अदालत में जमा कराई जा चुकी है और उसी के आधार पर स्वामित्व विवाद का हल निकल सकेगा और करोड़ों हिन्दुओं की आस्था जीवंत हो उठेगी। अब वाराणसी कोर्ट 6 माह में अपना फैसला सुनाएगा। हिन्दू पक्ष के वकीलों को उम्मीद है कि अब वजुखाने का सर्वे भी होगा। मेरा अभी भी यह दृढ़ मत है कि काशी विश्वनाथ धाम परिसर में स्थित ज्ञानवापी क्षेत्र को मुस्लिम बन्धुओं को हिन्दुओं को सौंप देना चाहिए और स्वतन्त्र भारत की एकता व 'गंगा-जमुनी' तहजीब में इजाफा करने के लिए अपना बड़ा दिल दिखाना चाहिए। काशी या बनारस हिन्दू मान्यता के अनुसार स्वयं भगवान शंकर द्वारा बसाया गया वह स्थान है जिसमें शहनाई वादन के शहंशाह उस्ताद बिस्मिल्ला खां ने अपनी धुनों से भोलेनाथ को मनाया और शंकर शंभू जैसे महान कव्वालों ने हजरत मोहम्मद सलै-अल्लह-अले-वसल्लम की शान में 'नात' गाया। काशी के विश्वनाथ धाम के बारे में ऐतिहासिक दस्तावेज आज भी संग्रहालय में सुरक्षित हैं कि 1669 में औरंगजेब ने इसका विध्वंस करने का फरमान जारी किया था। इसी प्रकार उसने मथुरा के केशवदेव मन्दिर को भी क्षति पहुंचाने का आदेश दिया था। बेशक यह उस दौर की राजनीति में राजशक्ति दिखाने की कोई रणनीति रही होगा जबकि औरंगजेब के शासन में पूरे मुगल सम्राटों के शासन के मुकाबले सर्वाधिक 'हिन्दू मनसबदार' थे। मगर यह इतिहास का सच तो है ही अतः मुसलमानों को इसे स्वीकार करना चाहिए और भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हुए फराखदिली दिखानी चाहिए। ज्ञानवापी की दरो दीवार यही कहती है कि एक मंदिर के ऊपर मस्जिद खड़ी कर दी गई तो इस्लाम की नजर में भी नाजायज है। अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने कहा है कि वह कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और अंतिम सांस तक लड़ेंगे। कमेटी ने यह भी कहा है कि मस्जिद को आसानी से तश्तरी में सजा कर नहीं देंगे। अब जबकि इंसाफ नहीं हो रहा तो सड़कों पर उतरने के हालात भी बन सकते हैं।

# हिंसामुक्त हो सिनेमा

सिनेमा वालों को ज्यादा कमाना होता है, वो तो वही परोसते हैं जिस पर ज्यादा आम आदमी भरोसा करता है व जिसे बहादुरी की संज्ञा देता है। इसलिए बॉलीवुड हिंसा के नए सिनेमाई विचार लेकर आता है और उससे उसे ज्यादा कमाई होती है। लेकिन समाज में एक असुंतलन पैदा होता है जो कहीं न कहीं हिंसा की ही प्रवृत्ति है। हिंसा युक्त सिनेमा का हिट हो जाना यह दिखाता है कि हम मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गए हैं और कल्पना की गई वस्तुओं को हकीकत मान रहे हैं। जबकि हकीकत कुछ और है। फिल्म निर्माताओं को मश्विरा है कि पैसे के लालच में सिनेमा की सामाजिक जिम्मेवारी को नजरअंदाज न करें। वे अपनी फिल्मों में हिंसा से निर्भरता हटाकर रचनात्मकता की तरफ भी ध्यान दें। कुल मिला कर यदि बॉलीवुड सिनेमा की हिंसा को महिमामंडित न करें तो भारतीय समाज के लिए बेहतर होगा। दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री आशा पारेख ने कहा है कि ज्यादा मारधाड़ व हिंसा वाली फिल्मों पर अंकुश लगना चाहिए। उनका विचार उस वक्त सामने आया है जब हिंसायुक्त बॉलीवुड सिनेमा को दर्शक हाथों-हाथ ले रहे हैं। यह आजकल सुर्खियों का भी हिस्सा है। पिछले कई दशकों से भारतीय सिनेमा में हिंसा प्रमुख रूप से दिखाई गई है। इस हिंसा को अक्सर रूमानी बनाया जाता है, जिसमें हिंसक अभिनय करने वाले नायकों को शक्तिशाली और साहसी रूप में दर्शाया जाता है। इसके विपरीत जो पात्र हिंसा को टालते हैं, उन्हें कभी-कभी कमजोर या कायर के रूप में देखा जाता है। यह कितना ठीक है, इसका समाज, खास तौर पर युवा वर्ग और हमारे बच्चों पर क्या प्रभाव हो रहा है, यह एक गंभीरता से सोचने का मुद्दा है। देखा जाए तो फिल्मों में हिंसा दिखाने का प्रचलन बहुत पुराना है। पुरानी फिल्मों में हीरो और विलेन की फाइट ही क्लाइमेक्स का सबसे मजबूत आधार होती थी, परंतु बीते दशकों में फिल्म निर्माताओं में हिंसा को ही पूरी स्क्रिप्ट का आधार बना दिया है। फिल्म के पहले सीन से आखिरी सीन तक मारधाड़, गोलीबारी और एक्शन दृश्यों की भरमार रहती है। समाज शास्त्री मानते हैं कि भारतीय सिनेमा में हिंसा के चित्रण का समाज पर दूरगामी और जटिल प्रभाव पड़ता है। यह व्यक्तिगत व्यवहार, सामाजिक मानदंडों और यहां तक कि कानूनी ढांचे को भी प्रभावित करता है। सिनेमा जहां समाज का प्रतिबिंब है, वहीं इसमें सामाजिक मूल्यों और व्यवहारों को आकार देने की शक्ति भी है। क्या यह बेहतर नहीं कि फिल्म निर्माता इस बात को ध्यान में रखें कि उनके कार्य का दर्शकों, विशेषकर युवा और प्रभावशाली लोगों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? सिनेमा अगर समाज का आईना है, तो उस आईने में समाज कहां है? या फिर वो आईना समाज को हिंसा पर चलने की सलाह दे रहा है? सिनेमा के जरिए क्रूर हिंसा को महिमा-मंडित करना कितना ठीक है, क्या बॉलीवुड के पास हिंसामुक्त विषय वस्तु का अकाल हो गया है? क्या यह ठीक नहीं है कि कुछ फिल्म निर्माताओं ने दर्शकों में एक ऐसी श्रेणी ढूंढ ली है जिसे स्क्रिप्ट की मौलिकता, रचनात्मकता और भावों के सम्प्रेषण से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें सिर्फ और सिर्फ हिंसा देखने का चस्का है। व्यावसायिक सिनेमा में इस श्रेणी को आकर्षित करने के लिए बिकने लायक मसाला जरूरी है जिसमें हिंसा का तड़का लगाया जाता है। फिल्मों के कारण ही आज की पीढ़ी हमारे आदर्शों से दूर होती जा रही है। फिल्मों के माध्यम से कई लोग हिंसक गतिविधियों में संलिप्त होते जा रहे हैं। प्राय देखने में आता है कि फिल्मों में जो बुराई है उसको समाज बहुत जल्दी ही अपने जीवन का हिस्सा बना लेता है। एक पुराने सर्वे के अनुसार 2018 में गुडग़ांव में दर्ज हिंसा-अपराधों में से 28 फीसदी फिल्मों से प्रभावित थे या अपराधियों का तौर-तरीका बॉलीवुड फिल्मों से प्रेरित था। समाज पर ऐसी हिंसा प्रधान फिल्मों का कैसा प्रतिकूल असर पड़ता है, इस बात का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं। हमें मालूम होना चाहिए कि युवा पीढ़ी के मस्तिष्क पर फिल्मी हिंसा का बेहद गहरा असर पड़ता है।



# राशिफल

**मेष:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# असहमति को दबाने पर उतर आये हैं पीएम मोदी

अरुण श्रीवास्तव



**पिछले कुछ दिनों में जो कुछ हुआ उससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि सरकार की हर कार्रवाई एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। जब सरकार तथ्यों पर आधारित व्यापक जवाब देने में विफल रहती है तो विपक्ष सदन की कार्यवाही में बाधा डालता है। जाहिर है, गोयल का कांग्रेस और भारतीय गुट के सदस्यों पर अपने आचरण से देश को श्शर्मिंदाश् करने और जानबूझकर संसदीय कार्यवाही को बाधित करने का आरोप लगाना निराधार है। गोयल ने कहा संसद को सुचारू रूप से नहीं चलने देना स्पष्ट रूप से उनकी पूर्व नियोजित रणनीति थी, यह देखते हुए कि जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने वाला एक विधेयक राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए रखा गया था, लेकिन विपक्षी सदस्य विरोध कर रहे थे चर्चा की अनुमति नहीं दी। गोयल को भाजपा के संरक्षक लालकृष्ण आडवाणी और उनके सहयोगी अरुण जेटली की कार्यप्रणाली से सीख लेनी चाहिए थी।**

इंडिया ब्लॉक और कांग्रेस की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने के लिए अपने शस्त्रागार को समाप्त करने के बाद, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने के मिशन के साथ, अब यह कहावत उछाल रही है कि नरेंद्र मोदी भारत के लौह पुरुष हैं जो पूरे देश की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके और उसकी अखंडता को बरकरार रख सके।

निःसंदेह, ऐसी दो घटनाएं हैं जो सीधे तौर पर इस मुद्रा को अनुबंधित करती हैंय सबसे पहले, घुसपैठियों का एक झुंड नए संसद भवन में कूद गया और अंदर धुआं बम फेंक दिया, जिससे व्यापक दहशत फैल गईय और दूसरा, लोकसभा और राज्यसभा के 143 सदस्यों का निष्कासन जो मोदी की अटल, जीवन से भी बड़ी छवि के दावों का खंडन करता है। बीजेपी इकोसिस्टम का नया मंत्र यह है कि मोदी अजेय हैं, उनकी सत्ता को चुनौती नहीं दी जा सकती और भारत के पास कोई दूसरा नेता नहीं है जो उनका विकल्प बन सके। दोनों घटनाओं को करीब से देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा अति-राष्ट्रवाद के तत्व को उभारने का प्रयास कर रही है। घुसपैठ के मामले में आश्चर्य की बात यह है कि राजनीतिक और प्रशासनिक दिखावा करने वाले दोनों शीर्ष नेताओं मोदी और अमित शाह ने निष्क्रिय और बहरा कर देने वाली चुप्पी बनाए रखना पसंद किया है। संसद में बयान देना अत्यंत संवैधानिक और कानूनी महत्व का मामला है। लेकिन घर से बाहर मीडिया को दिए गए बयान पर ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। जाहिर है, मोदी और शाह सदन में ऐसा कोई बयान देना पसंद नहीं करते जिससे उनका राजनीतिक दोहरापन उजागर हो। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके कार्य उस अहंकार को दर्शाते हैं जिसने उन्हें इस मनमाने तरीके से कार्य करने और संसद और इसकी पवित्रता के प्रति पर्याप्त अनादर प्रदर्शित करने के लिए मजबूर किया। इसके अतिरिक्त, यह दावा करना कि विपक्षी सांसदों का निलंबन आसन्न हो गया था क्योंकि उन्होंने सदन की छवि खराब की थी और सदन के कामकाज में बाधाएं पैदा की थीं, क्या यह अपने आप में एक भद्दा मजाक है। ऐसा पहली बार नहीं है कि मोदी जानबूझकर संसद में बयान देने से दूर रहे हों। पिछली बार उन्होंने इस हथकंडे का सहारा तब लिया था जब उन्होंने सदन के बाहर मणिपुर पर बयान दिया था। बाद में विपक्ष, विशेषकर राहुल गांधी द्वारा आलोचना किए जाने के बाद, उन्होंने एक सिलसिलेवार संदर्भ दिया। अब निचले सदन में बचे विपक्षी भारत गुट के प्रमुख चेहरों में कांग्रेस की सोनिया गांधी और राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय शामिल हैं। संसद की कार्यप्रणाली के 70 साल लंबे इतिहास में एक या दो दिन के भीतर सैकड़ों विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित किए जाने का जिक्र नहीं है। विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर विपक्ष-विहीन संसद में प्रमुख कानूनों को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कैसी विडंबना है कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ इस बात से आहत हुए कि विपक्ष के नेता खड़गे ने उनके कक्ष में उनसे मिलने के उनके आदेश का जवाब नहीं दिया। धनखड़ ने अपने इनकार को अपना अपमान बताया। सदन फिर से शुरू होने के बाद खड़गे बोलने की अनुमति के लिए हाथ उठाते रहे, धनखड़ ने उन्हें मौका नहीं दिया और इस टिप्पणी के साथ सदन को स्थगित कर दियारू श्यह बहुत दर्दनाक दिन है। सदन को चिल्लाने वाली ब्रिगेड में तब्दील कर दिया गया है। मैंने गहरी पीड़ा के साथ यह (निर्णय) लिया है।श् लेकिन संयोगवश उनकी टिप्पणी 45 सांसदों के निलंबन के बाद आई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने विपक्षी सदस्यों द्वारा शाह के बयान और उनके इस्तीफे की मांग को सदन की सुरक्षा के लिए खतरे के रूप में देखा. कुछ विपक्षी सांसद अपनी मांगें लिखी तख्तियां भी लिए हुए थे।

संसदीय कामकाज में यह कोई असामान्य बात नहीं है। तख्तियां ले जाना निश्चित रूप से उस सदन के लिए खतरा नहीं है जिसके वे सदस्य हैं। निलंबन से राजनीतिक घमासान शुरू हो गया और विपक्षी सदस्यों ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या करार दिया और सदन के नेता पीयूष गोयल ने दावा किया कि यह कार्रवाई आवश्यक थी क्योंकि विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति का अपमान किया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# दिव्यांगजनों की योजना के प्रकरण न रहे पेंडिंगः डीएम



हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण की विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा दिव्यांग पेंशन ,कुष्ठ अवस्था पेंशन योजना ,दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान निर्माण/ संचालन योजना, काक्लियर इंप्लांट योजना, सहायक/ कृत्रिम अंग उपकरण योजना ,यूडीआईडी बनाने की प्रगति ,ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, कार्यालयो में रैम्प बनाए जाने ,दिव्यांग जनों के फैमिली आईडी एवं राशन कार्ड बनाए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि दिव्यांगजनों से संबंधित किसी भी योजना में कोई भी प्रकरण किसी भी स्तर पर पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में दिव्यांग बन्धुओं को जो भी लाभ दिया जाना है ,उसे प्राथमिकता एवं समयबद्ध ढंग से दिया जाए। कहा कि विभिन्न योजनाओं में दिव्यांग बन्धुओ को समेकित रूप से लाभ प्रदान करके दिव्यांग जनों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किया जाए। दिव्यांगजनो को आवास, उज्ज्वला योजना ,राशन, पेंशन ,सामूहिक विवाह योजना, बाल सेवा योजना ,कन्या सुमंगला योजना आदि का पात्रता के अनुसार प्राथमिकता के साथ उन्हें लाभ मुहैया कराया जाए।

बैठक



## गरीबों की कन्याओं की शादी के लिए महत्वपूर्ण योजना है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहः डीएम

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को पात्र जोड़ों के चयन हेतु जो लक्ष्य दिया गया है उसको 10 दिन में पूर्ण कर लिया जाए ताकि जनवरी में एक बड़ा एवं भव्य सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित कर लक्ष्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार कर पात्र जोड़ों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों की कन्याओं की शादी हेतु यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है अतः इसमे किसी तरह की शिथिलता/ लापरवाही न बरती जाए। ज्ञात हो कि इस योजना के अंतर्गत प्रति जोड़ा कुल 51000 की सहायता राशि का प्रावधान है, जिसमें से 35000 लड़की के खाते में तथा 10000 के सामान जिसमें कपड़ा ,बिछिया ,पायल बर्तन दिया जाता है तथा रु0 6000 का कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रावधान होता है। उन्होंने कहा कि पात्र जोड़ों के चयन में प्रधानों , गणमान्य व्यक्तियों सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए।

# यूट्यूब की रील्स देख किशोर ने लगायी फांसी

सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज



मोबाइल फोन में मौत का आसान तरीका देखकर एक किशोर ने गमछे से फंदा लगा लिया।जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। फंदे में लटकता देखकर परिजन से उतर कर अस्पताल लाएं। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

कस्बे के वार्ड संख्या 18 के निवासी अवधेश साहू का पुत्र निखिल उर्फ रज्जू (11) कस्बे के एक पब्लिक स्कूल में कक्षा पांच का छात्र था। गुरुवार को दोपहर 2:00 बजे के बाद यह स्कूल से आकर घर में कमरे के अंदर पड़े सोफे में बैठकर मोबाइल देख रहा था। मोबाइल पर यूट्यूब में नमक से जहर बनाना,मौत का आसान तरीका,फंदा लगाकर मौत से बचने की रील्स देख रहा था। इन्ही वीडियो को देखकर उसने भी गमछे से फंदा लगाते हुए बचने वाला तरीका अपनाने लगा तभी फंदा उसके गला में कस गया।जिससे उसकी दम घुटने से मौत हो गई। पड़ोस से वापस लौटी मां रूबी साहू ने जब बेटे को फंदे पर लटकते देखा तो शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर दौड़े परिजन उसे फंदे से उतार कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां पर डॉक्टर तरुण पाल ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को बगैर सूचित किए शव को लेकर घर लौट गए। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दो भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था। मृतक के पिता अवधेश साहू,मां रूबी,भाई गौरव,बहन तान्या का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर बसपा नेता जयकरण सिंह ने घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# दबाव में आकर भांजे ने की मामा के घर में चोरी

राठ। समृद्धि न्यूज

पड़ोसी ने बहाने से मामा के यहां रह रहे भांजे को घर में बुलाकर उसे बंधक बना लिया और उसके ऊपर दबाव बनाकर घर में रखी नगदी व जेवराज अपने पास मंगा लिए।

जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने भांजे से इसकी पूछताछ की। जिस पर उसने घटना की जानकारी दी। पीड़ित में घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवालो में की है। नगर के मोहल्ला लुधियांतपूरा गुलाब नगर निवासी संजय पुत्र भवानीदीन अहिरवार ने बताया कि ग्राम नौहाई निवासी भांजे आयुष (15) पुत्र दयाशंकर को बीते 25 अक्टूबर के दिन पड़ोसी अखिलेश कुमार पुत्र चंद्रभान उसकी पत्नी पुष्पा व अमित ने अपने घर में तमंचा दिखाकर बंधक बना लिया और डरा धमकाकर उससे घर में रखें 70000 रुपये की नगदी सहित अलमारी से एक सोने की चेन, 8 लेडीज व जेंट्स अंगूठी, सात पीस का मंगलसूत्र, एक जोड़ी कानों के कुंडल इत्यादि को चुरवा कर अपने पास मंगा लिया। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने भांजे से पूछताछ की। लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। जिसपर वह छुट्टी लेकर जब घर आया तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी मिली। इसके पूर्व भी उक्त लोगों ने आयुष से धमकाकर लाखों रुपए की नगदी फोन पे करवा ली थी।

# डेढ़ साल की मासूम का 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

मौदहा। समृद्धि न्यूज



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी में घर के दरवाजे पर खेल रही से डेढ़ साल की मासूम बच्ची के रहस्यमय तरीके से गायब होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि 24 घंटे बीत जाने के बावजूद बालिका के न मिलने पर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्राम पढ़ोरी निवासी रवि कुमार गुप्ता की डेढ़ वर्षीय पुत्री श्रृष्टि बुधवार को शाम अपने घर के दरवाजे पर खेलते समय अचानक गायब हो गई। श्रृष्टि के काफी देर तक दिखाई नहीं देने पर परिजनों ने उसे आसपास तलाश किया, लेकिन जब बच्ची नहीं मिली तो घटना की सूचना कोतवाली में दी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बच्ची के अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। गांव सहित खेतों व नदी के आसपास और ग्रामीणों के घरों पर भी बच्ची की तलाश जारी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। घटना के चौबीस घंटे बाद भी गायब बालिका का कोई सुराग न लगने पर ग्रामीणों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है। क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि गायब बच्ची की तलाश के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है।

# मंजरी फाउंडेशन ने किया सामग्री का वितरण

## सब्जी उत्पादक, थोक व फुटकर विक्रेताओं को तराजू-बांट, इलेक्ट्रॉनिक कांटा बांटा




चरखारी, महोबा। समृद्धि न्यूज

मंजरी फाउंडेशन के द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम (डीएस ग्रुप )के अन्तर्गत उद्यमी के व्यवसाय स्वालम्बन हेतु उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। जिसमे बिभिन्न प्रकार के उद्यमियों को निम्न सामग्री का वितरण किया गया।

सब्जी उत्पादक, थोक व फुटकर विक्रेताओं को तराजू-बांट, इलेक्ट्रॉनिक कांटा,छाता, कैरेट, टार्च, चटाई, बैनर व स्टूल आदि। आटा चक्की वालो को इलेक्ट्रोनिक कांटा, टब, स्टूल, टूल किट, टॉर्च व बैनर आदि खरीद बिक्री केंद्र को - इलैक्ट्रोनिक तराजू, टव, टॉर्च, स्टूल, बैनर, आदि जिसमे महोबा जिला के चरखारी ब्लॉक के 17 उद्यमी किसानों ने सामग्री को प्राप्त किया इस मौके पर एडीओ आईएसबी, एडीओ पंचायत चेतराम वर्मा,राकेश त्रिपाठी, प्रमोद धरमपाल सत्यपाल फूट्स लिमिटेड से पंकज बागवान , निधि मंजरी फाउंडेशन से हरिकांत शर्मा , आशीष पाराशर व अरूण कुमार सहयोग के रूप में उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### मदरसा मिनी आईटीआई परीक्षाएं सम्पन्न




निरीक्षण करते वक्फ निरीक्षक राम सुमेर।

**इटावा।** मदरसा अरबिया कुरानिया में दो पालियों में आयोजित मदरसा मिनी आईटीआई परीक्षाओं का निरीक्षण करते हुए वक्फ निरीक्षक राम सुमेर ने नकल विहीन परीक्षा आयोजन सहित परीक्षा केंद्र की तमाम व्यवस्थाओं पर सन्तोष व्यक्त किया। ज्ञातव्य हो कि उ.प्र. मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग द्वारा मदरसा मिनी आईटीआई योजनान्तर्गत संचालित मदरसा मिनी आईटीआई की सत्र- 2022 की वार्षिक परीक्षा मदरसा अरबिया कुरानिया कटरा शहाब खां इटावा में सम्पन्न हुईं।

### बिजली बिल जमा करने के लिये विभाग ने शुरू की नई व्यवस्था

**इटावा।** बिजली का बिल जमा करने के लिये विद्युत उपभोगताओं को भटकना नही पड़ेगा। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड श्रीप्रकाश ने बताया कि अब बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये घर मे ही बिजली का बिल जमा करने की व्यवस्था शुरू की गई है। अब उपभोक्ता घर मे रीडिंग लेने आये मीटर रीडर को तुरंत भगतान कर सकते है जिससे उन्हें अपना बिल जमा करने के लिये कार्यालय के चक्कर नही लगाने पड़ेंगे। साथ ही ऐसे उपभोक्ता जो ऑनलाइन बिल नही जमा कर पाते है वो भी आसानी से घर बैठे बिल जमा कर पाएंगे।

### विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान



चेकिंग करते विद्युत अधिकारी।

**इटावा।** उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार शक्ति भवन लखनऊ से आई लिस्ट के रोस्टर के अनुसार चेकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर श्याम नगर से संबंधित क्षेत्र यदुवंश नगर में 4 पर लोगो के विरुद्ध कार्यवाही की गई। विद्युत टीम ने 4 लोगो को केबल बायपास करके बिजली चोरी करते पकड़ा गया जिनकी धारा 135 में कार्यवाही करा दी गई हैं जबकि 3 उपभोक्ताओं को धरेलू संयोजन से कमर्शियल उपयोग करते पकड़ा गया जिनकी धारा 126 में कार्यवाही करा दी गयी हैं 6 विद्युत बकायेदारों का 50 के ऊपर बकायेदारों के मीटर उखाड़े गये जबकि 4 उपभोक्ताओं के खराब बदलवाकर नये मीटर लगाए गये।

### टैम्पो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर।** दस दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में जान गंवाने वाले मृतक के पिता ने अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बीते 10 दिसंबर की रात नेशनल हाईवे में फैक्टरी एरिया के समीप सिचौली पुरवा निवासी वसीम (42) की बाइक में अज्ञात टेंपो ने टक्कर मार दी थी। इससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के 10 दिन बाद मृतक के पिता रज्जा उर्फ रजबुद्दीन ने अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

महोबा। समृद्धि न्यूज



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में हुई कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। नवगठित जिला स्तरीय सोशल रिस्पांसिबिलिटी समिति की प्रथम बैठक में समस्त सदस्यों का परिचय प्राप्त करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा समिति के समस्त सदस्यों को सी.एस.आर. के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा उनके सुझाव भी प्राप्त करने का अनुरोध किया गया। बैठक में जनपद की नगर पंचायत कुलपहाड़ के अंतर्गत आने वाले 16 विद्यालयों के निर्माण, पुनर्निर्माण तथा स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। उक्त कार्यों हेतु पावर ग्रिड कॉरपोरेशन आफ इंडिया द्वारा कार्य करने हेतु सी.एस.आर. के तहत फंड देने की सहमति व्यक्त की गई है, जिस पर समिति द्वारा विचार करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि उक्त विद्यालयों के निर्माण में कायाकल्प के 19 बिंदुओं का ध्यान रखते हुए कार्य कराए जाएं। साथ ही संबंधित बैठक का आयोजन प्रति 2 माह में कराने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, चित्रसेन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लीड बैंक प्रबंधक, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज सहित उद्यमी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है योग

**राठ।** क्षेत्र के अमूंद गांव में श्रीधर्म मुनि सतगुरु विद्यालय में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में शिव प्रकाश गुप्ता दाऊ जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने उपस्थित छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, सर्वांगासन, पश्चिमोत्तानासन, शीर्षासन, मयूरासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीथ का अभ्यास कराया। उन्होने कहा कि असफलता का मूल मंत्र कठिन परिश्रम तथा पुरुषार्थ है। यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तभी पठन पाठन संभव हो सकता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर योग जरूरी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रशेखर राजपूत, धीरेंद्र, विवेक, छत्रपाल द्विवेदी, नीलम, स्नेहलता, शिवानी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# शीतलहरी बढ़ी, एमएलसी ने गरीबों को बांटे कंबल, जलवाये अलाव



चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज

गुमान बिहारी मंदिर परिसर में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर एसडीएम डॉक्टर प्रदीप कुमार ने निराश्रित 85 गरीबों को कंबल ओढ़ाये,साथ ही कस्बा के सार्वजनिक स्थानों पचराहा ,बस स्टैंड, कांशीराम कालोनी, टाकीज तिरहा,डियुढी दरवाजा , घड़ी मज्जिद चौराहा आदि में राहगीरों को शीतलहरी को ठंड से बचाव हेतु अलाव जलवाए गयें। इस मौके पर , तहसीलदार रामानंद मिश्रा नायाब तहसीलदार पंकज गौतम, आलोक कुमार मिश्र, कानून गो प्रदीप कुमार,सदर लेखपाल लक्ष्मण सिंह, रामनरेश,सभासद अतुल कुमार द्विवेदी, राजकुमार,विजय सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# एआरटीओ, खनन अधिकारी और पुलिस ने पकड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

इटावा। समृद्धि न्यूज

> खनन माफिया और जेसीबी मशीन का चालक मशीन लेकर फरार

इटावा। अवैध रूप से खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां को एआरटीओ, खनन अधिकारी और पुलिस ने पकड़ा।

बलरई थाना पुलिस ने भी दो ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध खनन में पड़ी तथा दो ट्रैक्टर चालकों को भी गिरफ्तार किया है। सीओ अतुल प्रधान के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल के साथ ग्राम मलाजनी के पास में घेराबंदी की तो पाया कि रात के अंधेरे में खनन माफिया जेसीबी मशीन से खनन कर ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भर रहे हैं। टीम के पहुंचने की भनक लगने पर माफिया ट्रैक्टर ट्राली लेकर भागने लगे। जिस पर टीम ने घेराबंदी कर पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। खनन माफिया और जेसीबी मशीन का चालक मशीन लेकर भाग निकला। पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर दिया गया।

सीओ अतुल प्रधान व बलरई इंस्पेक्टर राजेंद्र विक्रम सिंह फोर्स सहित गांव खा का बाग पहुंचे और देखा कि दो ट्रैक्टरों से अवैध खनन किया जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

महोबा। समृद्धि न्यूज



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त टीकाकरण की समीक्षा की। समीक्षा में कबरई ब्लाक में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रसव होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी नें सभी सी. एच.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों से हर रोज बात करके समय पर इलाज मुहैया कराया जाए तथा कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत दो बच्चों तक लाभ दिया जाता है तथा इस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए।उन्होंने सी. एच. ओ. पनवाड़ी को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा सभी सी.एच.ओ. एक ग्रुप बनाकर आशा, एएनएम से जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिदिन फीडबैक लिया जाये। उन्होंने सभी सी. एच. ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आसाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के तहत निकाली रैली

**मौदहा(हमीरपुर)।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्लास्टिक उन्मूलन रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक को इस्तेमाल न करने के लिए प्रोत्साहित किया। नगर पालिका परिषद से प्लास्टिक उन्मूलन रैली निकाली गई। जिसको चेयरमैन ने हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। रैली में नगर पालिका के कर्मचारी व अधिकारी सहित सभासद मौजूद रहे। इस मौके पर कर्मचारी हाथों में तख्ती ले नारे लगाते हुए लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। साथ ही इससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते रहे।

### ईवीएम स्ट्रांग रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने ने ईवीएम कक्ष, वीवीपैट कक्ष आदि देखा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि का अवलोकन किया। जो क्रियाशील पाए गए। उन्होंने लॉक बुक, कमरे में नमी आदि का अवलोकन कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फायर अलार्म सिस्टम को भी देखा। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में भाजपा, सपा एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील शुक्ला तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नुमायश में ग्रेट राज सर्कस का शुभारंभ आज

इटावा। समृद्धि न्यूज



इटावा महोत्सव की शान हमेशा से सर्कस और खेल तमाशा बाजार रहा है, इस वर्ष भी प्रशासन के प्रयास से ग्रेट राज सर्कस नुमायश में आया है जिसका शुभारंभ आज 22 दिसम्बर दिन शुक्रवार को शाम 7 बजे होगा।

उक्त जानकारी सीतापुर से आये ग्रेट राज सर्कस के मालिक वकील अहमद और नुमायश के खेल तमाशा ठेकेदार टीपू यादव ने सर्कस परिसर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि ग्रेट राज सर्कस के शुभारंभ के बाद रोजाना 3 शो चलेंगे, पहला शो दोपहर एक बजे, दूसरा शो शाम 4 बजे और तीसरा शो रात 7 बजे होगा। सर्कस का टिकट 70 रुपये, 100 रुपये और 150 रुपये रखा गया है। इसके अलावा स्कूली बच्चों को सर्कस देखने के लिए विशेष छूट मिलेगी। सर्कस में जिम्नास्टिक आइटम के साथ झूलों के विभिन्न प्रकार के आइटम होंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कि वह परिवार सहित नुमायश में आकर ग्रेट राज सर्कस का आनन्द लें।

आयोजन

## गुरुवार को तपोभूमि में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# कथा व्यास बोले, मां होती है बच्चे की आदि गुरु

सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज



श्रीगायत्री महायज्ञ की 67वीं वर्षगांठ में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। गुरुवार को कथा सुनने के लिए कस्बा वासियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। उधर मेले में भीड़ का सैलाब उमड़ रहा है।

ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज जी की तपोस्थली में चल रही श्री गायत्री महायज्ञ के 67वीं वर्षगांठ में श्रद्धा का सैलाब उमड़ने लगा है। गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए कथा पंडाल खचाखच भरा हुआ था। कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहा कि मां आदि गुरु होती है। वह पुत्र को जैसा चाहे वैसा बना सकती है। जैसा कि ध्रुव की मां सुमिति ने पिता की बजाय परमपिता की गोद में बैठने के लिए मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में जब तक त्याग नहीं होता। तब तक संतो या भगवान के दर्शन नहीं हो सकते हैं।भगवान की प्राप्ति के लिए साधना के साथ भक्ति का मार्ग अपनाना होगा। कथा व्यास ने कहा कि निष्काम भाव से कार्य करने से ही ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। जीवन में मनुष्य को संतों से सत्संग अवश्य करना चाहिए। तभी हृदय के विकार दूर हो सकते हैं। विकार दूर होने से हृदय निर्मल होता है। तभी ईश्वर की प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि चार चींजे जमीन पर नहीं रखनी चाहिए। जिसमें ब्राह्मण, शालिगराम, संत और ग्रंथ हैं। बताया कि भक्त जिस रूप में भगवान के दर्शन चाहते हैं। भगवान उस रूप में उसे दर्शन देते हैं। उधर यज्ञवेदी में 61 ब्राह्मणों द्वारा गायत्री मंत्र का जाप निरंतर जारी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू व गणेश सेवा समिति के सदस्यों ने कथा व्यास को फूलों की माला व अंगवस्त्र पहनाकर आशीर्वाद लिया।

# जिलाधिकारी ने 106 विद्यालयों के 196 अध्यापकों को टैबलेट का किया वितरण

- ब्लॉक संसाधन केंद्र भिटारा में हुआ आयोजन
- टैबलेट डिजिटल टूल्स की दिशा में एक प्रभावी कदम: बीईओ

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**विद्यालयों में** शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाएं। टैबलेट के माध्यम से शिक्षक स्वयं अपडेट रहें। यह बात लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र भिटारा में टेबलेट वितरण एवं आईसीटी लैब के उद्घाटन पर डीएम राजेश पांडेय ने कही।

लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र भिटारा में टैबलेट वितरण एवं आईसीटी लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश पांडे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्टि अतिथि सीडीओ भीमजी उपाध्याय, डायट प्राचार्य रविंद्र सिंह द्वितीय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि विद्यालयों को निपुण बनाना है। इसके लिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। स्वयं अपडेट रहें और बदलती तकनीकों के बारे में बच्चों को भी




टेवलेट वितरण कार्यक्रम में मौजूद डीएम राजेश पांडेय व अन्य

जानकारी दें। इन टेबलेट के माध्यम से डिजिटल इंडिया और आधुनिक शिक्षा का मिश्रण करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष जोर देने का आवाहन किया। डायट प्रचार्य रविंद्र सिंह द्वितीय द्वारा शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आवाहन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आईसीटी लैब के उपयोग से छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने एवं प्राप्त टैबलेट के द्वारा शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया। खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास ने टैबलेट को डिजिटल टूल्स की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के 106 विद्यालयों के 196 अध्यापकों को टैबलेट का वितरण किया गया। साथ ही डीएम ने आईटीसी लैब का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक खरे ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, बीईओ सुश्री शैलजा व्यास, जिला समन्वयक विश्वनाथ दुबे, एआरपी टीम से अमित गुप्ता, शैलेंद्र निरंजन अतरछला, राजकुमार यादव लहचूरा, नरेंद्र पाल भदवां, गौरव कुमार, कुंज बिहारी, राजनारायण दीक्षित, अजय कुमार, परवीन अख्तर, सरोज गुप्ता, महेंद्र, किरन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ट्रैफिक नियमों के प्रति आमजन को किया गया जागरुक

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार यादव मय टीम के द्वारा जनपद में ट्रैफिक नियमों के अनुपालन हेतु आम-जन को किया गया जागरूक। आज दिनांक 20.12.2023 को यातायात पुलिस द्वारा सिटीमांटेसरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को विशेष सड़क सुरक्षा अभियान0 के तहत यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया। इस दौरान सिटीमांटेसरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात जागरुकता रैली निकालकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को




ओवर स्पीड़ से न चलाने व अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को भी वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिये प्रेरित करें। तथा आम जन को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरुक होकर दूसरे को भी जागरूक कर ट्रैफिक नियमों के पालन करने हेतु सड़क सुरक्षा अभियान में भागीदार बने आदि के प्रति जागरुक किया गया। ट्रैफिक नियमों का उल्लघन करने वाले 146 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 165500 रु0 ई- चालान जुर्माना किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### हत्या के अभियुक्त को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 20000 रु. अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा एक माह में सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- वादी हनीबुल्ला पुत्र दीन मोहम्मद निवासी कोहला थाना हरैया बलरामपुर की तहरीरी सूचना के आधार पर अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री का गला दबाकर हत्या करने के जुर्म में दिनांक- 31-07-2019 को थाना हरैया पर मु0अ0सं0- 102/2019 धारा 302/201 भा0द0वि0 बनाम हकीकुल पंजीकृत हुआ। विवेचना से अभियुक्त हकीकुल पुत्र अजमल निवासी कोहला थाना हरैया जनपद बलरामपुर प्रकाश मे आया। जिसके अभियोग की विवेचना उ0नि0 इफ्तेखार अहमद थाना हरैया द्वारा की गयी तथा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की मानीटरिंग सेल प्रभारी श्री के0के0 यादव, ष्ठळष्ट श्री नवीन कुमार तिवारी एवं थाना हरैया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त हकीकुल उपरोक्त को मा0 न्यायालय स्ष्ठ-1 बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धाराओं के अपराध मे आजीवन कारावास व 20000 रु0 का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

### शांति भंग में अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

**सोनभद्र,कोन।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत द्वारा प्रार्थना पत्र के जांच के दौरान शांति भंग करने की संभावना की दृष्टिगत कु ल छः अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्तगण शिवपूजन राम पुत्र स्व . उखमजी सुखाडी पुत्र स्वर्गीय उखमजी निवासी हड़वरिया एवं संजय कुमार पुत्र स्वर्गीय शंभू नाथ रामेश्वर पुत्र स्वर्गीय रामपति नंदू पुत्र स्वर्गीय राम पति पन्ना पुत्र स्वर्गीय रामपति समस्त निवासीगण खेतकटवा को बृहस्पतिवार को भिन्न-भिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर लिया गया है । समस्त अभियुक्त को उपजिला मजिस्ट्रेट ओबरा भेजा गया ।गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत उप निरीक्षक ओंकारनाथ राय उप निरीक्षक राम गोविंद हेड कांस्टेबलअनिल कुमार सिंह हेड कांस्टेबल संजय यादव कांस्टेबल पन्नालाल सहित कांस्टेबल नीतीश राज मौजूद रहे।

### जब तक शिक्षकों की सारी लंबित मांगों पूरी नहीं हो जाती तब तक टैबलेट से सूचनाएं नहीं भेजी जाएंगी: भोलानाथ

**दुद्धी सोनभद्र।** बीआरसी दुद्धी में आज बृहस्पतिवार को शिक्षकों के लिए टैबलेट वितरण हुआ।इस संबंध में श्री भोलानाथ (अध्यक्ष, प्रा शि संघ,दुद्धी) ने कहा कि सोनभद्र में सभी संगठनों के मुखिया एकजुट होकर समन्वय समिति बना चुके हैं।सभी संघों के प्रमुखों ने एकमत होकर कहा कि जब तक शिक्षकों के लंबित मांगों को पूर्ण नहीं किया जाता तब तक हम टैबलेट तो रिसीव करेंगे लेकिन उससे कोई सूचनाएं नही भेजेंगे।ब्लॉक संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र चौबे ने कहा कि टैबलेट चलाने हेतु विभाग हमें सीयूजी नंबर भी उपलब्ध कराए।हम अपने व्यक्तिगत आई डी से सिम क्यों लें? भविष्य में इससे हम कई अनचाही समस्याओं में घिर सकते हैं।ब्लॉक दुद्धी के सभी संघों,संगठनों से भी आवाहन है कि जिले की भांति ही यहां भी अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए शिक्षक हित में सहयोग प्रदान करें।

### पंचायत सहायकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** स्थानीय विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में पंचायत सहायको ने 6 सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ सुमित कुमार को सौपा है जिसमे विभिन्न मांगे है। पंचायत सहायको ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि कृषि विभाग द्वारा क्रॉप डिजटल सर्वे पंचायत सहायकों से जबरन कराया जा रहा है जो गलत है (2) पंचायत सहायको का मानदेय महीने में 1 तारीख से लेकर 5 तारीख तक मानदेय दिलाया जाय (3) पंचायत सहायक का अल्प मानदेय के मद्देनजर जिला मुख्यालय पर बैठक में सम्मिलित होने पर भत्ता दिलाया जाय (4) ग्राम पंचायत में 5भुगतान पंचायत सहायको से क्रय आ जाय जो शाशन का आदेश है (5) शासन द्वारा घोषित अवकाश में पंचायत सहायको से जबरन कार्य न कराया जाय। नाराज पंचायत सहायको ने ज्ञापन देकर अपनी मांग रखी है।

# डीएम ने सर्द रात्रि में नगर भ्रमण कर निराश्रितों को बांटे कम्बल

- खुले आसमान में रात काटने वालों को पहुंचाया शेल्टर होम

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने बीती देर रात्रि में शीतलहर एवं ठण्ड के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, बस स्टैंड व राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्थित रैन बसेरों एवं अलाव का निरीक्षण किया साथ ही निराश्रित व असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। निराश्रित असहाय सड़क के किनारे पटरियों पर सोने वाले व्यक्तियों को कंबल दिए गए साथ ही रैन बसेरे और शेल्टर होम में रहने हेतु प्रेरित किया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुले आसमान के नीचे रात काटने वाले व्यक्तियों को रैन बसेरा वह शेल्टर होम में पहुंचाया जाए। इस दौरान कबंल मिलने के बाद असहाय व जरूरतमंदों के चहरे पर खुशी देखने को मिली। उन्होंने रैन बसेरा में ठहरे हुए व्यक्तियों से वार्ता कर उनका हाल जाना और व्यवस्था के बारे में जानकारी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल व अन्य स्थानों पर रैन बसेरा व अलाव की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने रैन बसेरों में आने व जाने वाले लोगों के लिए बेड खाली और समुचित व्यवस्था क्षमता के अनुसार सभी रैन बसेरे में लोगों को रखने की निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि खुले आसमान में रात गुजारने वाले लोगों को रैन बसेरा व शेल्टर होम में शरण दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी तहसील क्षेत्र और नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में रात में भ्रमण करते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरण करें साथ ही बनाए गए रैन बसेरे और शेल्टर होम का भी निरीक्षण करें, जिससे भीषण शीतलहर में लोगों को सर्दी से बचाया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, अधिशासी अधिकारी विमलापति आदि मौजूद रहे।

# बढ़ रही गलन और ठंड को देखते हुए प्रमुख स्थानों पर जलवाये जा रहे हैं अलाव

**चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**नगर में** इन दिनों कड़ाके की ठंड से आम लोगों के जनजीवन पर काफी असर पड़ रहा है लगातार गलन और ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है ऐसे में कड़ाके के ठंड के मद्देनजर रखते हुए नगर पंचायत द्वारा नगर के चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ियों की व्यवस्था कराई है। नगर पंचायत द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर लकड़ियां वितरित कर अलाव जलाए गए हैं। वहीं अलाव जलने से यात्रियों सहित आमजन, व्यापारियों एवं सभी लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिल रही है। इस बाबत नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली व अधिशाषी अधिकारी देवहूति पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जब तक नगर में ठंड पड़ेगी नगर में निकाय द्वारा अलाव जलवाए जाएंगे। किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। गौरतलब है कि मौजूदा समय में गलन और ठंड बड़ी तेजी से बढ़ रही है दोपहर में कुछ देर की राहत के बाद गलन बढ़ने लग रहा है और साम होते होते बाजार में सन्नाटा पसर जा रहा है आलम यह है कि लोग बाग बाजार संबंधित कामकाज निपटा कर समय से घर पहुंच जा रहे हैं ताकि ठंड से बचाव हो सके इस समय पूरा इलाका जबरदस्त ठंड से गुजर रहा है ।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न, दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पीएम विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना, उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अधिनियम 2020, जनपद स्तरीय एमओयू को क्रियान्वयन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हुए एमओयू में ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारे। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए इच्छुक उद्यमियों से संबंधित विभागों के अधिकारी वार्ता करते हुए उन्हें नई औद्योगिक नीति के माध्यम से सुविधा प्रदान करते हुए निवेश के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में ऋण प्रदान करने में बैंक लापरवाही ना बरते। लाभार्थियों को सरलता से ऋण प्रदान करें, बेवजह कागजों में कमी बताकर लाभार्थियों को ना लौटाया जाए, यदि कोई कागज काम है तो लाभार्थी से समन्वय बनाते हुए उसको दूर कर ले। स्वरोजगार योजना में ऋण स्वीकृति के बाद वितरण हेतु आवेदन लंबित रहने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

उन्होंने कहा कि स्वीकृति के बाद बेवजह ऋण वितरण के लिए फाइल लंबित न रखी जाए। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के उद्यमियों की समस्याओं एवं सुझाव को भी सुना एवं इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**उतरौला,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के ग्राम नन्दौरी निवासी कृष्ण कुमार ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य कई आला अधिकारियों को पत्र भेजकर थाना उतरौला के सुभाष नगर निवासी रजनी केपी तथा लेखा केपी पत्नी पर मुकदमा पंजीकृत किए जाने की मांग की है। कृष्ण कुमार ने बताया कि ये दोनो आपस में सगी बहन है। तथा दोनों साथ मिलकर डुमरियागंज रोड पर छिपिया गांव में पिछले कई वर्षो से फर्जी डिग्री पर गैर पंजीकृत शिफा नाम का अस्पाताल संचालित कर रही थी। इस अस्पताल में इलाज दौरान इलाज एक बच्चे की मृत्यु हो गयी जिसमें रजनी केपी के विरूद्ध उतरौला थाना में मुकदमा पंजीकृत हुआ। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रजनी लगभग एक वर्ष तक जेल में बन्द रही। इस दौरान उसकी बहन लेखा केपी ने प्रार्थी के पास फोन कर कहा कि रूपये के अभाव में मुकदमें की पैरवी नही हो पा रही है। रजनी अपना उतरौला का मकान/अस्पताल बेचना चाहती है ।अगर आपको लेना हो तो जेल मे उसकी बहन से मुलाकात कर ले। प्रार्थी विपक्षी से जेल में मुलाकात की। जहाँ रजनी ने कहा मुझे रूपयों की सख्त जरूरत है इसलिए मैं अपना मकान/अस्पताल 50 लाख रूपये में बेचना चाहती हूँ । रजनी ने पीड़ित से कहा कि मुझे 10 लाख रूपया दे दीजिये जेल से छूटकर आपको बैनामा कर दूगी तथा इसके बावत आप कोई लिखा-पढ़ी चाहते हो तो मैं तैयार हूँ बाकी बात आप मेरी बहन से कर लीजिए।तथा पैसा उसी को दे दीजिये क्योकि मुकदमे की पैरवी वही करती है। रजनी के कहने पर प्रार्थी ने रजनी की बहन लेखा को पाँच लाख रूपये नगद दिया जिसकी वीडियो रिकार्डिंग रूपया देते हुए मौजूद है। तथा पाँच लाख रूपया लेखा ने अपने खाते में एवं एक सहयोगी के खाते में डलवाया। पैसा डालवाने के उपरान्त लेखा प्रार्थी को लेकर रजनी से जेल मुलाकात कराने ले गयी। जहाँ प्रार्थी ने रजनी को बताया कि आपके कहने पर 10 लाख रूपया लेखा को दे दिया है। जिस पर रजनी ने कहा कि ठीक है अब और पैसा मत दीजियेगा मैं जमानत होने के उपरान्त अपना मकान/अस्पताल का बैनामा लिख दूंगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः- 45/1-30 निविदा/2023-24 दिनांक 21/12/2023

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अधीन निम्न सारणी के अनुसार कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छु फर्म/एजेंसी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 30/12/2023 समय 4.00 बजे तक सीलबंद निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आंमंत्रित तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 30/12/2023 सायं 4:30 बजे तक उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के नाम बंधक होगी। जो एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/नकद जमा रसीद-फार्म-5/टी0डी0आर0 के रुप में स्वीकार की जावेगी। बिना जमानत व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के समक्ष अधिकारी को सुरक्षित रहेगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | आगणन/ अनु0 लागत (जी0एस0टी सहित) | निविदा मूल्य + जी0एस0टी | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना कादरीगेट परिसर में 02 सीटर शौचालय निर्माण कार्य। | 736000.00 | 885.00 | 73600.00 | 01 माह |
| 2 | वार्ड सं0 38 मो0 ग्वालटोली में एम0आई0सी0 के पास यूरिनल निर्माण कार्य। | 247000.00 | 295.00 | 24700.00 | 01 माह |
| 3 | वार्ड सं0 14 मो0 हाथीखाना में मछली अड्डा के पास यूरिनल निर्माण कार्य। | 247000.00 | 295.00 | 24700.00 | 01 माह |
| 4 | वार्ड सं0 14 शाखा कार्यालय फतेहगढ़ कानपुर रोड मार्ग पर यूरिनल निर्माण कार्य। | 256000.00 | 354.00 | 25600.00 | 01 माह |
| 5 | वार्ड सं0 40 घुमना सब्जी मण्डी के पास पुरुष एवं महिला यूरिनल निर्माण कार्य। | 247000.00 | 295.00 | 24700.00 | 01 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद**

**बचाव** | शीत लहर से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

# सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के साथ ही रैन बसेरों का किया गया है प्रबंध: डीएम

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



**शीत लहर** एवं ठण्ड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ठण्ड से बचाव के लिए गाइड लाइन यानी ठण्ड से बचाव को लेकर क्या करें, क्या न करें के बारे में बताया गया है। जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने बताया कि जन सामान्य को ठण्ड से बचाने के लिए जिले में डेढ़ सौ अलाव स्थलों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही बलरामपुर नगर क्षेत्र में दो जगहों पर, नगर पंचायत तुलसीपुर में एक, नगर पंचायत उतरौला में एक, नगर पंचायत पचपेड़वा में एक जगह तथा नगर पंचायत गैसड़ी में एक जगह पर निराक्षितों, असहायों एवं राहगीरों के ठहरने के लिए रैन बसेरे स्थापित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में कोई निराश्रित, असहाय अथवा राहगीर निःशुल्क ठकर सकता है। सभी रैन बसेरों में शासन के निर्देशानुसार समुचित प्रबन्ध किये गए हैं। प्रत्येक रैन बसेरे के नोडल अधिकारी और केयर टेकर नियुक्त किये गये हें जो रैन बसेरों में समस्त आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने ठण्ड से बचाव के उपायों के बारे में बताया कि हमें लगातार समाचार पत्रों, रेडियो एवं टीवी के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहना चाहिए। कान, नाक व गले को ढक कर रखें। कई परत वाले गर्म कपड़े पहनें। कमरे को गर्म रखने के लिए जलावन यानी लकड़ी का प्रयोग कतई न करें क्योंकि इससे कमरे में धुआं फैलने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। कोयले की अंगीठी, हीटर या ब्लोअर आदि का प्रयोग आप कर सकते हैं लेकिन सावधानी बरतते हुए। कमरे की खिड़कियां खोल के रखें ताकि अंगीठी से उत्पन्न जहरीले धुएं से आपको नुकसान न हो तथा कमरे में आक्सीजन की कमी भी न होने पावे। घर के अन्दर सुरक्षित रहें। जब तक बहुत आवश्यक न हो तब तक घर से बाहर न निकलें। स्नान हेतु गरम पानी का प्रयोग करें। विशेष परिस्थितियों के लिए ईंधन बचाकर रखें। शरीर को गरम रखने हेतु पेय पदार्थो एएवं पौष्टिक आहार का सेवन करते रहें। शरीर के अंगों का सुन्न होना, हाथ पैर, कान पर सफेद या पीले रंग के दाग पड़ने पर तुरनत डाक्टर से सम्पर्क करें। शराब या मदिरा का सेवन न करें क्योंकि यह शरीर के तापमान को कम कर देता है। कंप कपी को नजर अंदाज न करें तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें और सबसे जरूरी बात यह कि अपने पशुओं को रात में ढक कर रखें तथा उन्हें सड़कों पर न चराएं। जिलाधिकारी सिंह ने बताया कि ठण्ड से बचने के लिए सर्दियों में तिल का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा खजूर का सेवन करें खजूर में विटामिन-ए, विटामिन-बी, कैल्शियम, पोटैशियम और अन्य विटामिन्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं जिससे शरीर के पर्याप्त पोषक तत्व मिलते हैं। सर्दी में अंडे का भी सेवन करना चाहिए, अंडे में प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसके साथ ही गुड़, अदरक, शहद और हल्दी दूध आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर है, इसका सेवन भी बहुत फायदेमंद होता है। इसके साथ ही सर्दी के दौरान कुहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से भी बचने के लिए सुरखा उपायों को अपनाने की सलाह दी गई है।

### इन जगहों पर बनाये गये हैं रैन बसेरे

ठण्ड से कोई भी व्यक्ति प्रभावित न होने पावे, इसके लिए जिले में पांच रैन बसेरे बनाये गये हैं जिसमें नगर क्षेत्र में अम्बेडकर तिराहे पर अलीगढ़ मेडिकल स्टोर के सामन स्थाई रैन बसेरा और रोडवेज बस स्टाप पर अस्थाई रैन बसेरा, नगर पालिका उतरौला में रोडवेज बस स्टाप के पास एसडीएम आवास के निकट, नगर पंचायत तुलसीपुर परिसर में तथा नगर पंचायत पचपड़ेवा में जलकल परिसर रामलीला मैदान में रैन बसेरा संचालित है जहां पर ठहरने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हैं।

# अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक में विचाराधीन बन्दियों के संबंध में हुई चर्चा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में प्रभारी जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बैठक
- बैठक में जिला कारागार अधीक्षक ने कारित अपराध की अधिकतम सजा की आधी अवधि व्यतीत कर चुके विचाराधीन बन्दियों का विवरण प्रस्तुत किया



**प्रभारी जनपद** न्यायाधीश लोकेश वरूण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी ने 01 विचाराधीन बंदी का विवरण प्रस्तुत किया, जो कारित अपराध की अधिकतम सजा की आधी अवधि व्यतीत कर चुके है, तथा 03 ऐसे यूपीटी का विवरण प्रस्तुत किया जो जमानत के उपरांत भी जमानतदार के अभाव में कारागार में निरुद्ध हैं। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा उक्त विचाराधीन बंदियों के मामलों का अवलोकन कर संबंधित न्यायालय में उक्त विचारधीन बंदियों की जमानत शर्तो में शिथिलता एवं उनकी नियमानुसार रिहाई हेतु आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी जनपद न्यायाधीश लोकेश वरुण ने बैठक में मौजूद एसपी अमित कुमार आनन्द, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल एवं अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार समेत समिति के सदस्यों से आपेक्षा की कि धारा 436 ए दण्ड प्रकिया संहिता से सम्बन्धित बन्दियों की स्थिति पर विचार करते हुए यह सुनिश्चित करेंगें कि उक्त धारा 436 ए दण्ड प्रकिया संहिता का लाभ प्राप्त करने योग्य बन्दी तथा शमनीय मामलों से आच्छादित कोई भी बन्दी अनावश्यक रूप से जेल में निरूद्ध न रहे। इसके अलावा उन्होंने पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के पात्र पीड़िताओं, जिनको न्यायालय के आदेश अनुसार क्षतिपूर्ति दी जानी है, उनके संबंध में अभिलंब आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि उक्त समिति के निर्देशानुसार जेल अधीक्षक द्वारा धारा 436ए सीआरपीसी के अन्तर्गत आने वाले निरुद्ध एक विचाराधीन बंदीं की रिहायी हेतु संबंधित न्यायालयों में अविलंब आवेदन प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत कर उनकी रिहायी सुनिश्चित करायी जायेगी।

# धूमधाम से मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल का स्वर्ण जयन्ती सम्मेलन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




**उ0प्र0 उद्योग** व्यापार मण्डल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर व्यापार मण्डल स्वर्ण जयन्ती वर्ष मना रहा है। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष रामजी अग्रवाल ने प्रेस कान्फ्रेन्स के दौरान बताया कि स्वर्ण जयन्ती वर्ष का समापन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले के सभी पदाधिकारियों और व्यापारियों से समारोह में शामिल होने की अपील की गई है।

गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष रामजी अग्रवाल ने बताया कि आगामी 23 व 24 दिसम्बर को स्वर्ण जयन्ती वर्ष का समापन समारोह स्पर्श लान बरेली मे आयोजित होगा, जिसमे संगठनात्मक चर्चा, संगठन की मजबूती पर चर्चा व व्यापार को बदले परिदृश्य में आगे ले जाने पर चर्चा होगी। साथ में यह भी तय होगा कि आगे लोकसभा चुनाव में व्यापारियों का क्या कदम होगा और वे किस दिशा व लक्ष्य की ओर बढ़ेगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा व लाला विशम्बर दयाल द्वारा 50 वर्ष पूर्व मां गंगा के पावन तट वाराणसी में उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल की स्थापना की गई थी। बताया कि उक्त कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित अन्य कई मंत्री व देश व प्रदेश के व्यापारी प्रतिनिधि शामिल होंगे। कहा कि जनपद से संगठन के पदाधिकारी समेत लगभग आधा सैकड़ा से अधिक व्यापारी कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशील दुबे व रतन गुप्ता एवं जिला कोषाध्यक्ष यतीश स्वरुप सक्सेना, नगर अध्यक्ष पुनीत गुप्ता, नगर महामंत्री प्रदीप वर्मा उर्फ मुन्ना, नगर महामंत्री कपिल गुप्ता, नीरज वैश्य, अरविंद दुबे सहित संगठन के तमाम पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# डीजे, एसपी व एडीएम ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का किया निरीक्षण

- आलाधिकारियों ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणो की क्रियाशीलता को परखा, बैरकों की तलाशी करायी, बन्दियों की सुनी समस्याएं

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**गुरुवार को** प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं पुलिस अधीक्षक और एडीएम ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आलाधिकारियों ने सभी महिला पुरुष बैरकों की तलाशी करायी। सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणो की क्रियाशीलता को देखा। जेल अस्पताल, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर महिला व पुरुष बन्दियों की समस्याओं को सुना और जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिये।

गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे प्रभारी जनपद न्यायाधीश लोकेश वरुण एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द और एडीएम आशीष कुमार ने कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्व बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछतॉछ की। साथ ही बैरकों की तलाशी करायी। तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी। कारागार में पर्याप्त साफ सफाई पायी गयी। बंदियों से पूछताछ के दौरान कारागार से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली। आलाधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरें आदि की क्रियाशीलता को परखा। सभी उपकरण क्रियाशील मिले। पाकशाला का भी निरीक्षण किया। यहा बनाये गये भोजन को चेक करने पर गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतें। कहा कि कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चिति करे। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय, उर्मिला सिंह, उपकारापाल रामबहाल दुबे, चिकित्साधिकारी डा. विकास वर्मा तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, सहायक अध्यापक मनोज कुमार कटियार, जेल वार्डन कुलदीप कुमार, सुनील मिश्रा आदि प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# ठंड से बचाव के लिए नगर पंचायत ने अलाव जलवाएं



समधन, समृद्धि न्यूज़

**ठंड** को देखते हुए आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए नगर पंचायत ने अलाव जलवाएं टाउन कार्यालय की अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह व अध्यक्ष आसमा बेगम के निर्देश पर नगर पंचायत समधन में सार्वजनिक स्थानों कार्यालय के बाहर मुख्य सड़क किनारे चाय होटलों सब्जी मंडी मंदिर, मस्जिद के बाहर आदि स्थानों पर अलाव जलवाए गय अलाव जलनें से स्थानीय लोगों व राहगीरों को ठंड से काफी राहत मिलने लगी हैं। अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ठंड से राहत पहुंचाने के लिए नगर पंचायत बहुत ही सजग है। पूरे नगर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। आगे उन्होंने बताया कि अलाव जलनें के नाम पर टाउन के किसी भी कर्मचारी द्वारा लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए अगर लापरवाही मिली तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# खबरें चलते-चलते

## कृषि आधारित व्यवसाय पर रोजगारपरक प्रशिक्षण संपन्न

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी पर ग्रामीण नवयुवतियों हेतु 21 दिवसीय रोजगारपरक प्रशिक्षण का आयोजन समापन किया गया। प्रशिक्षण में जलालाबाद ब्लॉक की 16 ग्रामीण नवयुवतियों ने प्रतिभाग किया। केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया की वर्मी- कम्पोस्ट, मशरूम उत्पादन व मधुमक्खी पालन ऐसे कृषि आधारित व्यवसाय हैं। जिसे महिलाओं द्वारा अत्यंत सहजता से अपना कर लाभ कमाया जा सकता है। महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन,मशरूम उत्पादन व मधुमक्खी पालन की तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी गई। केंद्र द्वारा 40 किलो ओयस्टर व 12 किलो बटन मशरूम के स्पॉन का महिलाओं के बीच वितरण भी किया गया। केंद्र पर स्थापित इकाइयों का भ्रमण कराकर व्यवसाय की बारीकियों से अवगत कराया गया। समुचित पैकिंग व मार्केटिंग द्वारा अधिक से अधिक आर्थिक लाभ कमाने की तकनीक भी साझा की गई।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे देख स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस कर्मियों ने घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गुरुवार को मुजफ्फरपुर बिहार निवासी आकाश तिवारी उम्र 41 वर्ष नगर के पूर्वी क्रॉसिंग के निकट कासगंज से कानपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया। घटना को देख आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इसके बाद रेलवे पुलिस के कर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत के चलते घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## खेत पर अवैध कब्जा कर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत पर कब्जा करने से मना करने पर आरोपियों ने युवक के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम संतोषा निवासी सुधीर कुमार ने दर्ज कराए मुकदमें में बताया है कि ग्राम झूसीनागर निवासी दीपू और उसका बहनोई श्याम ने 09 दिसंबर को उसके खेत पर कब्जा करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खुदी हुई नीव को बंद करने पर हुई मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खुदी हुई नीव को बंद करने का विरोध करने पर आरोपियों ने युवक के साथ अभद्रता करते हुए उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम महोना निवासी विपिन तिवारी ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में बताया है कि गांव के ही रामलाल, शिवकांत ने 20 दिसंबर की शाम 050 बजे उसकी खुदी हुई नीव को बंद कर दिया। जिससे उसकी काफी नुकसान हो गया। घटना के बाद जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच उप शुरू कर दी है।

## कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 आनन्द कुमार सिंह, क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ द्वारा ग्राम रामलीला गड्ढा एवं कुइयाँ डेरा में दबिश देकर 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की।

# वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**न्यायालय द्वारा** फरार घोषित अपराधी को थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में व प्र0नि0 जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा एक नफर स्थाई वारण्टी पप्पू नट पुत्र रामस्वरूप निवासी मो0 नई वस्ती थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज हाल पता ग्राम कोला थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर सम्बन्धित मु0नं0-427/2010 भादवि न्यायालय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश/गैंगस्टर एक्ट कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। भादवि में वारण्टी अपराधी पप्पू नट पुत्र रामस्वरूप उम्र करीब 50 वर्ष निवासी मो0 नई वस्ती थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज हाल पता ग्राम कोला थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर करीब 14 वर्ष से मा0 न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था । मा0 न्यायालय द्वारा वारण्टी अपराधी पप्पू नट पुत्र रामस्वरूप निवासी मो0 नई वस्ती थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज हाल पता ग्राम कोला थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को फरार घोषित अपराधी करते हुए एक स्थाई वारण्ट जारी किया गया था । जिसे पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ÷अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान÷ के तहत कोतवाली छिबरामऊ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बहवलपुर के पास से अभियुक्त- पप्पू नट पुत्र रामस्वरूप निवासी मो0 नई वस्ती थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज हाल पता ग्राम कोला थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार शुदा वारण्टी अभियुक्त को जेल भेज।

# छात्रावास में व्याप्त समस्याओं को लेकर एबीवीपी के पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य का किया घेराव

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने प्रधानाचार्य को सौंपा ज्ञापन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



के.के. इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपते परिषद के पदाधिकारी व छात्र

**सरायमीरा कन्नौज** रोड स्थित के.के, इंटर कॉलेज के छात्रावास में व्याप्त समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों के साथ कालेज पहुंच कर प्रधानाचार्य का घेराव करते हुए समस्याओं का निराकरण कराए जाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद एबीवीपी के पदाधिकारियों और छात्रों ने प्रधानाचार्य को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। साथ ही अल्टीमेट दिया कि एक हफ्ते में छात्रावास में व्याप्त समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

गुरुवार को अभाविप के पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा की अगुवाई मे छात्रों ने केके इण्टर कालेज के छात्रावास में व्याप्त समस्याओं को लेकर कालेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा का घेराव कर उन्हें समस्याओं से सम्बन्धित चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान दीपक वर्मा व छात्रावास में निवास करने वाले छात्रों ने कहा कि छात्रावास में स्थापित पानी की टंकी की सफाई न होने सें काफी समय से गन्दगी और कीड़े पड़ गये हैं। पानी इतना गंदा है कि कई छात्र खुजली आदि समस्या से ग्रसित हैं। साथ ही टॉयलेट में दरवाजा नही है, यहां भी गन्दगी का अम्बार है। सुबह नित्य क्रिया के लिए छात्रावास से बाहर जाना पड़ता है बताया कि छात्रावास में बिजली की व्यवस्था न होने के कारण पढ़ाई में व्यवधान है। पड़ोस से बिजली आपूर्ति कर किसी तरह रहने पर विवश हैं। मामले को लेकर प्रधानाचार्य को कई बार मौखिक रूप से सूचना दी गई, लेकिन समस्या का समाधान नही हो सका और उन्हें डांट कर भगा दिया गया। जिसके बाद परिषद के जिला संगठन मंत्री चित्रांशु को उक्त समस्या के बारे में अवगत कराया गया। जिसके बाद परिषद के पदाधिकारियों ने छात्रों की उक्त समस्या का गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को कालेज के प्रधानाचार्य का घेराव कर उन्हें समस्या का निराकरण कराए जाने की। अभाविप के पदाधिकारियों ने उक्त समस्या का एक हफ्ते में निराकरण न होने पर छात्रों के साथ धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवा शर्मा, विशाल दुबे, अक्षत, सुमित कुशवाहा, पवन, ऋतुराज पांडेय, विक्रांत, विपिन सहित एक सैकड़ा से अधिक छात्र मौजूद रहे।

# अतिक्रमण विरोधी अभियान के अंतर्गत फुटपाथ को कराया गया खाली



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर पालिका** परिषद द्वारा जिला अधिकारी के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर फुटपाथ को कराया खाली। नगर पालिका परिषद के शासन अधिकारी सुनील कुमार सिंह नायब तहसीलदार भारत मौर्य के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के कर्मचारी यो के साथ शहर पोस्ट ऑफिस से लेकर एक एक पटरी पर चलाया अतिक्रमण अभियान इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर फुटपाथ को कराया गया खाली आया कराया कुछ दुकानदारों से अधिशासीअधिकारी में काफी कहां सनी हो गई दुकानदार यहां तक के की धरने की भी चेतावनी दे डाली और अधिशासीअधिकारी को काफी नोंकझों होती रही कि नगरपाल का कर्मचारियों द्वारा पक्षपात किया जा रहा था इसलिए यह घटना सामने आई नगर पालिका कर्मचारियों के साथ-साथ रहा कुछ एक स्थान पर अधिशासी अधिकारी हुआ दुकानदारों के साथ हुई नोक जोक हुई तक अतिक्रमण अभियान चला इस तरीके से नगर पालिका परिषद द्वारा दो दिवसीय अतिक्रमण विरोधी अभियान संपन्न हुआ।

**बैठक** — जिला विकास अधिकारी नरेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक

# साप्ताहिक बाजार बंदी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये: नरेंद्र द्विवेदी

- बैठक में व्यापारियों की सुनी गई समस्याएं, औद्योगिक भवनों हेतु अग्निशमन यंत्र लगाये जाने के दिये गये निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**गुरुवार को** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी नरेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला विकास अधिकारी ने कहा कि पीएम विश्वकर्म योजना का मुख्य उद्देश्य शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता प्रदान कर उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी करना है। उन्होने निर्देश दिये कि साप्ताहिक बाजार बंदी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये तथा औद्योगिक भवनों हेतु अग्निशमन यंत्र लगाये जाये। बैठक में औद्योगिक भवनों में अग्निशमन की सुरक्षा व्यवस्थाओं अग्निशमन विभाग द्वारा कार्यशाला की प्रस्तुति की गई, जिसमें बताया गया कि जनपद कन्नौज में 3 फायर स्टेशन, तिर्वा, छिबरामऊ में संचालित है, तथा फायर स्टेशन हसेरन प्रस्तावित है। अग्निसुरक्षा हेतु भवन में बेसमेंन्ट का उपयोग पार्किग एंव अज्वलनशील सामान्य के भण्डारण हेतु ही अनुमन्य है। औद्योगिक भवनो में प्रस्तावित की जाने वाली नियमतः अग्निशमन सुरक्षा प्रणाली में वर्गीकृत की गई श्रेणियों में एनबीसी 2016 के टेबुल 07 के अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्रस्तावित किया जाता है। बैठक में मौजूद व्यापारी संगठनां के पदाधिकारियों ने कहा कि साप्ताहिक बंदी में दुकाने, माल आदि खोले जाते है, जिससे व्यापार में काफी नुकसान होता है, जिस पर जिला विकास अधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी एंव ईओ नगर पालिका को निर्देश देते हुये कहा कि पेट्रोल पम्प, दवाई, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर साप्ताहिक बंदी का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराये तथा लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता प्रदान कर उनके व्यवसाय में बढ़ौतरी कराना है। सभी पात्र शिल्पकार और कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 1 लाख रूपये तक का ऋण 5 प्रतिशत ब्याज की दर पर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने एकल मेज योजना, मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, निवेश मित्र पोर्टल, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, अधिशासी अभियंता विद्युत समेत संबंधित अधिकारी एवं व्यापार सगठन के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# दोस्त ही निकला हरिनंदन का कातिल, आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

- शराब पीने के बाद दोनों में हुआ था झगड़ा
- नंदराम ने फावड़ा मारकर की थी हरिनंदन की हत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना कम्पिल** पुलिस/एसओजी ने दोस्त की हत्या करने वाले हत्यारोपी को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 18 दिसंबर को धनपाल पुत्र राम सिंह यादव निवासी ग्राम अलियापुर थाना कम्पिल द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा था कि मेरा पुत्र हरिनन्दन उर्फ बाबा उम्र करीब 28 वर्ष दिनांक 16 दिसंबर की रात्रि में नन्दराम के गेहं की भराई कराने गया था। जो वापस नहीं आया। दिनांक 18 दिसंबर को करीब 9 बजे मेरे पुत्र हरिनन्दन उर्फ बाबा की लाश नन्दराम के खेत में मिट्टी मे दबी थी।



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी नन्दराम — समृद्धि न्यूज

धनपाल की तहरीर पर पुलिस ने नन्दराम पुत्र रामराज निवासी अलियापुर थाना कम्पिल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। थाना कम्पिल पुलिस/एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा उक्त अभियोग में वाँछित अभियुक्त नन्दराम पुत्र रामराज सिंह निवासी अलियापुर थाना कम्पिल को दिनांक 20 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल एक अदद फावड़ा व मृतक हरिनन्दन उर्फ बाबा का 01 अदद मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मैं व बाबा उर्फ हरिनन्दन काफी अच्छे दोस्त थे। 16 दिसंबर को मैं अपने खेत पर पानी लगा रहा था। वहीं पर हरिनन्दरन उर्फ बाबा शराब लेकर अपनी साइकिल से मेरे पास आया था। हम दोनों ने साथ में शराब पी और बात-बात में हम दोनों में झगड़ा हो गया। मैंने तैस में आकर हरिनन्दन के सर में फावड़ा मार दिया। जिससे वह गिर गया। फिर मैंने उसे हिला डुलाकर देखा तो वह मर गया था। उसके बाद मैं डर गया और छिपाने के लिए खेत के किनारे फावड़े से गड्ढा खोदकर उसे गड्ढे में दबा दिया, ताकि किसी को पता न चले।

# एसडीएम व फतेहगढ़ कोतवाल ने निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीते दिन** देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में निवार्चन कार्यालय में आग लग गई थी। जिसमें कई पुरानी ईवीएम सहित अन्य सामान जल गया था। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सकता था। जिसमें जिला विकास अधिकारी एस0के0 तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें एसडीएम सदर गजराज सिंह, कोतवाली फतेहगढ़ प्रभारी हरिश्याम सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर स्वदेश कुमार ने निवार्चन कार्यालय का निरीक्षण किया। जिला विकास अधिकारी ने बताया है कि जो ईवीएम सुरक्षित हैं उसको दूसरे रूम में रखा जा रहा है और जली हुई ईवीएम को अलग किया जा रहा है।




निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम व कोतवाल आदि

जिसमें 338 वीवीपीटी, 762 वैलेट यूनिट हैं तथा 78 कंट्रोल यूनिट हैं।

# खबरें चलते-चलते

## बाइक सवारों ने छीना साइकिल सवार का मोबाइल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाजार से बाल कटाकर घर वापस जा रहे साइकिल सवार से दो बाइक सवारों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।



थाने में आप बीती बताता पीड़ित

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला धोबियान निवासी अजय पुत्र रामनरेश ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आज दोपहर अपने घर से बाजार करने के लिए नवाबगंज बाजार आया था और वापस जाते समय बबना तिराहे पर वह बात करते हुए जा रहा था, तभी पीछे से दो बाइक सवार आए और झपट्टा मारकर उसका एंड्राइड मोबाइल छीन ले गए। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। वहीं थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया की पीड़ित के बताए अनुसार मामला संदिग्ध है, लेकिन फिर भी मामले में उन्होंने मोबाइल को सर्विलांस में लगवाकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सफाई कर्मचारी को प्रधान ने लात-घूसों से धुना, रुपए छीनने का आरोप

- पुलिस ने मिर्जापुर थाना क्षेत्र की घटना बताकर थाना मिर्जापुर भेजा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर छिछनी के मजरा जैतपुर मिर्जापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। बताते हैं शमशाबाद नगर निवासी राहुल पुत्र गंगा सहाय निवासी ताड़ बाली हवेली शमसाबाद इस क्षेत्र में सफाई कर्मी के रूप में तैनात है। सफाई कर्मी द्वारा दबंग ग्राम प्रधान पर्वत सिंह व उसके भतीजे तथा एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने कार्य क्षेत्र में रोज की तरह कार्य के लिए गया था। ग्राम प्रधान सफाई कर्मी को देखते ही भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर ग्राम प्रधान पर्वत सिंह उसके भतीजे व एक दर्जन से अधिक लोगों ने सफाई कर्मी की लात-घूसों से पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मौजूद ग्रामीणों ने सफाईकर्मी राहुल को बचाया। इस संबंध में पीड़ित सफाई कर्मी ने दबंग ग्राम प्रधान पर्वत सिंह, उसके भतीजे व एक दर्जन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित ने बताया थाना पुलिस ने घटना क्षेत्र मिर्जापुर थाना क्षेत्र का बताकर वहीं जाने की सलाह दी। पीड़ित ने मिर्जापुर थाने में दबंग ग्राम प्रधान पर्वत सिंह, उसके भतीजे व एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष मिर्जापुर ने बताया तहरीर नहीं मिली। मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## दबंगों ने परिजनों को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी खुशबू पुत्री रामतीर्थ ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया बीती 20 दिसंबर को समय करीब 3.00 बजे पीड़िता एवं विशुना पत्नी रामतीर्थ, कुसमा पुत्री रामतीर्थ घर के दरवाजे पर बैठी थी, तभी गांव के समरपाल पुत्र मसाल सिंह, आकाश पुत्र समरपाल, लक्ष्मी पुत्री समरपाल, कुसुम पुत्री समरपाल बेवजह गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर हाथापाई कर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे सभी के चोटें आयीं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर से सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# भट्टा स्वामी के दो ट्रैक्टर समेत तीन वाहन खनन अधिकारी ने पकड़े

- तीन साल से रॉयल्टी जमा नहीं कर रहा भट्टा स्वामी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**भट्ठा मालिक** द्वारा जिलाधिकारी के नोटिस देने के बाद भी तीन साल से रॉयल्टी जमा न करने पर अवैध तरीके से संचालन कर रहे भट्ठे से दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी जिला खनन अधिकारी व थाना प्रभारी ने पकड़ ली।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बघौना में संचालित न्यू सिंह ईट भट्ठा पर पहुंचे। जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह तथा थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने सूचना पाकर थाने के दरोगा गिरीश चंद्र को साथ लेकर छापा मारा। वहां पर खनन कर रहे दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी को पकड़कर थाने लाए। वहीं जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह ने पुलिस के सुपुर्द कर चले गए। उन्होंने बताया कि भट्ठा स्वामी 3 वर्ष से रॉयल्टी जमा नहीं कर रहे थे। इस कारण तीनों वाहन पकड़े गए हैं। जिन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। खनन अधिकारी ने कहा कि जो भी लोग बगैर रायल्टी जमा किये अवैध तरीके से भट्टों का संचालन कर रहे हैं, उन पर कार्यवाही की जायेगी।



थाने में खड़े ट्रैक्टर व जेसीबी — समृद्धि न्यूज

# आत्माहत्या के लिए उकसाने के मामले में युवक को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपर जिला** जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने आत्महत्या के लिए उकसाने व जान से मारने की धमकी के मामले में सचिन दुबे पुत्र कल्लू दुबे निवासी श्रंगीरामपुर को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते तीन वर्षो पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम शृंगीरामपुर निवासी सुरेश दत्त शुक्ला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरे गॉव का ही सचिन दुबे मेरी पुत्री को बरगलाता था। बात न बनने पर धमकाकर फर्जी आईडी बना ली। जिससे लगातार पूरे परिवार को परेशान करता था। पीड़ित ने अपनी पुत्री की शादी 16 जुलाई 2021 को तय कर दी। सचिन ने फर्जी आईडी बनाकर लड़के पक्ष वालों को अश्लील मैसेज भेजे। जिस वजह से मेरी पुत्री की शादी टूट गयी। हम लोगो ने दूसरी जगह शादी तय कर रहे थे। उसमें भी वह विघ्न डाल रहा था और जान से मारने की धमकी दे रहा था। आये दिन पुत्री के फोन पर मैसेज भेजता था। जिससे तंग आकर पुत्री ने एक सोसाइड नोट लिखा था और उसने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, पंकज कटियार, संजीव पाल की पैरवी के आधार पर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने सचिन दुबे को सात वर्ष का कारावास व 10 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जेल में विताई गयी अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जायेगी।

# अलाव तापते समय घर में लगी आग, गृहस्थी जली



आग से जला छप्पर — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अलाव तापते समय घर में लगी आग से सारा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जाफर नगर निवासी तौफीक खान पुत्र रफीक खान अपने घर पर बंधे जानवरों के पास अलाव ताप रहे थे, तभी अलाव की आग किसी तरह पास में ही लगे खरपतवार चारे में जा लगी और जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता तब तक आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। जब पीड़ित ने चीख पुकार मचायी, तो आनन-फानन में ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक छप्पर जल चुका था। साथ ही रजाई, गद्दा के अलावा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। किसी तरह ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद समरसेबिल चलाकर आग पर काबू पाया।

## नगला हिलकी के पास स्थित मंदिर से फिर घंटे चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम सिकंदरपुर नगला विनायक के बीच में स्थित नगला हिलकी के पास देवस्थान मंदिर पर चोरों द्वारा तीन माह पहले मंदिर के घंटे काटकर चोरी कर ली गयी थी। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने दोबारा मंदिर का ताला काटकर घंटे चोरी कर लिये। पहले मंदिर से चोर लगभग एक कुंटल के घंटे काट ले गये थे। इसके अलावा चोर मंदिर के बाहर मक्का की दो बोरी रखी हुई थी वह भी चोरी कर ले गए थे। यह मंदिर लगभग ढाई सौ वर्ष पुराना है। इस मंदिर पर बड़ी-बड़ी दूर से लोग आकर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते हैं। जिससे सबकी मनोकामना पूर्ण होती है। पुजारी काशीराम ने थाना पुलिस को बताया पहले भी तहरीर दी गई थी। कोई भी पुलिसकर्मी मंदिर में जांच पड़ताल तक करने नहीं गया था। आज पुनः चोरी होने पर तहरीर दी है। जेपी शर्मा ने बताया अतिशीघ्र चोरों को पकड़ा जाएगा।

# चोरी की घटनाओं को लेकर सीओ/कोतवाल दिखे गंभीर



बैठक लेते सीओ व कोतवाल तथा मौजूद चौकीदार व ग्राम प्रधान आदि — समृद्धि न्यूज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**

- चौकीदारों, ग्राम प्रधानों, सभासदों के साथ की बैठक

**क्षेत्राधिकारी तथा** कोतवाली प्रभारी ने क्षेत्र के प्रधानों, चौकीदारों तथा सभासदों की बैठक ली। इस दौरान सर्दी में चोर की घटनाओं पर अंकुश लगाने के संबंध में दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी तथा कोतवाली प्रभारी ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, चौकीदारों तथा सभासदों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कोतवाली प्रभारी ने कहा कि सर्दी का मौसम है। ऐसे में चोरी की घटनायें ज्यादा होती हैं, क्योंकि लोग अंदर सो जाते हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम सुरक्षा समिति को एक्टिवेट करने और गांव में ज्यादा से ज्यादा कैमरा लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अलावा कोतवाली प्रभारी ने सर्दी में वाहनों के चलाने के लिए ट्रैक्टर, कार, जीप आदि पर रिफ्लेक्टर लगाने के लिए भी निर्देशित किया।

# आवारा पशुओं से परेशान किसान नेताओं ने दिया धरना



ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**आवारा पशुओं** से त्रस्त किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने विकास खंड सभागार में धरना देकर आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए ज्ञापन दिया।

कस्बा नवाबगंज स्थित विकास खंड कार्यालय पर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अपने सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर विकास खंड कार्यालय परिसर में धरना दिया। जिसमें कहा गया कि किसानों द्वारा तैयार की गयी गेहूं की फसल को आवारा जानवर खाकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक तो महंगाई की मार, दूसरे आवारा पशुओं की मार। किसानों ने आवारा पशुओं को पकड़वाने के लिए विकास खंड अधिकारी से मांग की है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, मंडल उपाध्यक्ष कानपुर प्रभाकांत मिश्रा, अमर सिंह, जिला सचिव लक्ष्मी शंकर जोशी, जिला महासचिव शीशराम शर्मा, सदस्य ब्लॉक अध्यक्ष बबलू खटीक, संजय सिंह, बिनु टेलर, नगर अध्यक्ष दिनेश सिंह, जिला महामंत्री राजेश उर्फ गुड्डू, प्रचार मंत्री राजू ठाकुर, संजय यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मदाबाद सुग्रीव पाल, तहसील कायमगंज राधेश्याम शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

**सड़क सुरक्षा पखवाड़ा** | दो वाहनों की काली फिल्म उतरवाई गई

# वाहन निर्धारित लेन में ही चलाएं: यातायात प्रभारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सड़क सुरक्षा** पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत चालकों को ओवरलोडिंग कर वाहन न चलाने, गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन न चलाने, बिना एचएसआरपी लगे वाहन न चलाने तथा रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त चालकों को लेन ड्राइविंग के बारे में जागरूक किया गया।

चालकों को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी रजनेश कुमार द्वारा सभी से निर्धारित लेन में वाहन चलाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि शहरों में जाम की स्थिति अक्सर निर्धारित लेन में वाहन न चलाने के कारण उत्पन्न होती है। अपने वाहन को मार्ग पर खड़ा न करें इससे जाम भी लगता है और दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। चालकों को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन वी0एन0 चौधरी ने सभी से सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि आप सावधानी से वाहन चलाएंगे तो वाहन सीमित गति में चलेगा और आप मार्ग पर आने वाले अचानक अवरोध से होने वाले दुर्घटना से बच पाएंगे। रात्रि में दुर्घटना का एक मुख्य कारण चालकों के द्वारा हेडलाइट का समुचित प्रयोग न करना भी है। अधिकतर चालक हेडलाइट को हाई बीम पर करके वाहन चलाते हैं जिससे सामने आने वाले वाहन को मार्ग स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं पड़ता है। अतः मार्ग पर जब कोई अन्य वाहन आपकी और आ रहा हो तो अपने वाहन की हेडलाइट को लो बीम पर कर लेना चाहिए ताकि सामने वाले वाहन को मार्ग स्पष्ट दिख सके। वहीं एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सभी से सुरक्षित रहने की अपील की गई तथा किसी भी स्थिति में यात्री अथवा माल वाहन में ओवरलोडिंग न करने का निर्देश दिया गया। एआरटीओ प्रवर्तन तथा यातायात प्रभारी द्वारा नगर तथा राजेपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एचएसआरपी बिना लगे 3 वाहनों को चालान तथा 2 वाहनों को थाना राजेपुर में सीज किया गया। इसके अतिरिक्त उचित रिफ्लेक्टिव टेप न लगे हुए 3 वाहनों को भी चालान किया गया है। दो निजी वाहनों को रोक कर जांच करने पर पाया गया कि उनके शीशे पर काली फिल्म लगी हुई थी। दोनों वाहनों को चालान किया गया तथा उनमें लगी काली फिल्म को मौके पर ही उतरवाया गया।



वाहन चालकों को जागरूक करते अधिकारी — समृद्धि न्यूज



वाहन से काली फिल्म उतरवाते यातायात प्रभारी

# छोड़ कर संसार जब तू जाएगा, कोई न साथी साथ तेरा निभाएगा: दीपा बहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कथा में झण्डा लहराकर अभिवादन करती ब्रह्माकुमारी बहनें

**प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवारा जदीद ओमनिवास अंगूरी बाग द्वारा रतन कोल्ड कादरी गेट में चल रही श्रीमद् गीता ज्ञान कथा के तृतीय दिवस पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दीपा बहन ने अपने प्रवचन में आत्मा अनुभूति कर्म दर्शन के सकारात्मक परिवर्तन विषय पर गीता ज्ञान प्रवचन किया। कथा का शुभारंभ भजन के साथ किया। छोड़ कर संसार जब तू जाएगा, कोई न साथी साथ तेरा निभाएगा। भजन के साथ परमात्मा का आवाह्न किया। हमें सत्संग रूपी घंटा बिताना है ना कि घंटा बजाना है। हमें विवेक रूपी बुद्धि दी हमें स्वतंत्र रहना है, स्वच्छंद नहीं बनना है। गीता ज्ञान सभी शास्त्रों का मूल है। विवेकानंद ने विदेश में जाकर गीता ज्ञान का परचम लहराया। धृतराष्ट्र जन्मांध थे, जब की व्यक्ति की आंखें होते हुए भी आध्यात्मिकता से अंधा हो अर्थात मनुष्य में विकारों रूपी अधर्म फैल जाता है। गुणो में गिरावट होने पर परमात्मा हमें गुणो से सजाता है। चातक पंछी की तरह गुण ग्रहण करना चाहिए। भारत तपोभूमि, सत्य निष्ठ भूमि है। अपने भजन के माध्यम से बताया आदत बुरी सवार ले, बस हो गया, भजन मेंपन को अपने मार ले बस हो गया, भजन न किसी के अभाव में जियो में ना किसी के प्रभाव में जियो, शारीरिक फैशन को त्याग कर आध्यात्मिक फैशन अर्थात आत्मा को सतोगूणी बनाएं। किसी को दुख नहीं देना है, वाणी की चोट से से कितनों का दिल दुखता है। डाकू और डॉक्टर दोनों के हाथ में चाकू है, एक से भय है एक से सुरक्षा है। उन्होंने ओम शांति की महाध्वनि के साथ तृतीय दिवस की कथा को विश्राम दिया। जाह्नवी स्नेहा ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। ज्योति, निराली, पिंकी, कोमल ने कव्वाली के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। जो काम बड़ों से हो न सके वह छोटे करके दिखलाएंगे। राज योगिनी ब्रह्माकुमारी अलका दीदी ने कहा कि भौतिक आकर्षणों से परे रहना है, पुराने की सुनने की वजह है, कर्म में लाने की जरूरत है। परमात्मा ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय द्वारा पढ़ने एवं काम करने की कला सिखाते हैं। दीपा दीदी का श्वेता दुबे, संजय गर्ग, रोहित शर्मा, चित्रा अग्निहोत्री ने पुष्प एवं शाल उड़ाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया। विजय शंकर, मोहित, अरविंद ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में आए हुए सभी भाई बहनों एवं साधु पुरुषों का शोभा दीदी ने टोली प्रसाद देकर सभी का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सीमा, ज्योति, सुधा, हर्षिता, मिथिलेश, रिंकी, संतोष, हरि, निलेश, सरल, निराली, प्रियंका, जाह्नवी, दीपिका, ज्योति, प्रवीण, सुनील, गंगा सिंह, हेमचंद्र, रवि शर्मा, पूनम, गीता आदि मौजूद रहे। संचालन सुआलाल मिश्र ने किया।

# रेलवे सलाहकार के सदस्य रामवीर चौहान का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

- रोडवेज सलाहकार समिति के सदस्य शिवम दुबे को दी कार्यकर्ताओं ने बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



स्वागत के दौरान मौजूद रामवीर चौहान, शिवम दुबे आदि

**फतेहगढ़ के** भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान भारतीय रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बनने पर उनका स्वागत किया गया। उनके निवास पर भाजपा मण्डल के महामंत्री शिवम दुबे को फतेहगढ़ रोडवेज का सलाहकार समिति का सदस्य बनने पर स्वागत हुआ। फतेहगढ़ स्थित अपर दुर्गा कालोनी में सभासद बिटान देवी चौहान के निवास पर रामवीर चौहान व शिवम दुबे का माल्यार्पण का स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें उपहार देकर बधाई दी गई। रामवीर चौहान ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बन सकता है। स्वागत करने वाले रमला राठौर, टिन्कू भदौरिया, सर्वेश सोमवंशी, विक्कू भदौरिया, विजय सोमवंशी व सभासद बिटान देवी मौजूद रही।

# आवास विकास कालोनी की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



डीएम को ज्ञापन सौंपते आवास विकास कालोनी के वाशिंदे

**भाजपा नेता** मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में आवास विकास के कई नागरिकों ने आवास विकास कॉलोनी की जन समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता मुकेश गुप्ता ने कहा कि आवास विकास में बंदरों का हिंसात्मक खौफ व्याप्त है। पार्कों में चारों तरफ दीवार व जाली खड़ी की गई है। जिससे आये दिन आवारा पशु उसे फांदकर पर्क के अंदर जाते है और पेड़ पौधों को नुकसान करते है। वाउन्ड्री चार फिट ऊंची निर्मित करायी जाये। बच्चों के खेलने के लिए झूले व व्यायाम संबंधी उपकरण लगवाये जाये। सेक्टर 6 में मेन होल है पानी की निकासी की सही व्यवस्था नहीं है। सेक्टर 1 में सीवर का होल काफी दिनों से खुला हुआ है। भाजपा कार्यालय के सामने पार्क में पौधे लगाये गये थे। लोग सुबह वहां टहलने जाते थे। चारों ओर बनी वाउन्ड्रीवाल क्षतिग्रस्त हो गई है, आदि 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर केएम सचदेवा, आरके वर्मा, केएल सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, रामकुमार वर्मा, पीएन दुबे, दीपक गुप्ता, राजेश अग्रवाल, संजीव कुमार बंसल, राघवेंद्र सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

## लेखा पर्ची शिक्षकों ने प्रधानाचार्य से की लेखा पर्ची की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रस्तोगी इंटर कालेज के शिक्षकों ने लेखा पर्ची के बारे में प्रधानाचार्य व शिक्षक संघ के अध्यक्ष व महामंत्री एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजा है। विद्यालयों के शिक्षकों ने मांग की है कि विगत वर्ष की लेखा पर्ची हम सभी अध्यापकों को आज तक प्राप्त नहीं हुई है। जबकि इसके लिए प्रति अध्यापक 100 रुपये जमा कर दिये गये है। समस्त अध्यापकों ने लेखा पर्ची प्राप्त कराने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र प्रेषित किया है। साथ ही इस पत्र को माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व जिलामंत्री के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक को भी जानकारी भेजी है। लेखा पर्ची की मांग करने वाले अध्यापक राकेश प्रसाद, सुधाकर चतुर्वेदी, शैलेश दुबे, रामतीरथ अग्निहोत्री, नगेन्द्र पाल सिंह, संजीव सिंह चौहान, अनुराग मिश्रा, रामेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह सुनील ने मांग की है।

# मोहल्ले में जाकर सपा महानगर अध्यक्ष सुनेंगे जनता की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



राघव दत्त मिश्रा

**समाजवादी पार्टी** महानगर अध्यक्ष द्वारा जनता की समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक सप्ताह के शनिवार को महानगर के मोहल्ले-मोहल्ले में समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में निस्तारण हेतु जन समस्यायें सुनी जायेगी। प्रत्येक शनिवार को कैम्प प्रभारी वहां आसपास का कोई वरिष्ठ सपा नेता मौजूद रहेगा। जो समस्याएं वही संबंधित अधिकारी को दूरभाष द्वारा निस्तारित करवायी जायेगी। तथा कुछ समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रत्येक सोमवार को महानगर अध्यक्ष के साथ मुलाकात कर निस्तारण हेतु रखी जायेगी। इसकी शुरुआत 23 दिसम्बर शनिवार से की जायेगी। समस्या निस्तारण कैम्प प्रभारी अमित यादव मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### लूट के मामले में तीन युवकों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज कोर्ट संख्या-5 न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने लूट व चोरी की सम्पति के मामले में जयवीर पुत्र हरिशंकर निवासी नबाबगंज, चंद्रपाल पुत्र सोनेलाल निवासी रायपुर छिबरामऊ, रघुवीर पुत्र जवाहरलाल निवासी सपाखेड़ा जसुआमई छिबरामऊ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर आज की तिथि नियत है। बीते 29 वर्ष पूर्व डॉ0 रवींद्र सिंह यादव ने नबाबगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि पीड़ित 26 अगस्त 1994 को कस्बा नबाबागंज से अपनी ससुराल ग्राम हरदुआ अपने साले देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम हरदुआ के साथ पैदल जा रहा था। समय करीब सुबह 07 बजे बदमाशों ने तमंचे दिखाकर रोक लिया और कहा कि जो भी है हमे दो और खींचकर जंगल मे ले जाकर मेरे हाथ की घड़ी छीन ली और जेब से एक पर्स निकाल लिया। इस बीच दो औरतें श्यामकुमारी, अनारकली, रामखिलावन निवासी बबना इन लोगो से चांदी तोड़ियां और अन्य सामान लूट लिया। उक्त बदमाश जंगल की तरफ फायर करते हुए भागगये। मेरे पास 830 रुपये, मेरी बंदूक की जमा की गयी पर्ची लूट ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त भानू प्रकाश की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने जयवीर, रघुवीर, चंद्रपाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 22 दिसम्बर की तिथि नियत है।

### बैंक शाखा प्रबंधक सहित चार के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान के साथ धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर हड़प लेने के मामले में बैंक शाखा प्रबंधक व ट्रैक्टर एजेंसी के मालिक सहित चार लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गई। अदालत ने संबंधित थाने से आख्या नियत तिथि पर प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। पीड़ित कमलेश सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी मुजहा थाना अमृतपुर ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि वर्ष 2012 में निर्मला कटियार ऑटो मोबाइल कम्पनी ट्रैक्टर एजेंसी से ट्रैक्टर खरीदने के लिए बैंक आफइंडिया की शाखा भरखा में खाता खुलवाकर 1 लाख 35 हजार रुपये जमा किये थे। इस दौरान मैंने ट्रैक्टर एजेंसी से संपर्क किया तो एजेंसी पर मुझे मौके पर अवनीश कटियार, लता कटियार, रामआसरे कटियार मिले। उन्होंने बताया कि बैंक आफ इंडिया शाखा भरखा से लोन कराकर ट्रैक्टर तुम्हें देंगे। मैंने इंतखाब, खतौनी व अन्य कागज पूर्ण कर बैंक आफइंडिया की शाखा भरखा से 3,97,400 रुपये का ऋण स्वीकृत कराके 5 लाख 35 हजार रुपये का भुगतान एजेंसी मालिक को कर दिया, लेकिन आज तक मुझे ट्रैक्टर नहीं मिला। इस संदर्भ में बैंक में संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की। साथ ही जिला स्तर पर भी अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन आज तक मुझे न्याय नहीं मिला। ऋण स्वीकृति के दौरान बैंक शाखा प्रबंधक रोहित वर्मा ने मुझसे कोरे कागजों व फार्म पर हस्ताक्षर करवा कर रख लिये थे। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाये जाने की मांग की। अदालत ने संबंधित थाना पुलिस से 11 जनवरी को आख्या सहित न्यायालय उपस्थित होने का आदेश दिया है।

### सपा का प्रदर्शन जिला मुख्यालय पर आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 22 दिसंबर को लोकसभा से 142 सांसदों को लोकतांत्रिक ढंग से निलंबित किए जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा आवाह्न किया गया है। जिसके तहत जिला मुख्यालय पर पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जायेगा। कार्यक्रम में सभी नेता व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने दी है।

### गीता संदेश मानव श्रृंखला का आयोजन 23 दिसंबर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भगवत गीता जयंती आयोजन समिति की बैठक बढ़पुर स्थित समिति के संयोजक जितेंद्र सिंह के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गयाकि 23 दिसंबर दिन शनिवार को मानव श्रृंखला में सभी विद्यालयों एवं आम जन मानस को इस गीता जयंती उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। विश्व के श्रेष्ठतम ग्रन्थ गीता के स्वाध्याय द्वारा चरित्रवान, सद्गुण सम्पन्नदेश भक्ति में ओतप्रोत कर्मशील समाज द्वारा विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए श्रीमद् भगवत गीता जयंती आयोजन समिति ने विविध वर्षो की भांति इस वर्ष भी मार्गशीष शुक्ल पक्ष एकादशी दिन शनिवार 23 दिसंबर को ऐतिहासिक गीता संदेश मानव श्रृंखला के आयोजन का आह्वान किया है। इस संदेश में विभिन्न विद्यालयों की सहभागिता से ज्ञान यज्ञ में सहयोगी बनें। सभी विद्यालय 18 श्लोकीय जीवन विकास का पाठ कराकर विद्यार्थियों को गीता ज्ञान स्वध्याय के लिए प्रेरित करें और 23 दिसबर को मानव श्रृंखला उत्सव में परिवार एवं सहयोगियों के साथ मिलकर शोभा बढ़ायें। बैठक में प्रमुख रुप से संघ के विभाग प्रमुख पालक अधिकारी उमेश गुप्ता, प्रधानाचार्य अनिल सिंह, डॉ0 पल्लव सोमवंशी, अनिल प्रताप सिंह, डॉ0 मुकेश राठौर, उदय प्रताप सिंह, शिवओम दुबे, सुरेंद्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# स्कूल ऑफ नर्सिंग मेमोरियल अस्पताल में खेलकूद प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



वालीबॉल प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्रायें

**स्कूल ऑफ** नर्सिंग एण्ड आप्टोमैट्रिक मेमोरियल हॉस्पिटल के तत्वाधान में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य अलीशा लाल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जीएनएम फस्टियर व सेकेंडियर की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ऑप्टोमैट्रिक फस्टियर एवं सेकेंडियर की छात्राओं ने रस्सा कसी, वालीबाल प्रतियोगिता में भाग लिया। रस्सा खीचों प्रतियोगिता में जीएनएम तृतीय सेमेस्टर की छात्रायें विजेता रही। लेमन स्पून प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वालीबाल व खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। डायरेक्टर नम्रता मल्ल के निर्देशन पर प्रतियोगिताओं की व्यवस्था अलीशा लाल व अभिषेक लाल ने देखी। इस मौके पर अध्यापक इंतियाज हुसैन, एंजल मैसी, सुषमिता दयाल, स्वप्निल वर्मा, राखी राठौर ने प्रतियोगिता सम्पन्न करायी।

डेंटल सर्जन डा0 निखिल प्रसाद ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 168 अंक पाकर मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में फर्रुखाबाद रहा उपविजेता

- प्रतिभागियों ने 12 गोल्ड व 36 सिल्वर मैडल जीते

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



लोक नृत्य में सम्मानित होते बच्चे — समृद्धि न्यूज

**31वीं मण्डलीय** खेलकूद प्रतियोगिता में 12 गोल्ड, 36 सिल्वर मैडल जीतकर जनपद फर्रुखाबाद उपविजेता बना। मण्डलीय प्रतियोगिता में 168 अंक पाकर उपविजेता का खिताब जनपद फर्रुखाबाद को दिया गया। मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक स्व0 रतनलाल शर्मा स्मारक स्टेडियम कानपुर में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में जनपद के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 12 गोल्ड, 36 सिल्वर के साथ 168 अंक लेकर ऑल ओवर चैम्पियनशिप में उपविजेता होने का फर्रुखाबाद ने गौरव प्राप्त किया। जनपद के खिलाड़ियों का प्रतिभाग कराने हेतु टीम की नोडल प्रभारी खण्ड शिक्षाधिकारी कमालगंज यासमीन रहमान, जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, जिला व्यायाम शिक्षिका दुर्गा वर्मा, व्यायाम शिक्षक, अरुण यादव, कुलदीप यादव, सत्यवीर सिंह, अवधेश कुमार, विमलेश कुमार, रीना पाण्डेय, महेश सिंह, अंशुल शुक्ला, नरेन्द्र सिंह, विमल कुमार आदि पीटीआई मौजूद रहे। जूनियर स्तर कबड्डी बालिका में जनपद फर्रुखाबाद ने प्रथम स्थान, लोक नृत्य में द्वितीय स्थान, पीटी बालक वर्ग द्वितीय स्थान, बैडमिंटन सिंगल बालक वर्ग में द्वितीय स्थन, बैडमिंटन सिंगल बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान, बैडमिंटन डबल्स बालक में द्वितीय स्थान, बैडमिंटन डबल्स बालिका में द्वितीय स्थान, टेबल टेनिस बालक वर्ग में द्वितीय स्थान, टेबल टेनिस बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान, टेबल टेनिस डबल्स बालक वर्ग में द्वितीय स्थान, टेबल टेनिस डबल्स बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान, कबड्डी में सलेमपुर राजेपुर ने गोल्ड मैडल, कबड्डी में बराकेशव मोहम्मदाबाद सिल्वर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर 12 गोल्ड व 36 सिल्वर मैडल जीते।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते स्काउट मास्टर — समृद्धि न्यूज

**सड़क सुरक्षा** पखवाड़ा के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में सड़क सुरक्षा अभियान रैली का आयोजन किया गया। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने सभी उपस्थित स्टाफ और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से राजेपुर क्षेत्र के लोगों को बच्चों ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के संदेश को प्रसारित करते हुए जन जागरूक किया। स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी, स्पेशल एजुकेटर विनोद मिश्रा, ब्लॉक संसाधन केंद्र के लिपिक अर्पित और गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य ने बाइक चलाने वाले लोगों को हेलमेट लगाने व कार चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु जागरुक किया। बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी देने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए तथा दुर्घटना हो जाने पर सर्वप्रथम दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा देते हुए उसको नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने में सहयोग करें। ऐसे व्यक्ति को नेक आदमी के नाम से शासन द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।

# नाले में उतराता मिला अधेड़ शराबी का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीबीगंज पुलिस** चौकी के निकट नाले में शराबी का शव उतराता मिला। जिससे मौके पर भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला दीवान मुबारक निवासी 55 वर्षीय महेश दिवाकर पुत्र सियाराम शराब पीने का आदी था। उसके विवाह के कुछ साल बाद ही पत्नी की मौत हो गयी थी। लिहाजा उसके कोई संतान भी नहीं थी। बताते हैं कि बीती रात पास में ही एक युवक की करंट लगने से मौत हो गयी थी। जिसे वह देखने गया था और रात में घर नहीं लौटा, गुरुवार सुबह थाना मऊदरवाजा की बीबीगंज चौकी के निकट उसका शव नाले में पड़ा देखा गया। जिस पर बीबीगंज चौकी को सूचना दी गयी। चौकी पुलिस ने शव को नाले से निकाल कर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मृतक पाँच भाईयों में तीसरे नम्बर का था।

## माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला सम्मेलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट की शैक्षिक संगोष्ठी व जिला सम्मेलन शुक्रवार 22 दिसम्बर को क्रिश्चियन इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें जनपद के समस्त शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य व महामंत्री यादवेन्द्र सिंह परिहार ने दी है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षक व प्रमाण तथा शील्ड के साथ बच्चे

**राजकीय इंटर** कालेज फतेहगढ़ में नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया गया। नशा मुक्त अभियान के तहत पोस्टर, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अरुण प्रताप सिंह राठौर, उप प्रधानाचार्य संतोष कुमार कटियार, उप क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी नवाब सिंह, क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी उपदेश कुमार ने विचार व्यक्त किये व किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य सुमन राठौर, रमला राठौर, बाल कल्याण समिति की सदस्य शिवानी मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किये। भाषण प्रतियोगिता में अनमोल पाण्डेय प्रथम, शिवेक मैथिल द्वितीय, देवेश एवं सिद्धार्थ शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेहान, द्वितीय स्थान दीपाशंकर बाथम, तृतीय स्थान पर विकास व गगन को सांत्वना पुरस्कार मिला। निबंध प्रतियोगिता में शिवेक मैथिल प्रथम, आशू कुशवाहा द्वितीय, रजत तृतीय स्थान पर रहे व समीर कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस मौके पर शिक्षक पंकज शुक्ला, राजू अहरवार, अवधेश कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार बाथम, मोहित कुमार, मोईउद्दीन व राजेश अग्निहोत्री, एकांश हजेला आदि लोग मौजूद रहे। संचालन पंकज शुक्ला ने किया।

# इग्नू की चल रही परीक्षा का रीजनल डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती रीजनल डायरेक्टर डा0 अनामिका सिन्हा

**इंदिरा गांधी** राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय इग्नू लखनऊ की असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर अनामिका सिन्हा ने डीएन कालेज फतेहगढ़ केंद्र पर चल रही इग्नू की परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने नकलविहीन वातावरण में चल रही परीक्षा की सराहना की। डा0 अनामिका सिन्हा ने बताया कि इग्नू में जनवरी 2024 सत्र के लिए प्रवेश प्रारम्भ हो चुके है। 31 जनवरी 2024 तक प्रवेश चलेंगे। इग्नू में स्नातक, परास्नातक डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स तथा जागरुकता कार्यक्रमों में प्रवेश चल रहे है। इस सत्र में इग्नू द्वारा जन्तु विज्ञान, वायो कैमेस्ट्री, एनालिटिकल रसायन विज्ञान तथा रसायन विज्ञान एवं भूगोल में एमएससी के पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये है। एम0ए0 संस्कृत, एम0ए0 ज्योतिष, एम0ए वैदिक अध्ययन, एम0ए0 हिन्दू अध्यन, वास्तुशास्त्र में डिप्लोमा, भारतीय काल गणना में प्रमाण पत्र कार्यक्रम भी चल रहे है। डीएन कालेज फतेहगढ़ अध्यन केंद्र में वैचलर ऑफ बिजनेस कोर्स किया गया है। महाविद्यालय में इसके अलावा डा0 अनामिका सिन्हा ने नशा मुक्ति तथा विकसित भारत की संकल्प की शपथ दिलायी। इस मौके पर प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग, कोआर्डिनेटर डा0 विनोद कुमार तिवारी, डा0 विनीता वर्मा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी, डा0 अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, प्रियांशु सिन्हा, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# हॉकी इंडिया ने कृष्ण पाठक, सुशीला चानू को सम्मानित होने पर दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने कृष्ण बहादुर पाठक, सुशीला चानू पुखरामबम, शिवेंद्र सिंह और विनीत कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होने पर बधाई दी है। कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू पुखरामबम को 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि शिवेंद्र सिंह को 2023 में उत्कृष्ट कोचिंग के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा, पूर्व भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी विनीत कुमार शर्मा को भी सम्मानित किया गया है। शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट 2023 के लिए ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अपने असाधारण गोलकीपिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले कृष्ण बहादुर पाठक मैदान पर अटूट समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए भारतीय हॉकी टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। उत्कृष्टता की उनकी निरंतर खोज ने उन्हें प्रशंसकों और साथियों की समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है। पाठक ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 में भारत के विजयी अभियान में प्रमुख भूमिका निभाई। महिला हॉकी सर्किट की दिग्गज खिलाड़ी सुशीला चानू पुखरामबम ने एक मजबूत रक्षक के रूप में लगातार अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। उनके नेतृत्व गुणों और अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें देश भर के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए एक आदर्श बना दिया है। 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने वाली अनुभवी सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने जापान के खिलाफ विजयी गोल भी किया, जिसने इस साल की शुरुआत में हांग्जो एशियाई खेलों में भारत को कांस्य पदक दिलाया।



## निज्जर मामले में भारत के रुख में बदलाव नहीं: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के इस बयान को खारिज कर दिया है कि गुरुपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण में अमेरिका की कार्रवाई के बाद भारत के रुख में बदलाव आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी नीति पूर्ववत है। हमारा मानना है कि मुख्य मुद्दा कनाडा में उग्रवादी, आतंकवादी और भारत विरोधी तत्वों को गतिविधियां चलाने का अवसर दिया जा रहा है।

भारत को उम्मीद है कि कनाडा सरकार ऐसे उग्र तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगी तथा उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करने की छूट नहीं दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कनाडा प्रधानमंत्री ट्रुडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंट का हाथ होने आरोप लगाया था। हालिया बयान में उन्होंने अमेरिकी अदालत में पन्नू की कथित हत्या की साजिश के मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने का हवाला देते हुए कहा था कि इस कारण भारत के रवैये में नरमी आई है।

# मोदी का कटआउट आगंतुकों के लिए बना मुख्य आकर्षण

**श्रीनगर, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय फिरन दिवस पर श्रीनगर के लाल चौक पर लगाया गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक पूर्ण आकार का कटआउट आगंतुकों के लिए मुख्य आकर्षण बन गया है। मोदी का यह चित्र कश्मीरी पारंपरिक फिरन में लपेटे जाने के बाद लगाया गया है।

कई स्थानीय लोग और पर्यटक अंतरराष्ट्रीय फिरन दिवस मनाने के लिए ऐतिहासिक लाल चौक पर एकत्र हुए और कटआउट के साथ तस्वीरें खींचते दिखे। यह मौका सर्दियों के 40 दिनों तक चलने वाले सबसे कठोर चरण चिल्ला–ए–कलां की शुरुआत के साथ मेल खाता है। इस अवसर पर कश्मीर घाटी के व्यस्त राजधानी व्यापार केंद्र में जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए पुरुष, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक रंगीन फिरन पहनकर ऐतिहासिक लाल चौक पर घंटा घर या क्लॉक टॉवर के पास एकत्र हुए। फिरन ठंड से बचने के लिए पहना जाने वाला एक लंबा परिधान है। फिरन कश्मीरी संस्कृति की ऐतिहासिक निरंतरता को भी दर्शाता है और लोगों ने डिज़ाइन बदलने के अलावा परिधान में अब तक कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है। स्थानीय भाषा में चिल्ला–ए–कलां के नाम से जानी जाने वाली 40 दिनों की सबसे ठंडी सर्दी कश्मीर घाटी में ठंड और शुष्कता के साथ शुरू हुई है। जम्मू–कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में लगातार ठंड पड़ रही है।

## खबरें एक नजर में

### शालीमार पेंट्स अपग्रेड किया क्या लांच



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शालीमार पेंट्स लिमिटेड, भारतीय पेंट्स इंडस्ट्री के पॉयनियर, जिसकी 120 साल से अधिक की विरासत है, अब अपने जीवंत नए प्रचार अपग्रेड किया क्या को लॉन्च करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्दीपन परिवर्तन की दृष्टि को बोधित करता है, अपने स्टेकहोल्डर्स, जैसे कि डीलर, साथी, और अंत उपभोक्ता, को प्रेरित करता है कि वे शालीमार की नई नवीन उत्पाद लाइन के साथ अपग्रेड करें और उनका जीवनशैली उनकी श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से समर्थित पेंट्स के साथ अपग्रेड करें। इस प्रचार में कई उत्पादों की पेशकश की जाती है, जिसमें हीरो सुपर प्रीमियम 5 इन 1 इंटीरियर इमल्शन, केयरवुड वुडकोटिंग्स - मेलामाइन और 1केपीयू, मैजिक ब्रशेस और रोलर्स रेंज, और सुपरलैक इनैमल - पीयू सैटिन शामिल हैं। जीरो वोसी, सक्रिय स्टेन गार्ड प्रौद्योगिकी, एंटी-वायरल डिफेंस, सच्ची टोन प्रौद्योगिकी, और श्रेष्ठ-इन-क्लास वॉशेबिलिटी जैसी अनोखी विशेषताओं के साथ, हीरो 5 इन 1 नवीनतम बाजार की वृद्धि है, जो एक सस्ते मूल्य पर अमूर्त प्रोडक्ट गुणवत्ता, विशेषताएं और प्रदर्शन प्रदान करता है। इस उत्पाद को अधिकतम एंटी-वायरल डिफेंस और गैर-साइटोटॉक्सिक गुणों के साथ प्रमाणित किया गया है।

### हाइपरटेंशन को लेकर जागरूकता शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लंग्स ट्रांसप्लांट सही मायने में इंसानों द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में की जाने वाली सबसे जटिल प्रक्रिया है। अहमदाबाद का मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल लंग्स ट्रांसप्लांट का एक मान्यता प्राप्त केंद्र है। लंग्स ट्रांसप्लांट ही इडियोपैथिक पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन के इलाज का सबसे सही तरीका है। आईपीएएच उसको प्राइमरी पल्मोनरी हाइपरटेंशन भी कहा जाता है, जिसके लक्षण 20 और 30 साल की उम्र में दिखाई देते हैं। यह युवाओं में अचानक होने वाली मौत का कारण बनता है, और तुरंत होने वाली कार्डियक डेथ (दिल की बीमारी से मौत) की वजहों में से एक है। आईपीएएच के लक्षणों में साँस लेने में तकलीफ, तुरंत थकावट, सीने में दर्द, बेहोशी और कार्डियक डेथ जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इस तरह के लक्षण धीरे-धीरे बढ़ते रहते हैं।

### एमवे इंडिया ने किया सीरम को लॉन्च




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लगातार विकसित हो रहे उपभोक्ताओं की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट रूप से स्वस्थ सुंदरता प्रदान करने के अपने प्रयास में अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट-सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने हाल ही में आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+एचए3 डेली सीरम को लॉन्च करके अपनी आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन रेंज को और मजबूत किया है। यह डेली हीरो सीरम उज्ज्वल, दीप्तिमान त्वचा और स्पष्ट रूप से स्वस्थ, युवा चमक के लिए बेहतर हाइड्रेशन प्रदान करता है। सभी प्रकार की त्वचा के लिए सार्वभौमिक रूप से सुरक्षित आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+एचए3 डेली सीरम सहजता से आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन रेंज का पूरक है, जिसमें आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन एंटी-एजिंग और बैलेंसिंग एवं हाइड्रेटिंग रेंज शामिल हैं। नए लॉन्च के बारे में बात करते हुए एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा, एमवे इंडिया में हम अपने उपभोक्ताओं की गतिशील जरूरतों से प्रेरित होकर निरंतर विकास की स्थिति में हैं। हम त्वचा की देखभाल के लिए आवश्यकता-आधारित सिफारिशें प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं के साथ सहजता से मेल खाती हैं।

## ऑस्ट्रेलिया टेस्ट दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित

**सेंट जॉन्स।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने अपने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 15 खिलाड़ियों के टीम की घोषणा कर दी है। टीम में सात अनकैप्ड खिलाड़ियों बल्लेबाज ज़ाचरी मैक्कास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, केविन सिंक्लेयर, तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ शामिल हैं। क्रैग ब्रैथवेट को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। तेज गेंदबाज अल्ज़ारी जोसेफ को ब्रैथवेट के डिप्टी के रूप में नामित किया गया है। श्रृंखला, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र का हिस्सा है, में दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद वेस्टइंडीज फिलहाल छठे स्थान पर है। अपने प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बाद भी मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स का मानना है कि चुनी गई टीम ऑस्ट्रेलिया में अच्छे ब्रांड की क्रिकेट खेलने में सक्षम है।

# इडियोपैथिक पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन को लेकर जागरूकता शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद लंग्स और हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जरी की सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराता है मैरिंगो सीआईएमएस ने पश्चिमी भारत में मल्टी-ऑर्गन ट्रांसप्लांट के केंद्र के तौर पर अपनी पहचान बनाई है इस अस्पताल में 5 अलग-अलग तरह के ट्रांसप्लांट (लंग्स, हार्ट, लिवर, किडनी और बोन-मैरो) की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। लंग्स ट्रांसप्लांट सही मायने में इंसानों द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में की जाने वाली सबसे जटिल प्रक्रिया है। अहमदाबाद का मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल लंग्स ट्रांसप्लांट का एक मान्यता प्राप्त केंद्र है। लंग्स ट्रांसप्लांट ही इडियोपैथिक पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन के इलाज का सबसे सही तरीका है। उसको प्राइमरी पल्मोनरी हाइपरटेंशन भी कहा जाता है, जिसके लक्षण 20 और 30 साल की उम्र में दिखाई देते हैं। यह युवाओं में अचानक होने वाली मौत का कारण बनता है, और तुरंत होने वाली कार्डियक डेथ (दिल की बीमारी से मौत) की वजहों में से एक है।

साँस लेने में तकलीफ, तुरंत थकावट, सीने में दर्द, बेहोशी और कार्डियक डेथ जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इस तरह के लक्षण धीरे-धीरे बढ़ते रहते हैं। इसी वजह से मैरिंगो सीआईएमएस अस्पताल की ओर इस बीमारी - इडियोपैथिक पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

# पल्टन ने पुणे लेग के अंतिम मैच में बुल्स को हराया

**पुणे, एजेंसी**



मेजबान पुनेरी पल्टन ने श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन के पुणे लेग के अंतिम मैच में बेंगलुरू बुल्स को 43-18 के अंतर से हरा दिया। पल्टन छह मैचों में पांचवीं जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर कायम हैं जबकि बुल्स सात मैचों में पांचवीं हार के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं।

पल्टन ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार ऊर्जा दिखाते हुए रेड और डिफेंस में 17-17 अंक बटोरे जबकि बुल्स उनके सामने कहीं नहीं टिक सके। बुल्स को रेड में 10 और डिफेंस में 8 अंक मिले। बुल्स के लिए रोहित नांदल (6) ने हाई-5 लगाया जबकि विकास कंडोला ने 5 अंक बटोरे। पुणे के लिए मोहम्मदरेजा शादलू ने हाई-5 लगाया और मोहित गोयत ने 8 अंक अपने नाम किए। लगातार चार हार के बाद जीत की पटरी पर लौटी बुल्स एक बार फिर बेपटरी हो गई। पल्टन के डिफेंस और रेड विभाग ने बेहतरीन शुरुआत की और चौथे मिनट में अपनी टीम को 6-1 की लीड दिला दी।

बुल्स टीपर आलआउट का खतरा था और इसे अंजाम देकर पल्टन ने 10-2 की लीड ले ली। पुणे की टीम यहीं नहीं रुकी और जल्द ही अपनी लीड 15-2 कर ली। बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन कंडोला ने इसे टाल दिया। फिर बुल्स के डिफेंस ने मोहित को बाहर भेज लगातार दूसरा अंक बटोरा। भरत पहले ही बाहर थे और ब्रेक के बाद कंडोला भी आउट कर दिए गए। अब तक बुल्स ने सात फेल्ड टैकल किए थे जबकि पल्टन ने सिर्फ एक गलती की थी। उसने एक और शिकार कर अपनी लीड 18-4 कर ली। इसके बाद पल्टन ने बुल्स को दूसरी बार आलआउट कर 22-5 की लीड ले ली। पल्टन के डिफेंस ने गरज जारी रखा। शादलू ने दूसरा टैकल कर अपनी टीम को 26-6 से आगे कर दिया। मोहित ने डू ओर डाई रेड पर अमन को आउट कर बुल्स को फिर सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया लेकिन कंडोला ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ टीम की वापसी कराई।

# कोविड का नया वायरस नहीं कर पाएगा शरीर पर हमला, जब डाइट में शामिल करेंगे ये चीजें



देश में फैले नए कोविड के वेरिएंट श्रछ1 ने चिंता बढ़ा दी है। भारत में भी इस वेरिएंट के मामले सामने आ चुके हैं। जहां इस वेरिएंट का पहला मामला केरल में सामने आया था अब वहीं क्रिसमस और न्यू ईयर के मौके पर श्रछ1 के बढ़ते मामलों को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने पहले ही एडवायजरी जारी कर दी है। वहीं भारत सरकार भी बढ़ते मामलों के लेकर अलर्ट हो गई है। ऐसे में आपको अभी घबराने की जरुरत नहीं है अपनी डाइट में आप कुछ इम्यूनिटी बूस्टर फूड्स शामिल करके कोविड का खतरा कम कर सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कुछ ऐसे फूड्स जो आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करेंगे। आइए जानते हैं....

**लहसुन**

लहसुन शरीर के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसका सेवन इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए किया जा सकता है। लहसुन को कूटकर पेस्ट बना लें और इसमें शहद मिला लें। पेस्ट को सुबह या शाम लें इससे भी आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनेगी।

**सेब का सिरका**

यह भी शरीर को कई तरह की बीमारियों से दूर रखने में मदद करता है। इसका सेवन करने के लिए 1-2 ढक्कन सिरका कटोरी में डालें अब इसमें 2 लहसुन को 1-2 घंटे के लिए भिगो कर रख दें। इसके बाद लहसुन का सेवन करें। ऐसे लहसुन खाने से आपकी इम्युनिटी मजबूत बनेगी और शरीर को भी गर्माहट मिलेगी।

**अदरक**

अदरक की मदद से आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनेगी। 1 चम्मच कूटा हुआ अदरक और 1 कप पानी को गर्म होने के लिए गैस पर रखें। इसमें कूटी हुई अदरक को कुछ देर के लिए उबाल दें। अब इस पानी को छानकर गुनगुना होने के लिए पिएं। हफ्ते में 1 बार ऐसा करें। इम्यूनिटी मजबूत भी बनेगी और नए वेरिएंट से भी आपका बचाव होगा।

**कीवी**

इसमें विटामिन-सी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है और मौसमी बीमारियों से भी शरीर का बचाव होता है। कीवी को धोकर छीलकर खाएं। इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ-साथ इससे पाचन तंत्र मजबूत बनेगा और स्किन भी ग्लोइगं बनेगी।

**ग्रीन टी**

ग्रीन टी की मदद से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत बनेगी। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को इम्यूनिटी को मजबूत बनाकर शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**जेएन1 वेरिएंट के लक्षण**

. तेज बुखार
. लगातार खांसी
. गले में दर्द
. नाक बंद या जाम होना
. बिना काम किए थकान रहना
. नाक बहना
. माइग्रेन सिरदर्द
. उल्टी–दस्त की समस्या

इस वेरिएंट से बचाव करना चाहते हैं तो इन सभी चीजों को आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

# कहीं आप भी तो नहीं देते 4 साल से छोटे बच्चों को कफ सिरप?

भारत की दवा नियामक डीसीजीआई ने चार साल से कम उम्र के बच्चों को सर्दी और खांसी के लिए दिए जाने वाले कफ सिरप पर रोक लगा दी है। डीसीजीआई ने हाल ही में सभी राज्यों को एक लेटर लिखा है जिसमें उन्होंने दो दवाईयों क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन के कॉकटेल का प्रयोग करके बनाए गए सिरप की पैकेजिंग पर लेबलिंग इसी के अनुसार, करने के लिए कहा है। इन दवाईयों के मिश्रण से तैयार किए गए सिरप या गोलियों का इस्तेमाल सामान्य सर्दी के लक्षणों को कम करने के लिए किया जाता है। इस सीरप पर प्रतिबंध सीरप के इस्तेमाल से दुनियाभर में 141 बच्चों की मौत को मद्देनजर रखते हुए लिया गया है। ऐसे में सभी ड्रग कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन दोनों दवाइओं का इस्तेमाल से तैयार सिरप की लेबलिंग तुरंत अपडेट की जाए।

**समिति ने की मांग**

राज्यों को लिखे गए लेटर में समिति ने कहा है कि-क्लोरफेनिरामाइन मैलेट आईपी 2 एमजी फिनाइलफ्राइन एचसीआई आईपी 5एमजी ड्रॉप,एमएल की फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन को प्रोफेसर कोकाटे की समिति के द्वारा तर्कसंघत घोषित कर दिया गया है। समिति की सिफारिश के आधार पर इस कार्यालय ने 18 महीने के नीतिगत निर्णय के तहत 17 जुलाई 2015 को विषय एफडीसी के निरंतर विनिर्माण और विपणन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किया है।




**बच्चों में आ रही समस्याएं**

इस लेटर में आगे कहा गया है कि-शिशुओं के लिए अस्वीकृत एंटी-कोल्ड ड्रग फॉर्मूलेशन को बढ़ावा देने के बाद से ही यह समस्याएं सामने आ रही हैं। इस मामले पर हालांकि पूरे तरीके से कंपनी विचार किया था। विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी-पल्मोनरी) की बैठक 6 जून 2023 को हुई है जिसमें क्लोरफेनिरामाइन मैलेट आईपी 2एमजी़ फिनाइलफ्राइन एचसीएल आईपी 5 एमजी ड्रॉपध्एमएमल के एफडीसी के प्रयोग के संबंध में मुद्दे के आलोक में समिति के सामने चर्चा की गई है।

**बच्चों में दिख सकते हैं ये साइड इफेक्ट**

इस मामले में बाल रोग एक्सपर्ट्स का कहना है कि-1 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए क्लोरफेनिरामाइन मैलेट़ फिनाइलफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड की सलाह नहीं दी जाती है, 2-4 साल के बच्चों के लिए इसका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करने के लिए कहा जाता है। भले ही ये दवाई लिखी गई हो लेकिन इसका इस्तेमाल बहुत ही कम समय और कम डोज के लिए किया जाना चाहिए। बेहोश होने जैसे इसके साइड इफेक्ट भी हो सकते है। एसईसी की सिफारिश के बाद ही डिजीसीआई ने यह निर्णय लिया है और सभी निर्माताओं को लेबल और पैकेज के प्रचार पर चेतावनियों का उल्लेख करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह दवा 4 साल से कम उम्र के बच्चों को बिल्कुल भी न दी जाए।

# हर मन्नत पूरी करते हैं बाबा मछिन्द्र नाथ



मंडी जिला के जोगिंद्रनगर कस्बे से सरकाघाट-घुमारवीं मुख्य सडक़ पर महज 8 किमी. दूर रणा खड्ड के किनारे बाबा मछिन्द्र नाथ का पवित्र स्थान मच्छयाल स्थित है। कहते हैं कि हजारों वर्ष पूर्व इस स्थान के प्राकृतिक सौंदर्य से वशीभूत होकर बाबा मछिन्द्र नाथ ने कई वर्षो तक यहां तपस्या की थी। इस स्थान पर रणा खड्ड में प्राकृतिक तौर पर लगभग 300 से 400 मीटर दायरे में बने सात तटबंधों के बीच वाले क्षेत्र में स्थित मछलियों को भगवान विष्णु जी के मत्स्य अवतार को बाबा मछिन्द्र नाथ के रूप में पूजा जाता है। जानकार कहते हैं कि मत्स्य पुराण में मछलियों को पूजा जाने का उल्लेख मिलता है तथा मत्स्य पुराण 18 पुराणों में से एक पुराण है। जिसमें मत्स्य अवतार से जुड़े कई रहस्यों की जानकारी मिलती है। मच्छयाल स्थित रणा खड्ड में मछलियों को आटा खिलाने से जहां लोग कई दोषों से मुक्ति पाते हैं, तो वहीं मनोकामना को पूर्ण करने की मन्नतें भी मांगते हैं। कहते हैं सच्चे मन से मांगी गई मन्नत को बाबा मछिन्द्र नाथ पूर्ण करते हैं। साथ ही निस्संतान श्रद्धालु जहां बच्चे होने की, तो वहीं अविवाहित लोग विवाह होने की मन्नत भी मांगते हैं। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु ढ़ोल नगाड़ों के साथ जातर लाकर बाबा मछिन्द्र नाथ के दर्शन करते हैं तथा प्रसाद चढ़ाते हैं साथ ही मछलियों को आटा भी खिलाते हैं। मन्नतें पूरी होने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा मछिन्द्र नाथ के दर्शनार्थ यहां पहुंचते हैं। माया कुंड के पानी से दूर होते हैं चर्म रोग-मच्छयाल स्थित बाबा मछिन्द्र नाथ के परिसर में प्राकृतिक तौर पर पत्थरनुमा चट्टान में एक बड़ा प्राकृतिक सुराख है। जिसमें वर्षभर पानी भरा रहता है, जिसे माया कुंड के नाम से जाना जाता है। कहते हैं इस पानी को नियमित तौर पर लगाने से कई तरह के चर्म रोग ठीक होते हैं।

# सैलानियों को लुभा रहे हैं खूंटी के दर्जनों मनोरम पर्यटन स्थल

भगवान बिरसा मुंडा, शहीद गया मुंडा जैसे वीरों और जयपाल सिंह मुंडा जैसे खिलाड़ियों की धरती खूंटी को प्रकृति ने मुक्त हस्त से घने जंगल, पहाड़, नदी और जल प्रपात सहित कई सौगातें दी हैं, जो सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। वैसे तो खूंटी जिले के पर्यटन स्थलों पर सालों भर घूमने-फिरने के शौकीनों का आना-जाना लगा रहता है, पर नवंबर से फरवरी तक इन स्थलों पर ऐसी भीड़ उमड़ती है कि तिल रखने की जगह नहीं रहती। एक नजर डालते हैं खूंटी जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर।

**पेरवांघाघ :** राज्य के सबसे सुंदर जलप्रपातों में शुमार पेरवांघाघ जल प्रपात तोरपा प्रखंड मुख्यालय से 16 किलोमीटर और जिला मुख्यालय खूंटी से 44 किलोमीटर की दूरी पर घने जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित है। पेरवांघाघ कों कबूतरों का घर भी कहा जाता है। नागपुरी भाषा में कबूतर को पेरवां कहा जाता है। कारो नदी पर स्थित इस जलप्रपात का नाम पेरवांघाघ पड़ा।





हरे-भरे साल के वृक्षों और मनोरम हरी-भरी पहाड़ियों की सुंदर पृष्ठभूमि के बीच स्थित यह जलप्रपात झारखंड के आकर्षक पर्यटन स्थलों में से एक है। रांची से इसकी दूरी लगभग 110 किलोमीटर है।

**उलूंग जल प्रपात :** खूंटी से लगभग 70 किलोमीटर और रांची से लगभग 105 किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ियों के बीच आनंदमयी सड़क का यात्रा करके आप उलूंग जलप्रपात पहुंच सकते है। यह रनिया प्रखंड की डाहू पंचायत में स्थित है। यह जलप्रपात सिमडेगा और खूंटी जिले की सीमाओं की कायल नदी पर स्थित है। लगभग दो किलोमीटर से अधिक खंड पर अनगिनत झरनों का आप आनंद उठा सकते है। हालांकि यहां जाने के लिए सड़क की अच्छी सुविधा नहीं है। इसके कारण यहां सैलानियों का आवागमन कुछ कम है।

**रीमिक्स जलप्रपात :** खूंटी से दशम जलप्रपात जाने के मार्ग पर दशम जल प्रपात(खूंटी जिले का भाग) से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है खूंटी का और एक मनोरम पर्यटन स्थल रीमिक्स जलप्रपात। यह खूंटी जिले की तारूबा पंचायत के दीरीगड़ा गांव में स्थित है। इस सुरमयी जलप्रपात से रांची की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। यह जलप्रपात सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है, जो पुराने दशम लप्रपात मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। हर वर्ष यहां लाखों सैलानियों की भीड़ उमड़ती है।

**पंचघाघ जलप्रपात:** खूंटी-चाईबासा मुख्य मार्ग पर खूंटी जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर और रांची से 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पंचघाघ जलप्रपात मुरहू प्रखंड में स्थित है। यहां पांच झरनों का मेल होता है। इसलिए इसे पंचघाघ फॉल कहते हैं। पंचघाघ बनई नदी की पांच धाराओं का घर है, जहां वे आती और गिरती हैं। जल प्रपात नीली पहाड़ी और पांच गांव कोलम्दा, कुड़की, कोड़ाकेल और घघारी से घिरा हुआ है। यह एक जलाशय जैसी संरचना है, जहां सभी आयु वर्ग के लोग तैराकी और स्नान का आनंद लेते है।

**पेलौल डैम :** पेलौ डैम खूंटी जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। खूंटी-सिमडेगा मार्ग पर स्थित यह मानव निर्मित जलाशय लोगों के आकर्षण का केंद्र है। यहां प्राकृतिक पर्यटन और पैन कल्चर का आनंद उठाया जा सकता है।

**रानी जलप्रपात :** खूंटी-तमाड़ रोड पर मुरहू प्रखंड के कोटाना गांव में स्थित रानी जलप्रपात की दूरी खूंटी से महज 15 किलोमीटर है। सजना नदी को इस स्थल पर एक आश्चर्यजनक और प्रसंसनीय दृश्य प्रदान करता है। यह स्थान अपने जल प्रवाह और रेत के किनारो के लिए प्रसिद्ध है, जो इसे पर्यटन की दृष्टि से काफी शानदार बनाता है। जलप्रपात के साथ कई सड़क भी बनाई बनाई गई है, जो इस जलाशय को शानदार प्राकृतिक सुंदरता का नजारा लेने के लिए व्यू प्वाइंट तक पहुंचाती हैं।